राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 30 मार्च 2026
वर्ष 07, अंक 176, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

अम्बेडकर नगर के मुकदमे को लेकर अधिवक्ताओं में रोष, निष्पक्ष जांच की उठी मांग...03

दल्ली में नकली ब्रांड का खेल, उत्तम नगर में छापेमारी; हार्पिक ब्रांड की फर्जी बोतलें बरामद...12

# खोखली हो चुकी है सपा की राजनीतिक जमीन... ब्रजेश पाठक का अखिलेश पर हमला

**ब्रजेश पाठक ने अखिलेश यादव पर दादरी रैली को लेकर तीखा हमला बोला है. उनका कहना है कि यह रैली फ्लॉप रही और सपा की राजनीतिक जमीन खोखली हो चुकी है. पाठक ने अखिलेश पर महापुरुषों का अपमान करने और जातिवाद की राजनीति करने का आरोप लगाया**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दादरी में आज एक रैली की थी, जिसको लेकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उन पर तीखा हमला बोला है. उनका कहना है कि सपा की राजनीतिक जमीन अब खोखली हो चुकी है. उन्होंने कहा कि दादरी में हुआ गुर्जर सम्मेलन सपा के मुखिया अखिलेश यादव की राजनीतिक हकीकत को उजागर कर गया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि महीनों की तैयारी और 100 विधानसभा क्षेत्रों में अभियान चलाने के बावजूद जब समाज ने ही दूरी बना ली, तो यह साफ हो गया कि लोगों का भरोसा अब अखिलेश यादव के साथ नहीं है. उन्होंने नोएडा में हुई सपा प्रमुख की रैली को फ्लॉप करार देते हुए कहा कि खाली पड़ी कुर्सियों ने सपा के जमीनी हालात को उजागर कर दिया है।

**अखिलेश पर भड़के ब्रजेश पाठक**

डिप्टी सीएम ने कहा कि सबसे गंभीर बात यह है कि सम्राट मिहिर भोज जैसे महान राष्ट्र नायक के सम्मान के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया, उसने सपा की मानसिकता को उजागर कर दिया. उन्होंने कहा कि महापुरुषों का नाम लेकर समाज को बांटने की कोशिश करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि हमारी गौरवशाली परंपरा के साथ अन्याय भी है।

**उत्तर प्रदेश की पहचान**

उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश एक बड़े ट्रांसफॉर्मेशन के दौर से गुजर रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं दूरदर्शी मार्गदर्शन में प्रदेश ने कानून व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश और रोजगार, हर क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव देखा है. उन्होंने कहा कि जेवर में बना नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, एक्सप्रेसवे नेटवर्क, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर ये सब उस नए उत्तर प्रदेश की पहचान हैं, जो नए अवसर पैदा कर रहा है।

**'पुराने ढर्रे पर हैं अखिलेश'**

ब्रजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव अब भी उसी पुराने ढर्रे पर हैं. मुख्यमंत्री रहते हुए वो नोएडा जाने से भी बचते रहे. उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र को अखिलेश ने नजरअंदाज किया, आज वही उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का इंजन बन रहा है. उन्होंने कहा कि सपा सरकार के समय दादरी, नोएडा और ग्रेटर नोएडा अपराध और असुरक्षा के लिए बदनाम थे. उद्योग ठहर गए थे, निवेशक दूर हो गए थे. आज वही क्षेत्र निवेश, उद्योग और रोजगार का केंद्र बनकर प्रदेश के ट्रांसफॉर्मेशन की कहानी लिख रहा है।

**सोशल मीडिया पर किया पोस्ट**

डिप्टी सीएम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए भी सपा प्रमुख पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का एक ही विजन,एक ही लक्ष्य है गुंडाराज,भ्रष्टाचार और जातिवाद के वही पुराने हथकंडों से सत्ता पाना,सपा का पीडीए केवल परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ही है. उन्होंने कहा कि अखिलेश सपा के भय और आतंक के पुनर्जागरण हेतु दादरी रैली ही नहीं कितनी भी रैलियां कर लें,कितने भी रंग बदल लें,लेकिन गुंडाराज, भ्रष्टाचार और परिवारवाद का समय कब का समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि इनकी रैलियां सिर्फ नाम की है न इनका जनता से सरोकार है और न जनता का इनसे कोई सरोकार है. उन्होंने कहा कि जनता सपा के कारनामों को भूली नहीं है,दंगों की आग में न जाने कितने बेटे अनाथ हो गए, कितनी माताओं की गोद सूनी हो गई. बेटियां असुरक्षित थी, बेटों का अधिकार छीना जाता था,लूट,अपहरण के उस अंधकार के युग को जनता कभी भूल नहीं सकती और न ही इन्हें माफ करने वाली है।

**'उत्तर प्रदेश में सुशासन का राज'**

इसके आगे उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की सरकार में सुशासन का राज है, सेवा,समर्पण,सम्मान और गरीब कल्याण की नीतियों से जनता खुशहाल है,उत्तर प्रदेश अभूतपूर्व उपलब्धियों के साथ विकास के पथ तेजी से अग्रसर है. उन्होंने कहा कि जिस नोएडा की यह बात करते है, उस नोएडा के नाम से कांपते थे,अंधविश्वास के साये में विकास की मुख्यधारा से अछूते नोएडा को बीजेपी सरकार ने अंधविश्वास के अंधकार से बाहर निकालकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पुनः भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है,जनता का आशीर्वाद और विश्वास सिर्फ बीजेपी के साथ है।

# एल.पी. जी संकट के बीच पेट्रोल पंप से केरोसिन बेचने की इजाजत, सरकार ने नियमों में दी ढील

**पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 और पेट्रोलियम नियम, 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए सरकार ने 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुछ नियमों में अस्थायी छूट देने की अधिसूचना जारी की है।**



पश्चिम एशिया में चल रहे जंग की वजह से तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति पर भारी असर पड़ा है. इससे भारत को भी ईंधन संकट का सामना करना पड़ रहा है. इस संकट से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए अब घरों तक केरोसिन (मिट्टी का तेल) की आपूर्ति के लिए पेट्रोलियम सुरक्षा और लाइसेंसिंग नियमों में अस्थायी ढील दी है।

वैश्विक संकट को देखते हुए ये फैसला लिया गया है. सरकार की तरफ से जारी नोटिफिकेशन में लिखा है कि जियोपॉलिटिकल परिस्थितियों की वजह से ऊर्जा सप्लाई पर असर पड़ा है।

**नियमों में अस्थायी छूट देने की अधिसूचना**

दरअसल केंद्र सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत केरोसिन (एसकेओ) की उपलब्धता और वितरण को आसान बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है.पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 और पेट्रोलियम नियम, 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए सरकार ने 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुछ नियमों में अस्थायी छूट देने की अधिसूचना जारी की है यह फैसला मौजूदा वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण ऊर्जा आपूर्ति पर पड़े प्रभाव को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। ताकि जरूरतमंद परिवारों को खाना पकाने और प्रकाश के लिए केरोसिन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

**ये हैं मुख्य फैसले**

**पेट्रोल पंपों पर भंडारण की अनुमतिः** चयनित जिलों में अधिकतम दो सरकारी तेल विपणन कंपनियों (पीएसयू ओएमसी) के सर्विस स्टेशनों को 5,000 लीटर तक केरोसिन (एसकेओ) भंडारण की अनुमति दी गई है।

**डीलरों/एजेंटों को लाइसेंस से छूटः** केरोसिन वितरण के लिए एजेंटों और डीलरों को स्नश्रह्म्-18 के तहत अलग लाइसेंस लेने की आवश्यकता नहीं होगी।

**टैंक वाहनों को भी राहत**

फ़ार्म-19 के तहत लाइसेंस प्राप्त टैंक वाहनों को भी केरोसिन वितरण के लिए अतिरिक्त लाइसेंस से छूट दी गई है. यह छूट केवल खाना पकाने और प्रकाश के उद्देश्य से केरोसिन वितरण पर लागू होगी. किसी भी सर्विस स्टेशन पर 5000 लीटर से अधिक भंडारण की अनुमति नहीं होगी. सभी सुरक्षा मानकों और दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करना अनिवार्य होगा. वितरण, भंडारण और आपूर्ति का पूरा रिकॉर्ड संबंधित कंपनियों द्वारा रखा जाएगा।

**इन राज्यों में होगा लागू**

इस निर्णय का लाभ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, पंजाब सहित कुल 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को मिलेगा।

**समय सीमा तक लागू**

यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है और 60 दिनों तक या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। सरकार के इस कदम से खासतौर पर उन परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद है जो अब भी केरोसिन पर निर्भर हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ओडिशा से दिल्ली तक फैले गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, मुख्य तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी दिल्ली।** पूर्वी जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड ने अंतरराज्यीय नशा तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने ओडिशा के कंधमाल जिले से गांजा की सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपित आकाश कुमार (28) को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने इसके दो साथियों गाजियाबाद निवासी अकबर और फिरोज खान गिरफ्तार किया था। इनके पास से 21 किलो गांजा व 46 ग्राम स्मैक बरामद हुई थी।

**ओडिशा तक फैला है गिरोह**

पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार रावल ने बताया कि नशा तस्करों पर नकेल कसने के लिए नारकोटिक्स स्क्वाड के इंचार्ज अरुण कुमार के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई थी। टीम ने गाजियाबाद के दो तस्करों को पिछले सप्ताह खिचड़ीपुर से गिरफ्तार किया था। आरोपितों से पूछताछ करने पर पता चला कि ओडिशा तक गिरोह फैला हुआ है। गांजा ओडिशा से आता है। पुलिस की एक टीम ओडिशा के लिए रवाना हुई। इनकी निशानदेही पर पुलिस मुख्य तस्कर को ओडिशा के डिगल से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि जंगलों में उगने वाले गांजा को वह अवैध तरीके से इकट्ठा कर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करता था। वह पिछले दो-तीन साल से इस अवैध धंधे में शामिल था।

### झारखंड का शातिर शराब तस्कर दिल्ली पुलिस के हत्थे चढ़ा, 3 साल से चकमा दे रहा था भगोड़ा

**पश्चिमी दिल्ली।** पश्चिमी जिला पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान झारखंड के रामगढ़ निवासी सुनील राय (28) के रूप में हुई है, जो वर्ष 2023 से कानून की नजरों से बचकर झारखंड और दिल्ली के बीच अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था। आरोपित के काम करने का तरीका बेहद शातिर था। 2023 में तीस हजारी कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित किए जाने के बाद, वह लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। वह दिल्ली में मजदूरी की आड़ में छिपकर रह रहा था ताकि पुलिस की रडार से बाहर रह सके। वह तकनीकी सर्विलांस से बचने के लिए भी सावधानी बरत रहा था। उपायुक्त डी शरद भास्कर के निर्देशन में एएटीएस की एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने तकनीकी विश्लेषण और गुप्त सूचनाओं के आधार पर आरोपित के बारे में लगातार जानकारी जुटा रही थी। इसी दौरान 27 मार्च को सटीक सूचना मिलते ही पुलिस ने शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के पास से उसे पकड़ लिया। आरोपित के खिलाफ पंजाबी बाग थाने में मामला दर्ज था। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि फरारी के दौरान उसने किन अन्य अपराधों को अंजाम दिया है।

# सुनवाई शुरू हुए बिना आरोपी को जेल में रखना सज़ा के समानः सुप्रीम कोर्ट



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले के दौरान अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि मुकदमे की सुनवाई शुरू किए बिना ही आरोपी को जेल में रखना सज़ा के समान है. इसके साथ ही अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि आपराधिक कार्यवाही में देरी से लंबी कैद को उचित नहीं ठहराया जा सकता. पंजाब के एक व्यक्ति को जबरन वसूली और हत्या की कोशिश संबधित मामले में ज़मानत देते हुए जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी को लगभग दो साल बीत चुके हैं और ट्रायल अभी तक शुरू नहीं हुआ है. ऐसे में इसके जल्द निष्कर्ष तक पहुंचने की कोई संभावना नहीं है। इस संबंध में मंगलवार (24 मार्च) को जारी अदालत के 13 मार्च के आदेश में पीठ ने कहा है, 'अपीलकर्ता की गिरफ्तारी को लगभग दो साल बीत चुके हैं, जबकि मुकदमा शुरू ही नहीं हुआ है और इसलिए इसके निष्कर्ष का कोई आसार नजर नहीं आ रहा है. बिना ट्रायल के कारावास सज़ा के समान है।' उल्लेखनीय है कि यह फैसला प्रदीप कुमार उर्फ बानू द्वारा दायर अपील पर आया है, जिसमें उन्होंने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया था. उन्हें अप्रैल 2024 में भारतीय दंड संहिता के तहत हत्या के प्रयास और जबरन वसूली सहित कई अपराधों और आर्म्स एक्ट के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था।

# ईरान जंग के बीच अपने ही देश में घिरे ट्रंप

● **नीतियों के खिलाफ अमेरिका में बड़े प्रदर्शन, लाखों लोग हुए शामिल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आव्रजन और विदेश नीति के खिलाफ अमेरिका के लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। इसी क्रम में पूरे अमेरिका में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। हजारों लोग 'नो किंग्स' के बैनर तले एकजुट हुए और राष्ट्रपति की नीतियों के खिलाफ अपना आक्रोश दिखाया। आयोजकों ने बताया कि ये प्रदर्शन एक सुनियोजित राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा थे, जिसके तहत पूरे देश में 3,000 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सेंट पॉल स्थित मिनेसोटा स्टेट कैपिटल में हुई मुख्य रैली में सबसे अधिक भीड़ जुटी, जिसमें अनुमान के मुताबिक 2 लाख से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि




अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में 'नो किंग्स डे' प्रदर्शनों में 80 लाख से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।

प्रदर्शनकारियों ने मार्च निकाला, नारे लगाए और ट्रंप प्रशासन की आलोचना करने वाले पोस्टर-बैनर लहराए। उनका खास निशाना प्रशासन की आव्रजन से जुड़ी सख्त कार्रवाई और ईरान के साथ चल रहे विवाद में उसकी भूमिका थी। कई शहरों में प्रदर्शनकारी मुख्य सड़कों पर कतार बनाकर खड़े हो गए, जबकि कुछ लोग सार्वजनिक चौराहों पर इकट्ठा होकर एक साथ नारे लगाते हुए और तख्तियां लहराते हुए विरोध जता रहे थे।

सेंट पॉल (मिनेसोटा) में हुई रैली इस दिन का सबसे अहम कार्यक्रम था। इसमें कई जाने-माने राजनेता और मशहूर सांस्कृतिक हस्तियां शामिल हुईं।

गवर्नर टिम वॉल्ज ने भीड़ को संबोधित किया और सिंगर ब्रूस स्प्रिंगस्टीन का परिचय कराया, जिन्होंने इस मौके पर एक गीत भी गाया। सीनेटर बर्नी सैंडर्स, जोन बेज, मैगी रोजर्स और जेन फोंडा जैसी कई अन्य जानी-मानी हस्तियां भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं।

### गौतमबुद्ध नगर पुलिस की बड़ी कार्रवाईः तीन साल में 1920 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, नशे का नेटवर्क ध्वस्त

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस मादक पदार्थ तस्करों का लगातार नेटवर्क तोड़ रही है। बंगाल, बिहार ओडिशा, विशाखापट्टनम आदि जगह से ट्रेन और ट्रक से माल के बीच छिपाकर गांजा लाकर एनसीअर में खपाने वाले पर भी शिकंजा कस रही है। बीते तीन साल में 1681 मामले दर्ज कर 1920 मादक पदार्थ तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। कई बदमाशों पर गैंग्स्टर लगाने के अलावा संपत्ति भी कुर्क करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस एक जनवरी 2023 से 31 जनवरी 2026 तक नारकोटिक्स कानून के तहत 1681 मामले दर्ज कर चुकी है। इन मामलों में 1920 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इनसे करीब 7270 किलो गांजा, नौ किलो से ज्यादा चरस, 105 किलो एमडीएमए (सिंथेटिक ड्रग), 500 ग्राम ओजी गांजा, नौ किलो डोडा, 630 ग्राम नशीला पाउडर और 885 नशीली गोलियां बरामद की गई हैं। इसके अलावा 3373 ई-सिगरेट भी बरामद की गई हैं।

# दिल्ली HC ने केवीएस शिक्षक का स्थानांतरण रखा बरकरार, बाइपोलर डिसऑर्डर को मेडिकल दिव्यांगता नहीं माना

● **दिल्ली हाई कोर्ट ने केवीएस शिक्षक का स्थानांतरण बरकरार रखा।**

● **बाइपोलर डिसऑर्डर को मेडिकल दिव्यांगता नहीं माना गया।**

● **स्थानांतरण नौकरी का एक अनिवार्य हिस्सा है।**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) के एक शिक्षक के स्थानांतरण को दिल्ली हाई कोर्ट ने यह कहते हुए बरकरार रखा कि स्थानांतरण नौकरी का एक हिस्सा है और स्थानांतरण हो सकने वाले पद पर काम करने वाला कर्मचारी अपने अधिकार के तौर पर किसी खास जगह पर तैनाती की मांग नहीं कर सकता।

याचिका खारिज करते हुए न्यायमूर्ति अनिल क्षत्रपाल व न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने कहा कि अगर दिव्यांगता प्रमाण पत्र न हो, तो बाइपोलर डिसऑर्डर के संबंध में लागू स्थानांतरण नीति मेडिकल दिव्यांगता वाले नियम के तहत नहीं आता।

**कुछ खास मामलों में ही मान्यता दी**

याचिकाकर्ता ने दिल्ली से बाबूगढ़ कैंट स्थित केंद्रीय विद्यालय में स्थानांतरण रोकने से इन्कार करने के केंद्रीय प्रशासनिक ट्रिब्यूनल (कैट) के आदेश को चुनौती दी थी।

केवीएस में प्राइमरी टीचर के तौर पर कार्यरत याचिकाकर्ता अपने स्थानांतरण में बदलाव की मांग करते हुए तर्क दिया था कि उन्हें बाइपोलर अफेक्टिव डिसआर्डर है और उन्हें लगातार मेडिकल इलाज के साथ-साथ परिवार के सहारे की भी जरूरत है।

यह भी तर्क दिया था कि अधिकारियों ने दिव्यांगता अधिनियम के तहत जरूरी उचित सुविधा मुहैया नहीं कराई। हालांकि, उनकी मांग को अदालत ने यह नोट करते हुए ठुकरा दिया कि 30 जून 2023 से लागू स्थानांतरण नीति में मेडिकल आधारों को सिर्फ कुछ खास मामलों में ही मान्यता दी गई है। इनमें 50 प्रतिशत से ज्यादा मानसिक दिव्यांगता वाली कोई दूसरी बीमारी भी शामिल है।

**दिव्यांगता के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं पेश किए**

अदालत ने रिकॉर्ड पर लिया कि याचिकाकर्ता की तरफ से बाइपोलर डिसआर्डर का इलाज होने के संबंध में चिकित्सकीय दस्तावेज पेश किए गए थे, लेकिन मानसिक दिव्यांगता के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं पेश किए। पीठ ने कहा कि ऐसे में अधिकारियों एवं ट्रिब्यूनल का याचिकाकर्ता का मामला मेडिकल दिव्यांगता श्रेणी में नहीं आने का निष्कर्ष निकालने को मनमाना या गलत नहीं कहा जा सकता।

### पति की मौत के बाद BSA के पास दस्तावेज संग पहुंची पत्नी, बोली- मैं ही हूं असली

**ब्यूरो प्रयागराज।** वाराणसीबेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां एक महिला दस्तावेजों संग बीएसए कार्यालय पहुंची और दावा किया कि वह मृत शिक्षक की असली पत्नी है। महिला ने अफसर के सामने हाथ जोड़कर गुहार लगाई है कि इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेज उसके पास है और परिवार का पूरा विवरण भी दस्तावेजों में मौजूद है। बीएसए कार्यालय पहुंची मिथलेश देवी ने अधिकारियों से कहा कि वह स्वर्गीय रामवृक्ष की असली पत्नी है, जबकि एक महिला खुद को उनकी पत्नी होने का दावा करके विभाग से लाभ लेने की कोशिश कर रही है। मिथलेश देवी ने दस्तावेज और बच्चों संग मृत शिक्षक की तस्वीर दिखाकर बीएसए को आवेदन पत्र सौंपा और न्याय की मांग की है। दरअसल, रामवृक्ष चोलापुर क्षेत्र के पलकहा प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। रामवृक्ष की 11 दिसंबर को मृत्यु हो गई। खुद को मृत शिक्षक की पत्नी होने का दावा करने वाली मिथलेश देवी ने बताया कि उनकी मौत के बाद विवाद शुरू हो गया और एक दूसरी महिला खुद को उनकी पत्नी होने का दावा कर रही है। मिथलेश देवी ने बताया कि वह महिला गाजीपुर की रहने वाली है और पहले से ही शादीशुदा है। इसके बावजूद वह विभाग को गुमराह कर सरकारी लाभ लेने की फिराक में है।

### सीआरपीएफ कांस्टेबल भर्ती घोटाले में पूर्व डीआईजी सहित तीन को सजा, सीबीआई कोर्ट ने 17 साल पुराने मामले में सुनाया फैसला



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** चर्चित सीआरपीएफ भर्ती 2009 घोटाले में लखनऊ की CBI कोर्ट में चली रही सुनवाई में बड़ा फैसला सुनाते हुए पूर्व DIG विनोद कुमार शर्मा समेत तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है. शनिवार को सीबीआई कोर्ट ने सभी दोषियों को तीन-तीन साल के कठोर कारावास और कुल 1.20 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है. करीब डेढ़ दशक से ज्यादा समय यानी 17 साल तक चले इस मामले में आखिरकार अदालत ने तीनों आरोपियों को सजा सुनाई. कोर्ट ने माना कि आरोपियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार किया।

इस मामले में पूर्व DIG विनोद कुमार शर्मा के साथ CRPF के दो कर्मी सत्यवीर सिंह और तीरथ पाल चतुर्वेदी को दोषी करार दिया गया. अदालत ने सुनवाई के बाद तीनों को कठोर कारावास की सजा सुनाई. यह मामला CRPF में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) भर्ती के दौरान घूसखोरी और अनियमितताओं का था, जिसमें चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने के आरोप लगे थे।

सीबीआई ने इस मामले को 23 फरवरी 2009 को सोर्स इनपुट के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था. जांच के दौरान सामने आया कि भर्ती प्रक्रिया में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा था. जांच एजेंसी ने पाया कि आरोपी अधिकारियों ने कई अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर एक साजिश रची थी, जिसके तहत भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों से पैसे लिए गए थे। डीआईजी शर्मा ने भर्ती कार्यक्रम और उपलब्ध रिक्तियों के बारे में बिचौलियों को पहले से ही जानकारी उपलब्ध करा दी गई थी, जिसके आधार पर संभावित उम्मीदवारों को भर्ती की गारंटी के बदले में भारी रिश्वत वसूले गए थे. एजेंसी ने एक साल के भीतर 2010 में आरोपपत्र दाखिल किया, जिसके बाद 2012 में दूसरा आरोपपत्र दाखिल किया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## सरिया लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर पलटी, चालक दबा, हालत गम्भीर

**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया थानाक्षेत्र के बिहरा-दुबौलिया मार्ग पर रविवार की सुबह सरिया लाद कर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली रविवार सुबह अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर के नीचे चालक दब गया। चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़े और काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकला। सूचना पर एम्बुलेंस, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची। एंबुलेंस की मदद से चालक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। हादसा रविवार सुबह करीब 9:15 बजे हुआ। हरैया थानाक्षेत्र के बिहरा-दुबौलिया मार्ग पर रौताईनपुर गांव के पास सरिया लादकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर सड़क के किनारे गड्ढे में चला गया। इसके चलते चालक फंस गया। अच्छी बात रही की एक जंगली पेड़ ने सरिया के लोड को रोक लिया। चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़े और काफी मशक्कत के बाद दबे चालक को बाहर निकला। पीआरबी पुलिस के अलावा फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक चालक को बाहर निकाला जा चुका था। चालक की पहचान सुरेंद्र पुत्र हरिओम निवासी ओझागंज थाना कप्तानगंज जिला बस्ती के रूप में हुई। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज में भर्ती कराया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## जमीनी विवाद मे अधिवक्ता के परिजनों को मारा पीटा, दोषियों पर कार्यवाही की मांग



**बस्ती।** बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में अधिवक्ता सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने जमीनी विवाद को लेकर हुये मारपीट के मामले में दोषियों को गिरफ्तार किये जाने की मांग पुलिस प्रशासन से किया है। लालगंज थाना क्षेत्र के कोप निवासी सत्येन्द्र कुमार ने कहा है कि गत 18 मार्च को गांव के ही शिवचरन, दुर्योधन, अमृता, प्रिस, सरोज, शिवपत, गौरी, सरस्वती, रिशू, दुर्गावती, आंचल, नेहा, हिमांशु, रंजीत, संजीव, शिवमंगल, अनीता, सोनी आदि ने उनकी चाची सत्यवती मिश्रा सहित 5 लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। लालगंज पुलिस ने सत्येन्द्र कुमार मिश्र की तहरीर पर बीएनएस 109, 352, 333 आदि की धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया किन्तु 10 दिन की अवधि बीत जाने के बावजूद किसी की गिरफ्तारी न होने के कारण विपक्षियों का मनोबल बढ गया है और वे कोई और अनहोनी घटना घटित कर सकते हैं। अधिवक्ता सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि कोप गांव में वे अपन जमीन में नीव चलवा रहे थे जिस पर शिवचरन, दुर्योधन, प्रिन्स आदि ने अनावश्यक विरोध किया और जान लेवा हमले पर उतारू हो गये। उन्होने मांग किया कि प्रकरण में दोषियों को गिरफ्तार कर उनके परिवार के जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित करायी जाय।

## सेमरा मुस्तहकम गांव में दो पक्षों में मारपीट 80 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

### मौके पर पहुंची दुबौलिया पुलिस कलवारी सर्कल के सीओ संजय सिंह नहीं पहुंचे मौके पर गांव में तनाव बरकरार



**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के सेमरा मुस्तहकम गांव में बीती रात पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। करीब साढ़े नौ बजे दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें 80 वर्षीय बुजुर्ग राम कुबेर गौड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि राम कुबेर गौड़ और विपिन यादव के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। बीती रात कहासुनी के बाद मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। घटना में गंभीर रूप से घायल राम कुबेर गौड़ को कैली अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं, एक पक्ष से राहुल और रामू घायल हैं, जबकि दूसरे पक्ष के विपिन यादव को भी चोटें आई हैं। सभी घायलों का इलाज जारी है। सूचना मिलते ही दुबौलिया थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हालात को काबू में किया। इसके बाद सीओ कलवारी संजय सिंह और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जिसे देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच में जुटी है।

# आयुक्त सभागार में शासन की प्राथमिकताओं एवं विभिन्न जनकल्याणकारी विकासपरक योजनाओं की मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में शासन की प्राथमिकताओं एवं विभिन्न जनकल्याणकारी विकासपरक योजनाओं की मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की समीक्षा करते हुए उन्होंने पीएम सूर्य घर, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी, जलजीवन मिशन, लोक निर्माण एवं लोक शिकायत, सीएम डैशबोर्ड, पंचायती राज, नियोजन, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन, कृषि एवं सहकारिता सहित विकासपरक योजनाओं पर गहन समीक्षा किया। उन्होंने योजनावार अद्यतन प्रगति का जायजा मण्डलीय अधिकारियों से प्राप्त किया तथा निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष के अंत में अधूरी/अपूर्ण योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लायी जाए। अधिकारीगण त्वरित गति से वित्तीय वर्ष में योजनाओं की भौतिक सत्यापन अवश्य करें।

उन्होंने कहा कि आपकी सतत निगरानी से जनपद की रैकिंग में बेहतर सुधार हो सकता है। किसी भी दशा में रैकिंग प्रभावित न होने दें। उन्होंने अपर निदेशक पशुपालन को निर्देश दिया कि निराश्रित गोवंशों के संरक्षण हेतु सहभागिता योजना का अनुपालन करायें। इसके साथ ही भूसा एवं हरे चारे की उपलब्धता का भौतिक सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। पशुओं की जियो टैगिंग कार्य की अद्यतन प्रगति जाचें तथा ब्लाक स्तर पर सम्बन्धित अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में अभी कार्य अपूर्ण है और अधिक समय की अपेक्षा है तो शासन स्तर पर पत्राचार कर नयी समय-सीमा निर्धारित करायें तथा सीएमआईएस पोर्टल पर डाटा अपडेट अवश्य करा दें। उन्होंने कहा कि कर्मयोगी पोर्टल से सम्बन्धित/संचालित कोर्स को अवश्य पूरा करायें। अभी तक मण्डल में पुलिस विभाग की प्रगति संतोषजनक है। सभी विभागीय अधिकारी पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा के साथ इसे अवश्य पूरा करायें। अपर आयुक्त मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आईजीआरएस के प्रकरणों में पंचायत राज के 43, पिछड़ा वर्ग के 46, विद्युत के 21, शिक्षा के 10 प्रकरण प्रदर्शित हैं। अवशेष संदर्भित प्रकरणों का 31 मार्च तक अधिकारीगण इनका गुणवत्तापरक निस्तारण अवश्य करा दें। बैठक का संचालन संयुक्त विकास आयुक्त निर्मल कुमार द्विवेदी ने किया। बैठक में जिलाधिकारी बस्ती श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना, सिद्धार्थनगर शिवशरणप्पा जीएन, संतकबीरनगर आलोक कुमार, सीडीओ सार्थक अग्रवाल, बलराम सिंह, जयकेश त्रिपाठी, डीएफओ डा0 शिरीन सिद्दीकी, सीएमओ डा0 राजीव निगम, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या पूनम, उपनिदेशक पंचायत समरजीत यादव, संयुक्त शिक्षा निदेशक डा0 संजय शुक्ला, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप, भूमि संरक्षण अधिकारी डा0 राजमंगल चौधरी, वरिष्ठ सहायक सुहेल अहमद सहित मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जल निगम की टंकी के सोलर पैनल से कॉपर वायर चोरी करते हुए पकड़े गये व्यक्ति को थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार




**अमेठी ।** ग्राम सोंगरा में स्थित जल निगम की पानी की टंकी के संचालक दिवाकर मिश्रा निवासी पूरे शुक्लन मजरे सोंगरा थाना गौरीगंज जनपद अमेठी द्वारा पानी की टंकी के लिये लगे सोलर पैनल से कॉपर वायर चोरी करते हुए पकड़े गये 01 व्यक्ति दीपचन्द पुत्र झुरही निवासी टोपरी भनियापुर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को एक प्रार्थना पत्र के साथ थाना गौरीगंज पर सुपुर्द किया गया । दीपचन्द उपरोक्त के कब्जे से एक बोरी में चोरी का 05 कि0ग्रा0 कॉपर वायर बरामद हुआ । प्रार्थना पत्र एवं बरामदगी के आधार पर थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर एवं अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।

# मेले की तैयारी शुरू, लेकिन कुवांनो नदी का लालगंज घाट बदहाल; जिला प्रशासन ने नहीं कराई सफाई

● क्षेत्र के सफाई कर्मी बाबू बन बैठे हैं ब्लाकों पर कैसे हो गांव की सफाई जिम्मेदार अधिकारी कुंभकरण नींद में सो रहे हैं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के लालगंज क्षेत्र में जहां एक ओर मेले की तैयारियां धीरे-धीरे शुरू हो रही हैं, वहीं कुवांनो नदी के लालगंज घाट स्थित मनोरमा संगम की हालत चिंता बढ़ा रही है। कुछ ही दिनों में परंपरागत रूप से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का यहां आना शुरू हो जाता है, लेकिन अभी तक घाट और नदी की साफ-सफाई नहीं कराई गई है।मौके पर नदी में बड़ी मात्रा में जलीय पौधे फैले हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे पानी गंदा और ठहरा हुआ नजर आ रहा है। घाट के आसपास भी गंदगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि मेले की तैयारियां शुरू होने के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा अब तक नदी की सफाई नहीं कराई गई, जिससे लोगों में नाराजगी भी बढ़ रही है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां स्नान और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। जब नदी का पानी साफ रहता है तो आस्था के चलते कई लोग उस जल को ग्रहण भी करते हैं। ऐसे में अगर समय रहते सफाई नहीं कराई गई तो श्रद्धालुओं को परेशानी के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेले से पहले नदी से जलीय पौधों को हटाने और घाट की साफ-सफाई कराने की सख्त जरूरत है, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित व्यवस्था मिल सके। अब लोगों की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है कि मेले से पहले व्यवस्था कितनी सुधरती है।

# एलपीजी गैस को लेकर लोग परेशान अधिकारियों के हौसले अफजाई जमीनी हकीकत से रूबरू हों प्रशासनिक अफसर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में एलपीजी गैस को लेकर सरकारी दावों के बीच एलपीजी उपभोक्ताओं की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। कोई कह रहा है बुकिंग के 15 दिन भी गैस सिलेडर नही पहुंचा तो कोई कह रहा है उनका सिलेडर डिलिवर हो गया, लेकिन उन्हे नही मिला, कहां गया कुछ नही मालूम। या तो गेस एजेंसियां प्रशासन के नियंत्रण मे नही हैं या फिर प्रशासन और एजेंसियां एक होकर उपभोक्ताओं को गुमराह कर रही है। आरोप जिला पूर्ति निरीक्षक पर भी है। कुछ उपभोक्ताओं का कहना है कि उनके करीबियों को गैस बैक डोर से मुहैया कराई जा रही है। ज्यादातर शिकायते कनकबिहारी गैस एजेंसी की है। यहां गैस बुक करने पर मोबाइल पर डिलिवर होने का मेसेज आ जाता है लेकिन सिलेंडर 15 -20 दिनों बाद भी गैस नही मिल रही है। एजेंसी से पता करने पर बताया जा रहा है, आपका गैस डिलिवर हो चुका है। इसका समाधान किसके पास है पता नहीं। लेकिन एक बात सभी को पता है गैस की किल्लत से अभी निजात नही मिल पाई है।

प्रशासनिक अफसरों का दावा है कि जिले मे पर्याप्त गैस है। सवाल ये है कि पर्याप्त गैस होने के बाद एजेंसियों पर लाइनें क्यों लग रही हैं। क्या लोग इसे भी स्टोर कर रहे हैं ? प्रशासनिक अफसरों को जमीन पर उतरकर हकीकत पता करनी होगी तभी उनकी नजर खामियों पर जायेगी और समस्या का जमीनी स्तर पर समाधान हो पायेगा। वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि कनक बिहारी गैस एजेंसी से बुकिंग के 15-16 दिन बाद भी गैस नही मिली। वे उम्र और स्वास्थ्य कारणों से लाइन लगाने मे सक्षम नही है। उनकी समस्या का समाधान कैसे होगा ? ये तो एक बानगी है। ऐसे हजारों लोग हैं जो लाइनों मे लगकर सिलेंडर लेने मे सक्षम नही है, और दूसरों की मदद पर निर्भर हैं। अधिकारियों को झूठे दावों से बाहर निकलकर समस्या का समाधान करने मे रूचि लेनी चाहिये।

# 1030 ग्राम गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार, दोनों पर दर्ज हैं कई गंभीर मुकदमे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले केवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.यशवीर सिंह के नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्यवाही के अभियान के अंतर्गत जनपद बस्ती के थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1030 ग्राम अवैध गांजा के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 28 मार्च 2026 की रात करीब 23:55 बजे अमहट पुल के पास से की गई।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विशाल उर्फ शिवम पुत्र रामसुधि निवासी महारानी होटल के सामने रौतापार थाना कोतवाली जनपद बस्ती उम्र 22 वर्ष तथा विनायक उर्फ प्रिन्स पुत्र रामसुधि निवासी ग्राम चिताही थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर उम्र 19 वर्ष के रूप में हुई है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त आपस में सगे भाई हैं पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान इनके कब्जे से 1030 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली में मु0अ0सं0 139/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट व 3(5) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

जांच में सामने आया है कि दोनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी गंभीर रहा है। अभियुक्त विनायक उर्फ प्रिन्स पुत्र रामसुधि के खिलाफ कुल 12 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट तथा विभिन्न बीएनएस धाराओं से जुड़े मामले शामिल हैं। वहीं अभियुक्त विशाल उर्फ शिवम पुत्र रामसुधि के खिलाफ कुल 3 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, धमकी, गंभीर अपराध तथा पाक्सो एक्ट से जुड़े मामले शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों अभियुक्त लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं और नशे के कारोबार से भी जुड़े होने की आशंका है। गिरफ्तारी के बाद दोनों से पूछताछ की जा रही है, जिससे इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी भी जुटाई जा सके। इस कार्रवाई को थाना कोतवाली प्रभारी मोती चन्द के नेतृत्व में उ0नि0 अजय कुमार सिंह (चौकी प्रभारी सिविल लाइन), उ0नि0 जितेन्द्र सिंह (चौकी प्रभारी बड़ेवन) सहित पुलिस टीम ने अंजाम दिय यहां बताते चलें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने जिले का कार्यभार संभालने के तुरंत बाद नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्यवाही की मंशा जाहिर कर दिया था।

# गैस सिलेंडर न मिलने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन, जिलाधिकारी को भेजी शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** जिले के थाना ललिया क्षेत्र अंतर्गत मां मैहर भारत गैस एजेंसी,मथुरा बाजार पर गैस सिलेंडर न मिलने से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पंजीकृत डाक से शिकायती पत्र भेजकर एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं में गोविंद पाठक, विनोद आर्य, संदीप कुमार, जगदीश पासवान, दिनेश कुमार, अरविंद अवस्थी, अतुल कुमार, विमल कुमार, उमेश कुमार, सावित्री देवी, मित्रसेन मिश्र, अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में अन्य ग्रामीण शामिल हैं। इनका आरोप है कि क्षेत्र के उपभोक्ताओं को लंबे समय से नियमित रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

एजेंसी पर खाली सिलेंडर जमा कराने के बावजूद भरे सिलेंडर समय पर वापस नहीं मिल रहे हैं। गैस की आपूर्ति समय पर नहीं होने के कारण भोजन बनाने सहित दैनिक घरेलू कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि मथुरा बाजार से ललिया के पास स्थित गैस गोदाम की दूरी लगभग दस किलोमीटर है। इतनी दूर जाने के बावजूद भी समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इसके अतिरिक्त बीते एक माह से आसपास के अन्य गैस विक्रेताओं द्वारा भी सिलेंडर देना पूरी तरह बंद कर दिया गया है। जिससे समस्या और अधिक गंभीर हो गई है। मजबूरी में कई उपभोक्ताओं को वैकल्पिक व्यवस्था अपनानी पड़ रही है, जिसके चलते घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।इस संबंध में मां मैहर भारत गैस एजेंसी के संचालक अमित कुमार पाण्डेय ने बताया कि निजी एवं तकनीकी कारणों से बीते कुछ समय से गैस की आपूर्ति प्रभावित रही है।जिसके चलते उपभोक्ताओं को असुविधा हुई है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभाग द्वारा जाँच की जा चुकी है तथा नियमानुसार गैस की माँग कर दी गई है। बुकिंग के आधार पर उपभोक्ताओं को शीघ्र गैस सिलेंडर उपलब्ध करा दिए जाएंगे। ग्रामीणों द्वारा लगाए गए अन्य आरोपों को उन्होंने पूरी तरह निराधार बताया है।जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने कहा कि मामले की विधिवत जाँच कराई जाएगी और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## बिना टिकट यात्री मिलने पर कार्रवाई:बलरामपुर-लखनऊ रूट पर रोडवेज की महिला परिचालक कार्यमुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर से लखनऊ के कैसरबाग रूट पर चलने वाली एक रोडवेज बस में बिना टिकट यात्री मिलने के बाद विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। इस मामले में महिला परिचालक को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया गया। यह कार्रवाई सहायक यातायात निरीक्षक अनिल कुमार शुक्ल की औचक चेकिंग के बाद की गई।निरीक्षक शुक्ल ने चंदनपुर मार्ग पर बस की जांच की थी। चेकिंग के दौरान बस में चार यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाए गए। इनमें से दो यात्री बलरामपुर से बहराइच और अन्य दो गोविंदपुर से बहराइच तक बिना टिकट सफर कर रहे थे। इसे नियमों की अनदेखी और राजस्व को नुकसान पहुंचाने का गंभीर मामला माना गया।सहायक यातायात निरीक्षक ने पूरी घटना की रिपोर्ट सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गोपी नाथ दीक्षित को सौंपी। रिपोर्ट मिलने के बाद एआरएम दीक्षित ने मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना टिकट यात्रियों को बैठाना सीधे तौर पर भ्रष्टाचार है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप, संबंधित परिचालक सुमनलता कश्यप को उनके रूट से हटाकर क्षेत्रीय कार्यालय गोंडा के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया है। विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## कोतवाली पुलिस टीम ने चार वारंटी दबोचे

**तालबेहट ।** कोतवाली पुलिस ने वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चार वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक बलराम सिंह व उपनिरीक्षक विकास कुमार ने पुलिस टीम के साथ मिलकर वारंटी अभियुक्त जाहर सिंह पुत्र स्व. रट्टी निवासी ग्राम थानागांव मजरा टपरियन, सेवक पुत्र चुन्ना अहिरवार निवासी ग्राम बनगुवांकला, तथा राजू पुत्र रामप्रसाद ढीमर और नारायन पुत्र चैनू ढीमर निवासी ग्राम तरगुवां को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ न्यायालय से गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी थे।

# बसों पर रोक और जाम से भड़के व्यापारी, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** तालबेहट नगर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था, मुख्य मार्गो पर बढ़ते अतिक्रमण और बसों व आवश्यक वस्तुओं के वाहनों पर लगी पाबंदियों के विरोध में स्थानीय व्यापारियों का आक्रोश फूट पड़ा। नगर उद्योग व्यापार मंडल, सराफा समिति एवं अन्य व्यापारी संगठनों ने संयुक्त रूप से उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और क्षेत्राधिकारी (सीओ) को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। व्यापारियों ने बताया कि करीब 15 दिन पहले प्रशासन के साथ हुई बैठक के बाद यात्री बसों के चालान शुरू कर दिए गए और आवश्यक वस्तुओं के वाहनों के नगर में प्रवेश पर रोक लगा दी गई। इस निर्णय से झांसी-ललितपुर मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, मालवाहक वाहनों के न आने से दुकानों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में बसों में यात्रियों के साथ हो रही अभद्रता का मुद्दा भी उठाया गया। व्यापारियों का आरोप है कि बस यूनियन से जुड़े कुछ अराजक तत्व तालबेहट के यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार और गुंडागर्दी कर रहे हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। व्यापारियों ने मांगों को उठाते हुये बताया कि यात्री बसों का पूर्व की भांति सुचारू संचालन बहाल किया जाए, खाद्य सामग्री व किराना के वाहनों को नगर में प्रवेश की अनुमति दी जाए, यात्रियों से अभद्रता करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो, मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटाकर जाम की समस्या समाप्त की जाए। भारी वाहनों पर नो एंट्री नियम का सख्ती से पालन कराया जाए। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान गजेन्द्र त्रिपाठी उर्फ सुनील बाबा, प्रमिलराज जैन, काली, आशीष त्रिपाठी, नरेन्द्र कुमार, लवकुश, राघवेन्द्र गुप्ता, राकेश चौरसिया, मनोज कुमार, रामपाल झां, सुभाषचंद्र, स्वदेश, मुकेश कुमार रजक, अनिल साहू, संदीप अवस्थी, कल्लू बिलगैंया, शरद कुमार, हुकुम प्रजापति, सिद्धार्थ त्रिपाठी, कुलदीप साहू, विनय साहू, चक्रेश कुमार के अलावा बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# समोगर व सिंदवाहा के खेतों में लगी आग की घटना का डीएम ने लिया संज्ञान

● पीड़ित किसानों को हुई क्षति के आंकलन हेतु तहसीलदार महरौनी से करायी जांच

जल्द क्षतिपूर्ति राशि मिलने का आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** किसानों की खेत में खड़ी गेंहू की फसल व भूसा जलने आदि की घटनाओं को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए सम्बंधित उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों को निर्देश दिये हैं कि अपने क्षेत्रान्तर्गत हो रही आग लगने की घटनाओं को मौके पर जाकर जांच करें और फसल खलियान दुर्घटना के अंतर्गत पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने की कार्यवाही की जाए। डीएम द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में तहसील महरौनी के मौजा समोगर की आ.सं. 1424 व 1426 में खड़ी गेंहू की फसल व भूसा जलने की घटनाओं में तहसील महरौनी ने जांच कर अवगत कराया है कि 27 मार्च 2026 को दोपहर के समय लगभग 2.00 बजे खेतों में अज्ञात कारणों से आग लगने से कुछ किसानों की गेंहू की फसल व भूसा जलकर नष्ट हो गया है, जिनमें जगदीश पुत्र पंखुवा की 0.267 हे0 में खड़ी गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो गयी है। इसी प्रकार से राकेश साहू पुत्र सुन्दर लाल रकवा 0.016 हे. में गेंहू की फसल, संगीता पत्नी अजय कुमार का लगभग 150 कुन्तल भूसा, आलम पुत्र पंखुवा 12 कुन्तल भूसा जलकर नष्ट हो गया है। इसी प्रकार तहसील महरौनी के ही ग्राम सिंदवाहा में आज 28 मार्च को सुबह लगभग 11 बजे अज्ञात कारणों के चलते खड़ी फसल में आग लगने से कई किसानों को फसल क्षति हुई है, जिनमें हल्काई पुत्र कम्मोद की 0.485 हे., अजुद्दी पुत्र चिम्बे की 0.167 हे., शिवचरण पित्र ठिप्पे की 1.136 हे., मौजी पुत्र गम्पे की 0.250 हे., पप्पु पुत्र गम्पे की 0.250 हे., अरविन्द्र कुमार पुत्र रामप्रसाद की 0.083 हे. एवं राम प्रसाद पुत्र कम्मोद की 0.239 व 0.412 हे. फसल जलकर नष्ट हो गई है। अतएव उपरोक्त घटनाओं का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी ने तत्काल क्षति की जांच कराकर रिपोर्ट तलब की और प्रभावित कृषकों को फसल खलियान दुर्घटना का लाभ दिलाये जाने हेतु उनके आवश्यक दस्तावेज यथा आधारकार्ड, बैंक पासबुक आदि प्राप्त किये हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पीड़ित किसानों के साथ है और उन्हें खलियान दुर्घटना की क्षतिपूर्ति दिलाये जाने के लिए युद्धस्तर पर कार्यवाही की जा रही है।

# आपदा प्रबंधन को लेकर 30 मार्च को कार्यशाला

● 100 अधिकारी और 125 महिला एसएचजी लेंगी हिस्सा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनपद में आपदा जोखिमों को कम करने और क्षमता संवर्धन के उद्देश्य से एक दिवसीय वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 30 मार्च 2026 को सुबह 10.30 बजे से शहर के मा.कल्याण सिंह सभागार में आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ के वार्षिक कैलेंडर 2025-26 के निर्देशों के क्रम में इस प्रशिक्षण का मुख्य विषय आपदा जोखिम न्यूनीकरण में आपदा प्रबंधन से संबंधित क्षमता संवर्धन रखा गया है। इसका मुख्य लक्ष्य सरकारी तंत्र और जनभागीदारी के माध्यम से आपदाओं के समय होने वाले नुकसान को कम करना है। जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस कार्यशाला में जनपद के विभिन्न विभागों के लगभग 100 अधिकारी और 125 महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य प्रतिभाग करेंगी। प्रशिक्षण में पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि, सिंचाई, जल निगम, रेलवे, और राजस्व विभाग सहित जनपद के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। एडीएम द्वारा जारी पत्र में समस्त उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, खण्ड विकास अधिकारियों और अन्य विभागीय अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वह निर्धारित समय पर सभागार में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम की सूचना जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और मुख्य विकास अधिकारी को भी प्रेषित कर दी गई है।

# मेले में युवक पर पथराव, गंभीर हालत में झांसी रेफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम छिल्ला में मेले के दौरान एक युवक पर पथराव कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद झांसी रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नछल्ला निवासी रेखा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 मार्च 2026 की शाम करीब 6 बजे उनके पति लल्लू सिंह शीतला माता मंदिर पर लगे मेले में गए थे। इसी दौरान गांव के ही भीकम पुत्र मुलायम लोधी ने गाली-गलौज करते हुए उनके पति पर पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में लल्लू सिंह को गंभीर चोटें आई। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। परिजनों द्वारा घायल को इलाज के लिए पहले ललितपुर ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर झांसी रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी भीकम के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 व 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### भव्य दुर्गा जागरण व माता की चौकी



**बिसवां (सीतापुर)** एकादशी के पावन अवसर पर ब्राह्मणी टोला मोहल्ले में महिला जागरण समिति के तत्वावधान में मां दुर्गा का भव्य जागरण कार्यक्रम एवं माता की चौकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से मां दुर्गा के पूजन-अर्चन और माता की चौकी के साथ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूजन के उपरांत भजनों की मधुर श्रृंखला प्रारंभ हुई, जिसमें लखनऊ से आई प्रसिद्ध भजन गायिका सरस्वती मिश्रा एवं बंदना शुक्ला ने अपने सुरों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। देर रात तक चले इस भक्ति कार्यक्रम में महिलाओं की विशेष भागीदारी रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं ने उपस्थित होकर भक्ति रस का आनंद लिया। पूरे माहौल में श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### करंट की चपेट में आकर श्रमिक की मौत

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के सुहाईबाग मोहल्ला में रविवार को भवन में काम कर रहा श्रमिक करंट की चपेट में आ गया। इससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम पसर गया है। कुम्भडौरा गांव निवासी विजय कुमार (50) पुत्र राम अवतार सुहाई बाग मोहल्ला में निर्माणाधीन भवन की छत पर काम कर रहे थे। तभी कंक्रीट से भरा हुआ तसला छत के ऊपर से जा रही 11 केवी लाइन से छू गया। करंट लगते ही वह बुरी तरह से झुलस गए। साथ ही तेज झटके के साथ वह बगल के खेत में नीचे जा गिरे। साथी श्रमिकों ने फौरन उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद पत्नी ज्ञानवती बड़े बेटे रोहित व मोहित सहित परिवारीजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पंचायतनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# राजकीय महिला महाविद्यालय मे फातिमा शेख के जीवन एवं शिक्षा मे योगदान पर राष्ट्रीय सेमिनार सम्पन्न

**● बालिका शिक्षा, समान अवसर और सामाजिक जागरूकता पर विशेषज्ञों ने रखे विचार**

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर(ब्यूरो)** स्थानीय राजकीय महिला महाविद्यालय में फातिमा शेख के जीवन एवं शिक्षा में योगदान कर दीजिए विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश उर्दू एकेडमी के सहयोग से भारत एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें शिक्षा, समाज सुधार और महिला सशक्तिकरण पर व्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शफात हुसैन (निदेशक, उ.प्र. वक्फ विकास निगम, लखनऊ) ने अपने संबोधन में बालिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आलमीन अली ने की, जिन्होंने फातिमा शेख के संघर्षपूर्ण जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को प्रेरणास्रोत बताया। सेमिनार के समन्वयक इंजीनियर मो. अनीस (निदेशक, तकनीकी शिक्षा विकास एवं जनकल्याण संस्थान, लखनऊ) ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि आयोजन सचिव प्रो. अमिय कुमार एवं संरक्षक प्राचार्या प्रो. कामिनी वर्मा ने छात्राओं को फातिमा शेख के ऐतिहासिक योगदान से अवगत कराया और शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. रजनी कांत (प्राचार्य, आरएमपी पीजी कॉलेज, सीतापुर) एवं डॉ. राजीव द्विवेदी (प्राचार्य, डीडीयू राजकीय पीजी कॉलेज, सीतापुर) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज में समानता और जागरूकता का सबसे सशक्त माध्यम है। मुख्य वक्ताओं के रूप में डॉ. कीर्ति शर्मा, डॉ. दाऊद अहमद, डॉ. शिशिर श्रीवास्तव, प्रो. कल्पना सिंह, डॉ. अजीत यादव, डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. नीलम यादव तथा डॉ. शालिनी चौधरी ने अपने व्याख्यानों के माध्यम से फातिमा शेख के योगदान, महिला शिक्षा की चुनौतियों और वर्तमान परिदृश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला, जिससे छात्राओं व प्रतिभागियों में नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरिकेश द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन इंजीनियर मो. अनीस ने प्रस्तुत किया। सेमिनार में बड़ी संख्या में छात्राओं, शिक्षकों एवं बुद्धिजीवियों की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सफल और सार्थक रहा।

## अंधेरे में गांव, नया ट्रांसफार्मर भी लगते ही फुंका




**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के सरैला गांव में ट्रांसफार्मर जलने से पिछले 15 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है, जिससे करीब 70 घर प्रभावित हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर शनिवार को नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, लेकिन लगते ही वह भी फुंक गया। बिजली न होने से गांव में अंधेरा पसरा है और पेयजल संकट भी गहरा गया है। वहीं बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि 15 दिन पहले ट्रांसफार्मर जलने के बाद कई बार विभाग को सूचना दी गई, लेकिन समय पर समाधान नहीं हुआ। शनिवार को लाइनमैन द्वारा लगाया गया नया ट्रांसफार्मर भी तुरंत फुंक जाने से लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। गांव के छेदीलाल, सुन्दर, रामबिलास, छोटेलाल, शिवदर्शन, कन्हैया, संतोष और होरीलाल ने ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। अवर अभियंता (ग्रामीण) बृजेश कुमार ने बताया कि जल्द ही नया ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# अम्बेडकर नगर के मुकदमे को लेकर अधिवक्ताओं में रोष, निष्पक्ष जांच की उठी मांग



स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अधिवक्ताओं के बीच एक मामले को लेकर खासा आक्रोश देखने को मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिवक्ता अस्मिता पाण्डेय, निवासी 5/1 मालवीय नगर, लखनऊ द्वारा एक शिकायती प्रार्थना पत्र लखनऊ बार एसोसिएशन को प्रेषित किया गया है, जिसमें गंभीर आरोप लगाए गए हैं। प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि जनपद अम्बेडकर नगर के थाना महारूआ में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या-52/2026 में उनके पति अधिवक्ता प्रभात शुक्ला के विरुद्ध गलत प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज कराई गई है। शिकायत के अनुसार घटना के समय प्रभात शुक्ला एवं सर्वेश शुक्ला लखनऊ स्थित अपने आवास पर मौजूद थे, इसके बावजूद उन्हें मामले में नामजद किया गया है।

इस प्रकरण को लेकर अधिवक्ताओं में गहरा रोष व्याप्त है। अधिवक्ताओं का कहना है कि बिना उचित साक्ष्य के इस प्रकार किसी अधिवक्ता को फंसाना न्याय व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। लखनऊ बार एसोसिएशन को प्राप्त इस शिकायत पत्र की मूल प्रति उच्चाधिकारियों को निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दी गई है। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए, ताकि सत्य सामने आ सके और निर्दोष को न्याय मिल सके।

# बेटी हर्षदीप का ऑल इंडिया पावरलिफ्टिंग प्रोग्राम में चयन, जिले का बढ़ाया मान

**● परसेंडी के उल्जापुर गांव की प्रतिभा ने लखनऊ ट्रायल में किया शानदार प्रदर्शन, परिवार व क्षेत्र में खुशी की लहर**

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर (ब्यूरो)।** जनपद की होनहार बेटी हर्षदीप कौर ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। विकास खण्ड परसेंडी के ग्राम पंचायत उल्जापुर की मूल निवासी है वर्तमान समय मे गुरुनानक कालोनी में रह रही है दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज की छात्रा हर्षदीप कौर का चयन यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ में आयोजित पावरलिफ्टिंग ट्रायल के आधार पर ऑल इंडिया पावरलिफ्टिंग प्रोग्राम के लिए हुआ है। 28 मार्च को आयोजित इस ट्रायल में अंडर-63 किलो ग्राम वर्ग में हर्षदीप कौर ने स्क्वाट, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। उनके इस दमदार प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि छोटे गांवों की बेटियां भी बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकती हैं। ट्रायल का संचालन अनूप सर द्वारा किया गया, जबकि हर्षदीप को कोच जाकिर सर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उनकी सफलता के पीछे उनके माता-पिता का भी अहम योगदान रहा है। पिता राजविंदर सिंह और माता कवलजीत कौर ने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया, जिसका परिणाम आज पूरे जिले के सामने है। हर्षदीप की इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। ग्रामीणों और कॉलेज परिवार ने इसे जिले की बेटियों के लिए प्रेरणा बताया है। यह सफलता उन तमाम बेटियों के लिए एक संदेश है कि अगर मेहनत और आत्मविश्वास हो तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं।

## गंगा एक्सप्रेसवे सर्विस रोड पर कार की टक्कर से चाचा भतीजा घायल




**लालगंज (रायबरेली)।** गंगा एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर रविवार को तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार चाचा भतीजे को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना कोतवाली क्षेत्र के उगाभाद गांव के पास की है। बैसन का पुरवा मजरे बरी गांव निवासी रामसेवक (58) अपने भतीजे धीरज (24) के साथ बाइक से दवा लेकर घर लौट रहे थे। तभी सामने से आ रही बेकाबू कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। वहा मौजूद राहगीरों ने एंबुलेंस को सूचना दी और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# लखनऊ पुलिस मित्र परिवार एवं इस वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आज दिनांक 29 मार्च 2026 को राज नारायण लोक बंधु संयुक्त चिकित्सालय मे लखनऊ पुलिस मित्र परिवार एवं ईश वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्त्वधान मे स्वैच्छिक रक्तदान सिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे करीब 70 से अधिक समाज सेवियों एवं युवाओं ने सहभागिता की, जिसमें 43 रक्तदाताओं व रक्त वीरांगनाओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। यह शिविर लखनऊ पुलिस मित्र परिवार के संरक्षक कविंद्र प्रताप सिंह की संरक्षता एवं शिविर के आयोजक/संस्थापक जितेंद्र सिंह, फाउंडर मेम्बर सरिता सिंह, फाउंडर मेंबर/सेक्टर वार्डन सिविल डिफेंस-ज्योति खरे, फाउंडर मेम्बर नूतन वर्मा, फाउंडर मेंबर प्रशांत बाजपेई फाउंडर मेंबर अश्वनी कुमार, प्रशांत तिवारी, पवन सिंह, सुजीत पटेल, अनुज श्रीवास्तव, चंद्र शेखर सिंह एडवोकेट रिचा मिश्रा, बी0के0 सिन्हा (सीनियर मैनेजर डूशडू), धीरेंद्र मिश्रा, रुचि मिश्रा, सुधा टंडन सहित बहुत सारे सहयोगियों के अथक प्रयास से सफल बनाया गया। रक्तदान शिविर के विशिष्ट अतिथि चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 अजय शंकर तिवारी, एचओडी ब्लड बैंक डॉ0 पी0सी0 तिवारी, डॉ0 प्रकाश उपाध्याय लोक बंधु, डॉ0 धर्मेंद्र शर्मा रहे, जिन्होंने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आपका यह रक्तदान मानवता और सेवा की भावना को सशक्त बनाता है। कैंप को अपने मधुर गीत और संचालन से पवन सिंह ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। स्वैच्छिक रक्तदान सिविर के प्रथम रक्तदाता दिव्यांश सिंह, दितीया रक्त दाता यश्वीर और द्वितीय रक्त तृतीय रक्तदाता विरेश सिंह रहे। शिविर को सफल बनाने मे पावन पांडेय (गुरु), मनोज कुमार वर्मा एडीसी सिविल डिफेंस, शैल वर्मा, शिप्रा सिंह, संध्या यादव, राम मिलन यादव, संगीता एवं मीडिया बंधु सहित बहुत सारे सम्मानित ब्लड बैंक टीम का काफी सहयोग रहा। इस अवसर पर निर्मला मिश्रा अध्यक्ष निर्मल एजुकेशन एवं वेल्फयर सोसायटी, शिप्रा सिंह अध्यक्ष रुझान फाउंडेशन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनो के प्रतिनिधियों एवं गणमान्या व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति एं रक्तदान मे विशेष सहयोग रहा।

### रंजिशन हुई मारपीट में महिला समेत चार घायल

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के सेमरपहा गांव में शनिवार की देर रात को दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष से चार लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई की है। गांव निवासी गांठी पुत्र इकलाख ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार की देर रात को वह परिवार के महमूदन पुत्री न्यामतुल्ला, उसकी बेटी रजनी और फुसरा माता परवीन के साथ था। इसी बीच गांव के ही नन्हे मिस्त्री व उनके बेटे सेखू व अल्ताफ और गांव के ही रेहान ने मारपीट व गाली गलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने डंडे के प्रहार से उसका सिर फोड़ दिया। महमूदन के मुंह पर ईट मारकर चोटिल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरी मिली है। जाँच कर कार्रवाई की जा रही है।

# मरम्मत के बाद खुला रेलवे ओवरब्रिज, लोगों को मिली जाम से राहत

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** बांदा-टांडा राष्ट्रीय राजमार्ग 232 के बाईपास पर स्थित रेलवे ओवरब्रिज शनिवार शाम आखिरकार आवागमन के लिए खोल दिया गया। देर शाम बैरिकेड हटते ही वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। ओवरब्रिज बंद होने के कारण नगर में जाम की समस्या गंभीर हो गई थी। भारी वाहन कस्बे के भीतर से गुजर रहे थे, जिससे व्यापार और स्कूल समय में हालात और खराब हो जाते थे। रोजाना लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

दरअसल, पुल के मुख्य हिस्से में दो स्थानों पर कंक्रीट धंसने की शिकायत मिलने के बाद इसे बंद कर मरम्मत कार्य शुरू कराया गया था। सुरक्षा के लिहाज से दोनों ओर सीमेंट के गर्डर रखकर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया था और 2 जनवरी से आवागमन रोक दिया गया था। मरम्मत के दौरान क्षतिग्रस्त स्लैब को तोड़कर नया स्लैब डाला गया। इसके बाद स्लैब के मजबूत होने पर डामरीकरण का कार्य पूरा किया गया। शनिवार को सभी कार्य पूर्ण होने के बाद ओवरब्रिज को खोल दिया गया।

गौरतलब है कि यह ओवरब्रिज वर्ष 2018 में बनकर तैयार हुआ था, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। हालांकि, निर्माण के छह माह के भीतर ही पुल क्षतिग्रस्त हो गया और वर्ष 2019 में इसे बंद करना पड़ा। करीब छह साल बाद मरम्मत के बाद इसे फिर खोला गया, लेकिन कुछ ही दिनों में दोबारा कंक्रीट धंसने की समस्या सामने आ गई। अस्थायी मरम्मत के सहारे यातायात चालू रखा गया, लेकिन अंततः 2 जनवरी को इसे पूरी तरह बंद करना पड़ा। निर्माण इकाई के प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक वर्मा के अनुसार, अब मरम्मत कार्य पूरी तरह से पूरा हो चुका है और ओवरब्रिज सुरक्षित है। ओवरब्रिज के दोबारा खुलने से स्थानीय लोगों और व्यापारियों में खुशी का माहौल है। व्यापार मंडल के लोगों का कहना है कि अब जाम से राहत मिलेगी और बाजार की रफ्तार फिर से सामान्य हो सकेगी।

## यह केंद्र लोगों को तनाव, क्लेश, डिप्रेशन व अन्य सामाजिक समस्याओं से मुक्ति दिलाने में सहायक होगा:-ब्रह्माकुमारी सुमन

स्वतंत्र प्रभात



**बिसवां/सीतापुर** कस्बे के गोपाल नगर बेलझरिया में ब्रह्माकुमारी जी के राजयोग सेवा केंद्र आत्म अनुभूति भवन का लोकार्पण अहमदाबाद (गुजरात) की सब जोन इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी चंद्रिका दीदी व क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर लखनऊ सब जोन इंचार्ज राजयोगिनी राधा दीदी, राजयोगिनी मंजू दीदी, जानकीपुरम सेवा केंद्र इंचार्ज ब्रह्माकुमारी सुमन दीदी उपस्थित रहीं। ब्रह्माकुमारी चंद्रिका दीदी ने संस्था के आध्यात्मिक उद्देश्य बताते हुए कहा कि यह केंद्र लोगों को तनाव, कलेश, डिप्रेशन व अन्य सामाजिक समस्याओं से मुक्ति दिलाने में सहायक होगा। मुख्य अतिथि विधायक निर्मल वर्मा ने सेवा केंद्र के सफल संचालन की कामना करते हुए सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी नंदिनी बहन व ब्रह्माकुमारी शिप्रा बहन को बधाई दी। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सीमा राजू जैन, शहर जिला प्रचारक विकल्प मोहित बौद्ध सहित अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दीं। अंत में ब्रह्माकुमारी नंदिनी बहन ने सभी अतिथियों, सहयोगियों व नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान प्रमिला गुप्ता, राजरानी गुप्ता, नारायण अग्रवाल, निर्मला, अभिषेक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

### लखनऊ में पेट्रोल-डीजल से लोगों को राहत, घरेलू सिलिंडर की डिलीवरी में लंबी वेटिंग बरकरार

**लखनऊ।** राजधानी में पेट्रोल-डीजल से लोगों को पूरी तरह से फिलहाल राहत मिल गई है। पेट्रोल पंपों पर लाइनें नहीं लग रही है। कई पंपों पर तो रविवार की दोपहर सन्नाटा भी रहा। पंप संचालकों के मुताबिक लोगों ने पर्याप्त मात्रा में अपने वाहनों में डीजल व पेट्रोल डलवा लिया है, इसलिए अब मारामारी बिल्कुल खत्म हो गई है। वहीं, कमर्शियल सिलिंडर को लेकर संकट बना हुआ है। होटल, रेस्तरां व ढाबों के संचालकों को भट्ठियो पर काम करना पड़ रहा है। उधर, गोमती नगर विस्तार स्थित सीमा गैस एजेंसी घरेलू सिलिंडर की डिलिवरी नहीं कर पा रहा है। 15 मार्च की पेंडेंसी अभी तक पूरी नहीं हो पायी है। सैकड़ों उपभोक्ता सीमा गैस एजेंसी के चक्कर लगाने को विवश हैं। यही स्थिति कई गैस एजेंसी की राजधानी में बनी हुई है। आलमबाग पेट्रोल पंपों पर कार्यरत कर्मियों ने बताया कि पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में हैं। तेल लेने आए राजेश यादव ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से भीड़ थी, आज तक कोई लाइन ही नहीं है। आसानी से पेट्रोल मिल रहा है।

### नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म तथा ब्लैकमेल करने के मामले में मुकदमा दर्ज




**सुरेंद्र सिंघल, तिलहर।** कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म करने तथा वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के मामले में पुलिस ने एक युवक पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका अपने पति से काफी समय से विवाद चल रहा है इसी दौरान उसकी जान पहचान गुड़गांव कॉलोनी निवासी एक युवक से हो गई और वह उसके घर आने जाने लगा। आप है कि लगभग छः माह पूर्व युवक ने कोल्ड ड्रिंक पर नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया जिससे मैं बेहोश हो गई बेहोशी की अवस्था में युवक ने उसके साथ दुष्कर्म करके उसकी वीडियो बना ली और बाद में वीडियो दिखाकर लगातार उसे ब्लैकमेल करता रहा। महिला ने युवक पर अपने साथियों के साथ मिलकर दुष्कर्म करने का भी आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक गूगल किशन पाल ने बताया कि मामले की कविता को देखते हुए आरोपित के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। और आरोपित की तलाश में पुलिस की दो टीमें लगाई गई है।

## बीएलपीएस में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं सम्मान समारोह

स्वतंत्र प्रभात




**लालगंज(रायबरेली)** सरेनी।क्षेत्र के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान बृजलाल यादव मेमोरियल पब्लिक स्कूल बेनी माधवगंज में रविवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं सम्मान समारोह बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा,अनुशासन और सांस्कृतिक समृद्धि का अद्भुत संगम देखने को मिला।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय खो-खो रेफरी सत्य प्रकाश तिवारी एवं विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सुशील यादव द्वारा दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ।प्रधानाचार्य पवन कुमार ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया।कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे-मुन्ने बच्चों के मनमोहक स्वागत गीत से हुई।इसके बाद विद्यार्थियों ने नृत्य,गीत और लघु नाटिकाओं के माध्यम से रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया।दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया।मुख्य अतिथि सत्य प्रकाश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं,बल्कि संस्कार,खेल और अनुशासन भी आवश्यक हैं। उन्होंने खेलों को आत्मविश्वास,नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।साथ ही अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के लिए केवल किताबों की शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है बल्कि सर्वांगीण विकास के लिए खेल भी बेहद जरूरी है।उन्होंने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि यहां शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है,जो बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।प्रधानाचार्य पवन कुमार ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चों का सही मार्गदर्शन करें तो हर विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर मेहनत और अनुशासन का संदेश दिया।विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सुशील यादव ने सभी अतिथियों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय आधुनिक तकनीकों और नवाचारों के माध्यम से शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे की प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारना है।उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है बल्कि प्रत्येक बच्चे की छिपी हुई प्रतिभा को पहचानकर उसे निखरना है।उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी विद्यालय इसी तरह बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।कार्यक्रम के अंत में मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।साथ ही शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों सहित विशेष सम्मान दिया गया, जिससे अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिली।कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका साक्षी सिंह एवं शिक्षक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं-प्रीति, शिखा सिंह, सरिता सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, जावित्री, श्रद्धा तिवारी, आरती, नेहा यादव, रितु, शिवानी, विनम्रता यादव, सारिका, मदन सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, जावेद, हसमत, शशी, राजेश सिंह, विजय प्रताप सिंह, वीरेंद्र विक्रम पटेल, श्याम बाबू, इमरान, हेमंत, अनुभव मिश्रा, ओंकार यादव एवं राष्ट्रीय कवि डॉ गोविन्द गजब सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ छमनी खेड़ा में शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा

स्वतंत्र प्रभात



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के छमनी खेड़ा गांव में रविवार को श्रद्धा और आस्था के बीच श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा से पहले भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसमें गांव की महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पीली पोशाक में सजे श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

शोभायात्रा गांव से शुरू होकर बाबा सहोलेश्वर धाम पहुंची। वहां पूजा-अर्चना के बाद यात्रा गांव के विभिन्न देवस्थानों से होती हुई कथा स्थल पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। पहले दिन कथा व्यास पंडित बृजनंदन शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कथा का श्रवण मात्र से मनुष्य के पाप नष्ट हो जाते हैं।

यह ग्रंथ केवल धार्मिक नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला है। इससे व्यक्ति को सही मार्ग और सच्चे आचरण की प्रेरणा मिलती है। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने व्यवस्था संभाली। इस मौके पर चंद्र मोहन त्रिपाठी, बृजमोहन त्रिपाठी, रज्जन तिवारी, सत्यम त्रिपाठी, आनंद तिवारी, दुर्गा शंकर तिवारी, राजेंद्र दीक्षित, झब्बू भैया, मीनू त्रिपाठी, रुचि, प्राची, अंशिका और भूमिका सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## यूपी के हर स्कूल में शक्ति मंच का गठन, नए सत्र से होगी नियमित बैठक, दिशा-निर्देश जारी

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** नए शैक्षणिक सत्र से प्रदेश के सभी माध्यमिक विद्यालयों में बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए मिशन शक्ति' अभियान के तहत शक्ति मंच का गठन किया जाएगा। हर विद्यालय में यह मंच सक्रिय रहेगा और इसकी नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों में छात्र-छात्राएं सृजनात्मक तरीकों जैसे लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला, नाटक, गीत और कहानियों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। खास तौर पर उन बालिकाओं की पहचान की जाएगी, जिनका अभी तक स्कूल में नामांकन नहीं हुआ है। साथ ही, उनके स्कूल न आने के कारणों को समझकर उनका दाखिला कराने में मदद की जाएगी। विद्यालयों में बालिकाओं को आने वाली समस्याओं पर खुलकर चर्चा होगी और उनके समाधान की योजना भी बनाई जाएगी। बाल एवं महिला अधिकार, लड़कियों की शिक्षा का महत्व और समाज में मौजूद कुरीतियों पर भी जागरूकता बढ़ाई जाएगी। किशोरावस्था से जुड़ी शंकाओं का समाधान किया जाएगा और आत्मरक्षा के उपायों का अभ्यास भी कराया जाएगा। इसके अलावा, बच्चों को अपनी शिकायतें लिखकर शिकायत पेटिका में डालने के लिए प्रेरित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक महेंद्र देव का कहना है कि मिशन शक्ति को शैक्षणिक कैलेंडर में भी शामिल करते हुए विद्यालयों के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत हर महीने के अंतिम शनिवार को स्कूल प्रबंधन समिति की महिला सदस्य इन शिकायतों को पढ़कर समाधान सुनिश्चित करेंगी। बच्चों को सुरक्षा से जुड़ी हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी जाएगी और इसे स्कूल में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा। छात्राओं को सुरक्षित पीरियड्स और व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जागरूक करने के लिए साल में दो बार कार्यक्रम होंगे। जरूरत पड़ने पर स्कूल में सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराए जाएंगे।

# जियो और जीने दो: आज की सबसे बड़ी आवश्यकता

**महावीर जयंती: आत्ममंथन, संयम और जागृति का पावन पर्व**

**[ एक ज्योति जो युगों से जल रही है: भगवान महावीर की विचारधारा ]**

जब मानवता मार्ग से विचलित होती है, हिंसा, लोभ और असत्य का अंधकार फैलता है, तब इतिहास में एक दिव्य प्रकाश प्रकट होता है, जो युग को दिशा देता है और पीढ़ियों को प्रेरित करता है। लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व वैशाली के समीप कुंडलपुर की पावन भूमि पर जन्मे भगवान महावीर स्वामी ऐसी ही अद्वितीय विभूति थे। उनका जन्म मात्र एक तीर्थंकर का आगमन नहीं, बल्कि एक ऐसी चेतना-क्रांति का आरंभ था, जिसने मानव जीवन को अहिंसा, करुणा और सत्य के उच्चतम आदर्शों तक पहुंचाया। उनके विचार आज भी उतने ही सजीव और प्रासंगिक हैं, जितने उस समय थे–यह सिखाते हुए कि सच्ची विजय हिंसा नहीं, प्रेम और संयम से प्राप्त होती है।

जब सत्य और आत्मबोध की खोज प्रबल होती है, तब महापुरुषों का जीवन मार्गदर्शक बनता है। 599 ईसा पूर्व चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को जन्मे भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे, किंतु उनका दर्शन किसी एक संप्रदाय तक सीमित नहीं रहा। वे विश्व-गुरु थे, जिनके संदेश ने समस्त मानवता को नई दिशा दी। 'अहिंसा परमो धर्मः' उनका अमर सिद्धांत था–जो केवल वाणी नहीं, बल्कि जीवन का आधार है, जिस पर शांति और समृद्धि टिकी है। उन्होंने सिखाया कि सिद्धांतों को कहना नहीं, जीना आवश्यक है। राजसी वैभव त्यागकर और 12 वर्षों की कठोर तपस्या के पश्चात कैवल्य ज्ञान प्राप्त कर उन्होंने सिद्ध किया कि आत्मबल ही सर्वोच्च शक्ति है।

महावीर का जीवन स्वयं एक सजीव विश्वविद्यालय था। 30 वर्ष की आयु में संन्यास लेकर उन्होंने जो मार्ग अपनाया, वह अत्यंत कठोर था। नंगे पांव, बिना किसी संपत्ति के, विपरीत परिस्थितियों और उपहास के बीच भी वे अडिग रहे। उनकी तपस्या केवल बाहरी कष्ट नहीं, बल्कि मन, क्रोध और लोभ पर विजय की आंतरिक साधना थी। कैवल्य ज्ञान प्राप्ति के बाद उन्होंने 30 वर्षों तक जन-जन को यह सिखाया कि जीवन का लक्ष्य भौतिक सुख नहीं, आत्म-मुक्ति है। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह जैसे उनके पंच महाव्रत आज भी जीवन को संतुलित और सार्थक बनाने की राह दिखाते हैं।

वर्तमान समय में भगवान महावीर के संदेश और भी अधिक सार्थक प्रतीत होते हैं। विश्व में हिंसा, युद्ध, आतंकवाद और पर्यावरण संकट चरम पर हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीते दशक में 20 लाख से अधिक लोग हिंसक संघर्षों से विस्थापित हुए हैं और जलवायु परिवर्तन से प्राकृतिक आपदाएँ 35% बढ़ी हैं। ऐसे दौर में उनका 'जियो और जीने दो' सिद्धांत केवल आदर्श नहीं, एक व्यावहारिक मार्ग है। यदि मानवता का एक अंश भी अहिंसा और संयम अपनाए, तो संघर्ष घट सकते हैं और प्रकृति से संतुलन स्थापित हो सकता है। शाकाहार अपनाने से न केवल हिंसा कम होती है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन भी घटता है–यह वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है।

भारत में जैन समुदाय इसका सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है। लगभग 45 लाख अनुयायी आज भी महावीर के सिद्धांतों को जीवन में उतारते हैं। वे अहिंसा के साथ दान, संयम और सेवा द्वारा समाज को सुदृढ़ बनाते हैं। यह संयोग नहीं कि भारत जैसे विविध देश में सह-अस्तित्व की भावना जीवित है–इसका श्रेय महावीर के दर्शन को है। उनके पंच महाव्रत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं–अहिंसा हिंसा से दूर रखती है, सत्य नैतिकता सिखाता है, अस्तेय लोभ से बचाता है, ब्रह्मचर्य संयम देता है और अपरिग्रह संग्रह की प्रवृत्ति को त्यागना सिखाता है। ये सिद्धांत व्यक्ति ही नहीं, समाज को भी समृद्ध बनाते हैं।

महावीर जयंती का दिन केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का एक पवित्र अवसर है–एक ऐसा क्षण, जो हमें अपने भीतर झांकने और आत्म-मंथन करने के लिए प्रेरित करता है। यह हमें याद दिलाता है कि सच्चा धर्म मंदिरों की भव्यता या रस्मों के शोर में नहीं, बल्कि हमारे दैनिक जीवन के सरल, पवित्र और सच्चे कर्मों में निहित है। यह दिन हमें प्रेरणा देता है कि हम अपने भीतर की कमजोरियों–हिंसा, क्रोध और ईर्ष्या–को पहचानें और दृढ़ संकल्प के साथ उन्हें समाप्त करने का प्रयास करें। आज के समय में, जब सोशल मीडिया नफरत और विभाजन को बढ़ावा दे रहा है, महावीर का संदेश एक प्रकाशस्तंभ की तरह हमें मार्ग दिखाता है–यह सिखाता है कि वाणी में संयम और विचारों में शुद्धता ही सच्ची मानवता की पहचान है।

मानव जीवन के समक्ष आज दो स्पष्ट और निर्णायक मार्ग खड़े हैं–या तो हम उस गहन अंधकार में विलीन हो जाएं, जहां हिंसा, स्वार्थ और विनाश की शक्तियां प्रभावी हैं, या महावीर की तपस्या से प्रज्ज्वलित उस दिव्य, शाश्वत ज्योति को पूर्ण श्रद्धा से अपनाएं। यह ज्योति हमारे हृदय में शांति, करुणा और संतुलन का संचार करती है तथा ऐसे विश्व की कल्पना को साकार करती है, जहां प्रत्येक प्राणी प्रेम, सम्मान और सह-अस्तित्व के साथ जीवन व्यतीत करता है। आज, इस पावन और प्रेरणादायी क्षण में, हमें एक दृढ़ और अटूट संकल्प लेना चाहिए–अहिंसा को अपने जीवन का मूल आधार बनाएं, सत्य को अपनी अडिग शक्ति और करुणा को वह दिव्य प्रकाश, जो संपूर्ण संसार को प्रेम, सद्भाव और मानवता की उज्ज्वल आभा से आलोकित कर दे।

महावीर का जीवन एक प्रखर संदेश, जागृत पुकार और अनंत प्रेरणा का स्रोत है। वे बताते हैं कि सच्ची विजय बाहरी संसार में नहीं, बल्कि अपने ही मन के गहरे संघर्षों को जीतने में निहित है। जब हम उनके दिव्य दर्शन को आत्मसात कर अपने आचरण में उतारते हैं, तब उनका प्रकाश हमारे जीवन, समाज और संपूर्ण विश्व को निरंतर आलोकित करता है। यही उनकी जयंती का वास्तविक अर्थ है–एक ऐसी शाश्वत विजय, जो समय की सीमाओं से परे जाकर सदैव मानवता को मुक्ति का पथ दिखाती रहती है। महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। जय महावीर–जय विश्व शांति, जय विश्वमंगल।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# संपादकीय

## युद्ध की हिंसा, उन्माद से त्रासदी झेलता आम आदमी

**पश्चाताप में धधकते परिणाम।**

युद्ध का उन्माद मानव सभ्यता के इतिहास का सबसे त्रासद अध्याय रहा है, जहाँ शक्ति, प्रभुत्व और स्वार्थ की अंधी दौड़ में मनुष्य अपने ही अस्तित्व को दांव पर लगा देता है। जब राष्ट्रवाद की आग विवेक पर भारी पड़ती है, तब युद्ध केवल सीमाओं का संघर्ष नहीं रह जाता, वह मनुष्यता के मूल्यों का भी विध्वंस बन जाता है। युद्ध चाहे किसी भी काल में हुआ हो, उसका परिणाम सदैव एक-सा ही रहा है विनाश, पीड़ा और पश्चाताप। दो विश्व युद्धों की विभीषिका ने यह स्पष्ट कर दिया कि हिंसा से किसी भी समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है, बल्कि यह नई समस्याओं और घावों को जन्म देती है।

युद्ध के मैदान में केवल सैनिक ही नहीं मरते, बल्कि उनके साथ असंख्य निर्दोष नागरिक भी अपनी जान गंवाते हैं, जिनका उस संघर्ष से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता। उनके सपने, उनकी आशाएँ और उनका भविष्य सब कुछ एक पल में राख हो जाता है। जब कोई माँ अपने बेटे को खोती है, जब कोई बच्चा अपने पिता की लाश देखता है, तब राष्ट्र की जीत का कोई अर्थ नहीं रह जाता, केवल एक गहरी शून्यता और असहनीय पीड़ा शेष रह जाती है। यही वह क्षण होता है जब मनुष्य को आत्मज्ञान का बोध होता है कि उसने क्या खो दिया और किस कीमत पर। युद्ध का वास्तविक चेहरा तब सामने आता है जब शहरों के खंडहर, जली हुई फसलें, उजड़े हुए घर और रोते हुए लोग उसकी गवाही देते हैं। आधुनिक समय में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है, चाहे वह रूस-यूक्रेन का संघर्ष हो, इजरायल-फिलिस्तीन का विवाद हो या अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव हर जगह एक समान पीड़ा और विनाश का दृश्य देखने को मिलता है।

इन संघर्षों में सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों के निर्णयों का भार आम नागरिकों को उठाना पड़ता है, जो अपनी जान देकर उन महत्वाकांक्षाओं को पूरा करते हैं जिनसे उनका कोई लेना-देना नहीं होता। युद्ध केवल मानव जीवन को ही नहीं, बल्कि आर्थिक व्यवस्था को भी गहरे संकट में डाल देता है। उद्योग धंधे ठप हो जाते हैं, महंगाई आसमान छूने लगती है, बेरोजगारी बढ़ती है और विकास की गति रुक जाती है। एक देश को वर्षों पीछे धकेल देने वाला यह विनाश केवल भौतिक नहीं होता, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी गहरा असर छोड़ता है। युद्ध के बाद बचता है तो केवल एक टूटा हुआ समाज, जिसमें अविश्वास, भय और असुरक्षा की भावना घर कर जाती है।

यही कारण है कि इतिहास हमें बार-बार यह सिखाने का प्रयास करता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि यह समस्याओं को और जटिल बना देता है। आत्मज्ञानी व्यक्ति और संवेदनशील समाज इस सत्य को समझते हैं कि शांति ही वह मार्ग है जो मानवता को आगे बढ़ा सकता है। युद्ध के बाद जब धूल बैठती है और लोग अपने खोए हुए प्रियजनों की याद में रोते हैं, तब उन्हें यह अहसास होता है कि उन्होंने क्या खोया है और क्या पाया है। उस समय कोई भी जीत सार्थक नहीं लगती, क्योंकि जीत की कीमत बहुत अधिक होती है। युद्ध की राख से उठने वाली यह चेतना ही आत्मज्ञान का वास्तविक रूप है, जो हमें यह समझाती है कि हिंसा और घृणा के मार्ग पर चलकर हम केवल विनाश ही प्राप्त कर सकते हैं। यदि मानवता को बचाना है, तो हमें संवाद, सहिष्णुता और प्रेम का मार्ग अपनाना होगा। युद्ध का उन्माद क्षणिक हो सकता है, लेकिन उसके परिणाम पीढ़ियों तक महसूस किए जाते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम इतिहास से सीख लें और भविष्य को बेहतर बनाने के लिए शांति का मार्ग चुनें, क्योंकि अंततः वही मार्ग हमें सच्चे अर्थों में मानव बनाता है।

**संजीव ठाकुर**

# देविका रानी, जिसने भारतीय सिनेमा उद्योग की दिशा बदल दी

भारतीय सिनेमा के इतिहास में कुछ नाम ऐसे हैं जिन्होंने केवल अभिनय नहीं किया, बल्कि पूरे उद्योग की दिशा और सोच को बदल दिया। देविका रानी उन्हीं विरल व्यक्तित्वों में से एक थीं। उन्हें 'भारतीय सिनेमा की प्रथम महिला' कहा जाता है, और यह उपाधि केवल सम्मानसूचक नहीं बल्कि उनके व्यापक योगदान की सच्ची पहचान है। वह उस दौर में उभरीं जब भारतीय फिल्म उद्योग अपने प्रारंभिक स्वरूप में था और सामाजिक दृष्टि से फिल्मों में काम करना महिलाओं के लिए सहज नहीं माना जाता था। ऐसे समय में देविका रानी ने न केवल अभिनय किया, बल्कि सिनेमा को आधुनिकता, संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकारों से जोड़ा।

देविका रानी का जन्म एक समृद्ध और शिक्षित परिवार में हुआ था, जिसने उन्हें बचपन से ही स्वतंत्र सोच और कला के प्रति झुकाव दिया। उन्होंने अपनी शिक्षा इंग्लैंड में प्राप्त की, जहाँ उन्होंने अभिनय, संगीत, और डिज़ाइन का अध्ययन किया। विदेशी परिवेश में मिली यह शिक्षा उनके व्यक्तित्व को आधुनिक, आत्मविश्वासी और प्रयोगधर्मी बनाती है। यही कारण था कि जब वे भारत लौटीं, तो उनका दृष्टिकोण अपने समय की अन्य अभिनेत्रियों से बिल्कुल अलग था। हिमांशु राय से उनका मिलना उनके जीवन का निर्णायक मोड़ साबित हुआ। दोनों ने मिलकर न केवल विवाह किया, बल्कि भारतीय सिनेमा को नई दिशा देने का संकल्प भी लिया।

1934 में उन्होंने बॉम्बे टॉकीज़ की स्थापना की, जो उस समय का सबसे आधुनिक और संगठित फिल्म स्टूडियो बना। इस स्टूडियो ने भारतीय फिल्मों को तकनीकी और कलात्मक दृष्टि से एक नया स्तर प्रदान किया। यहाँ काम करने का अनुशासन, निश्चित कार्य समय, और कलाकारों को नियमित वेतन देने जैसी व्यवस्थाएँ उस समय क्रांतिकारी थीं। यह स्टूडियो केवल फिल्मों का निर्माण नहीं करता था, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन का केंद्र बन गया था, जिसने भारतीय सिनेमा को पेशेवर रूप दिया।

देविका रानी का अभिनय भी उतना ही प्रभावशाली था जितना उनका प्रबंधन कौशल। उन्होंने 1930 के दशक में कई महत्वपूर्ण फिल्मों में काम किया, जिनमें उनकी जोड़ी अशोक कुमार के साथ विशेष रूप से लोकप्रिय हुई। उनकी फिल्म अछूत कन्या भारतीय सिनेमा की एक मील का पत्थर मानी जाती है। यह फिल्म जाति व्यवस्था जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित थी और एक ब्राह्मण युवक और अछूत लड़की की प्रेम कहानी को प्रस्तुत करती थी। उस समय ऐसे विषयों पर खुलकर बात करना साहस का काम था, और देविका रानी ने अपने अभिनय के माध्यम से समाज के सामने एक महत्वपूर्ण प्रश्न खड़ा किया।

उनकी फिल्मों की विशेषता यह थी कि वे केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं थीं, बल्कि समाज में व्याप्त कुरीतियों, स्त्री की स्थिति, और मानवीय संबंधों की जटिलताओं को भी उजागर करती थीं। उनके पात्र अक्सर परंपराओं को चुनौती देते थे और अपनी इच्छाओं तथा अधिकारों के लिए खड़े होते थे। यही कारण है कि उन्हें एक प्रगतिशील और साहसी अभिनेत्री के रूप में देखा जाता है।

देविका रानी का व्यक्तिगत जीवन भी उतना ही नाटकीय और जटिल था जितना उनका फिल्मी जीवन। उनके जीवन में कई उतार-चढ़ाव आए, जिनमें उनके वैवाहिक संबंधों में तनाव और फिल्मी दुनिया के भीतर की राजनीति भी शामिल थी। एक समय ऐसा भी आया जब उनके और उनके सह-कलाकार के बीच संबंधों की चर्चा ने उनके करियर को प्रभावित किया, लेकिन उन्होंने अपने आत्मबल और पेशेवर दृष्टिकोण से इन परिस्थितियों का सामना किया और पुनः अपने स्थान को स्थापित किया।

1940 में हिमांशु राय के निधन के बाद देविका रानी ने अकेले ही बॉम्बे टॉकीज की जिम्मेदारी संभाली। यह उनके नेतृत्व कौशल का प्रमाण था कि उन्होंने इस स्टूडियो को न केवल बनाए रखा बल्कि उसे सफलतापूर्वक आगे भी बढ़ाया। उन्होंने कई नई प्रतिभाओं को अवसर दिया, जिनमें आगे चलकर भारतीय सिनेमा के बड़े नाम बने कलाकार भी शामिल थे। इस प्रकार वे केवल एक अभिनेत्री नहीं, बल्कि एक निर्माता और मार्गदर्शक भी थीं।

हालाँकि, समय के साथ स्टूडियो के भीतर मतभेद और उद्योग की बदलती परिस्थितियों ने उन्हें फिल्म जगत से दूर कर दिया। 1945 में उन्होंने फिल्मों से संन्यास ले लिया और बाद में रूसी चित्रकार स्वेतोस्लाव रोएरिच से विवाह कर लिया। इसके बाद उन्होंने अपेक्षाकृत शांत जीवन बिताया और सार्वजनिक जीवन से दूरी बना ली। लेकिन उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सका।

देविका रानी को उनके अद्वितीय योगदान के लिए अनेक सम्मान मिले। उन्हें भारत का सर्वोच्च सिनेमा सम्मान, दादा साहेब फाल्के पुरस्कार, प्राप्त करने वाली पहली कलाकार होने का गौरव मिला। यह सम्मान उनके द्वारा स्थापित मानकों और उनके द्वारा सिनेमा को दिए गए नए आयामों की स्वीकृति था।

उनकी विरासत केवल उनकी फिल्मों तक सीमित नहीं है, बल्कि उस दृष्टिकोण में भी है जो उन्होंने भारतीय सिनेमा को दिया। उन्होंने यह सिद्ध किया कि सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का सशक्त साधन भी हो सकता है। उन्होंने महिलाओं के लिए इस क्षेत्र में नए द्वार खोले और यह दिखाया कि वे केवल पर्दे पर ही नहीं, बल्कि पर्दे के पीछे भी नेतृत्व कर सकती हैं।

आज जब हम भारतीय सिनेमा के विकास को देखते हैं, तो स्पष्ट होता है कि उसकी नींव में देविका रानी जैसे व्यक्तित्वों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने न केवल अपने समय को प्रभावित किया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी मार्ग प्रशस्त किया। उनका जीवन संघर्ष, साहस, और सृजनात्मकता का अद्भुत उदाहरण है, जो यह सिखाता है कि यदि दृष्टि स्पष्ट हो और संकल्प मजबूत, तो कोई भी बाधा व्यक्ति को अपने लक्ष्य से नहीं रोक सकती। देविका रानी का नाम भारतीय सिनेमा के इतिहास में सदैव सम्मान के साथ लिया जाएगा, क्योंकि उन्होंने केवल अभिनय नहीं किया, बल्कि एक स्वर्णिम युग का निर्माण किया।

**महेन्द्र तिवारी**

# आज के अशांत युग में भगवान महावीर के सिद्धांतों की अमर प्रासंगिकता

**31 मार्च महावीर जयंती**

मानव सभ्यता आज अभूतपूर्व विकास के शिखर पर खड़ी है, परंतु इसके साथ ही हिंसा, तनाव, लालच और असंतुलन भी बढ़ता जा रहा है। भौतिक उपलब्धियों के बावजूद मनुष्य भीतर से अशांत और असंतुष्ट दिखाई देता है। ऐसे समय में भगवान महावीर के लगभग दो हजार छह सौ वर्ष पुराने सिद्धांत आज भी उतने ही प्रभावी और आवश्यक प्रतीत होते हैं। उनका संदेश केवल आध्यात्मिक उन्नति तक सीमित नहीं था, बल्कि वह एक संतुलित, शांत और नैतिक समाज की स्थापना का मार्ग भी दिखाता है।

भगवान महावीर ने पंचमहाव्रतों के माध्यम से जीवन को अनुशासित और सार्थक बनाने की दिशा प्रदान की। अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह केवल धार्मिक नियम नहीं हैं, बल्कि जीवन के ऐसे आधार हैं जो व्यक्ति को भीतर से मजबूत और समाज को बाहर से स्थिर बनाते हैं।

अहिंसा का सिद्धांत आज के युग में सबसे अधिक प्रासंगिक है। आज विश्व के अनेक हिस्सों में संघर्ष और युद्ध की स्थितियां बनी हुई हैं। समाज में भी छोटी छोटी बातों पर हिंसा बढ़ती जा रही है। ऐसे में महावीर का संदेश कि किसी भी प्राणी को मन, वचन और कर्म से कष्ट न पहुंचाया जाए, अत्यंत महत्वपूर्ण बन जाता है। अहिंसा केवल शारीरिक हिंसा से बचना नहीं है, बल्कि यह विचारों और शब्दों में भी करुणा का समावेश है। यदि व्यक्ति अपने भीतर करुणा विकसित कर ले, तो समाज में शांति स्वतः स्थापित हो सकती है।

सत्य का पालन भी उतना ही आवश्यक है। आज के समय में झूठ, छल और स्वार्थ ने सामाजिक विश्वास को कमजोर किया है। महावीर ने सिखाया कि सत्य केवल बोलना ही नहीं, बल्कि ऐसा सत्य बोलना है जो हितकारी हो। सत्य का मार्ग कठिन अवश्य है, परंतु यही समाज को स्थिरता और विश्वास प्रदान करता है। जब व्यक्ति सत्य का अनुसरण करता है, तो उसके संबंध मजबूत होते हैं और समाज में पारदर्शिता बढ़ती है।

अचौर्य का सिद्धांत लालच पर नियंत्रण का मार्ग दिखाता है। आज उपभोग और प्रतिस्पर्धा की भावना ने व्यक्ति को अधिक से अधिक प्राप्त करने की दौड़ में लगा दिया है। इस दौड़ में कई बार वह अनुचित मार्ग अपना लेता है। महावीर का यह सिद्धांत सिखाता है कि जो हमारा नहीं है, उसे प्राप्त करने का प्रयास भी नहीं करना चाहिए। यह विचार समाज में ईमानदारी और संतोष की भावना को बढ़ाता है।

ब्रह्मचर्य का अर्थ केवल इंद्रिय संयम नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनुशासन और संतुलन बनाए रखना है। आज के तनावपूर्ण जीवन में मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास बनता जा रहा है। परिणामस्वरूप मानसिक अशांति और असंतोष बढ़ता है। यदि व्यक्ति अपने मन और इंद्रियों पर नियंत्रण रखे, तो वह मानसिक शांति और स्थिरता प्राप्त कर सकता है। यही संयम उसे सही निर्णय लेने में भी सहायता करता है।

अपरिग्रह का सिद्धांत आज के समय में सबसे अधिक उपयोगी सिद्ध होता है। वर्तमान युग में उपभोग और संग्रह की प्रवृत्ति ने प्राकृतिक संसाधनों पर अत्यधिक दबाव डाल दिया है। पर्यावरण संकट, जल की कमी और प्रदूषण इसी का परिणाम हैं। महावीर ने सिखाया कि आवश्यकता से अधिक संग्रह नहीं करना चाहिए। यदि मनुष्य इस सिद्धांत को अपनाए, तो न केवल पर्यावरण की रक्षा संभव है, बल्कि समाज में संसाधनों का समान वितरण भी सुनिश्चित हो सकता है।

महावीर का एक और महत्वपूर्ण सिद्धांत अनेकांत दर्शन है। इसका अर्थ है कि सत्य के अनेक पक्ष होते हैं। आज के समय में वैचारिक असहिष्णुता बढ़ती जा रही है। लोग अपने विचारों को ही अंतिम सत्य मानते हैं और दूसरों के विचारों को स्वीकार नहीं करते। इससे समाज में विभाजन और संघर्ष बढ़ता है। अनेकांत का सिद्धांत सिखाता है कि हर व्यक्ति का दृष्टिकोण अलग हो सकता है और उसे समझने का प्रयास करना चाहिए। यह विचार सहिष्णुता और संवाद की संस्कृति को बढ़ावा देता है।

महावीर का संदेश जियो और जीने दो आज भी उतना ही सार्थक है। यह केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि जीवन जीने की संपूर्ण दिशा है। यदि हर व्यक्ति इस सिद्धांत को अपनाए, तो समाज में नफरत और हिंसा का स्थान प्रेम और सहअस्तित्व ले सकता है। यह संदेश हमें सिखाता है कि हम अपने अधिकारों के साथ दूसरों के अधिकारों का भी सम्मान करें। जैन धर्म की साधना पद्धति भी आज के समय में अत्यंत उपयोगी है। सामयिक का अभ्यास व्यक्ति को वर्तमान में जीना सिखाता है। इससे मन की चंचलता कम होती है और ध्यान केंद्रित होता है। प्रतिक्रमण आत्मविश्लेषण का माध्यम है। इसमें व्यक्ति अपने द्वारा किए गए गलत कार्यों पर विचार करता है और उन्हें सुधारने का संकल्प लेता है। इससे आत्मशुद्धि होती है और व्यक्ति बेहतर बनने की दिशा में अग्रसर होता है।

उपवास का महत्व भी केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है। यह शरीर और मन दोनों को शुद्ध करता है। उपवास से शरीर को विश्राम मिलता है और मन में अनुशासन आता है। इससे इच्छाओं पर नियंत्रण बढ़ता है और व्यक्ति आत्मसंयम की ओर अग्रसर होता है। आज के समय में जब अनियमित जीवनशैली के कारण अनेक रोग उत्पन्न हो रहे हैं, उपवास का अभ्यास स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी सिद्ध हो सकता है।

महावीर ने समानता का भी संदेश दिया। उन्होंने जाति, धर्म और लिंग के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव का विरोध किया। आज के समाज में भी भेदभाव की समस्याएं बनी हुई हैं। ऐसे में उनका यह विचार अत्यंत प्रासंगिक है कि सभी जीव समान हैं और सभी को समान अधिकार मिलना चाहिए। यह दृष्टिकोण समाज में न्याय और समरसता स्थापित करने में सहायक होता है।

यदि हम आज के समाज की स्थिति पर विचार करें, तो स्पष्ट होता है कि महावीर के सिद्धांत केवल आदर्श नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुके हैं। हिंसा, तनाव, पर्यावरण संकट और सामाजिक असमानता जैसी समस्याओं का समाधान उनके विचारों में निहित है। उनके सिद्धांत व्यक्ति को भीतर से बदलने का आह्वान करते हैं, क्योंकि जब व्यक्ति बदलता है, तभी समाज बदलता है।

मेरे विचार से महावीर की शिक्षाएं केवल धार्मिक ग्रंथों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें दैनिक जीवन में अपनाया जाना चाहिए। यदि व्यक्ति अपने व्यवहार में अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह को स्थान दे, तो उसका जीवन स्वयं ही संतुलित और सुखी बन सकता है। यह परिवर्तन धीरे धीरे समाज में भी दिखाई देगा।

अंततः यह कहा जा सकता है कि भगवान महावीर के सिद्धांत कालातीत हैं। वे किसी एक युग या समाज के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए हैं। आज जब दुनिया अनेक संकटों से जूझ रही है, उनके विचार एक प्रकाश स्तंभ की तरह मार्गदर्शन करते हैं। यदि हम उनके संदेश को समझकर उसे अपने जीवन में उतारें, तो एक शांत, संतुलित और समृद्ध समाज की स्थापना संभव है।

**कांतिलाल मांडोत**

# बड़े आर्थिक फैसले, मगर आम आदमी की मुश्किलें और बड़ी

**[ करों में कमी आई, पर जेब पर बोझ कम क्यों नहीं हुआ? ]**

ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष की तपिश में उबलता होर्मुज स्ट्रेट आज भारत की आर्थिक नब्ज़ पर रखा वह दबाव है, जो हर धड़कन के साथ महंगाई की सुई को और ऊपर चढ़ा रहा है। कच्चे तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी हैं और आयात पर निर्भर देश के लिए यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि आम आदमी की रोजमर्रा की जंग बन चुका है। सुबह की चाय से लेकर रात की रसोई तक, हर खर्च में ईंधन की आग झलक रही है। ऐसे समय में जब सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपये की कटौती का ऐलान किया, तो लगा जैसे राहत की पहली बूंद गिरी है—लेकिन जब पेट्रोल पंप पर कीमतें जस की तस रहीं, तो यह बूंद भी धुएं में बदलती नजर आई। सवाल अब और तीखा हो गया है—क्या यह राहत सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी है या सच में जनता तक पहुंचेगी? सरकार का कदम निश्चित रूप से त्वरित और साहसिक कहा जा सकता है। राजस्व में भारी कमी का जोखिम उठाकर केंद्र ने पेट्रोल और डीजल पर कर घटाए, ताकि तेल कंपनियों के बढ़ते घाटे को थामा जा सके। पेट्रोलियम क्षेत्र के जानकारों के अनुसार कंपनियां प्रति लीटर भारी नुकसान झेल रही थीं, और यह कटौती उनके अस्तित्व को संतुलित करने के लिए जरूरी थी। लेकिन इस निर्णय ने एक नया द्वंद्व भी पैदा कर दिया—सरकार ने अपनी आमदनी छोड़ी, कंपनियों को राहत दी, पर उपभोक्ता को तत्काल राहत क्यों नहीं मिली? यही वह बिंदु है जहां नीति की मंशा और उसके प्रभाव के बीच की दूरी साफ दिखाई देती है। दरअसल, ईंधन मूल्य निर्धारण की परतें इतनी जटिल हैं कि एक स्तर पर किया गया सुधार दूसरे स्तर पर जाकर निष्प्रभावी हो जाता है। अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, राज्यों द्वारा लगाए गए वैट, डीलर कमीशन और अन्य शुल्क—इन सबका संयुक्त प्रभाव यह रहा कि एक्साइज कटौती का लाभ सीधे उपभोक्ता तक नहीं पहुंच सका। नतीजा यह हुआ कि कीमतें बढ़ने से जरूर बचीं, लेकिन घट भी नहीं सकीं। आम आदमी के लिए यह गणित नहीं, बल्कि अनुभव है—जब जेब से उतना ही पैसा निकल रहा है, तो राहत का दावा खोखला लगता है। इस महंगाई का दायरा ईंधन तक सीमित नहीं, बल्कि यह पूरे आर्थिक तंत्र में फैल चुकी है। परिवहन महंगा होने से खाद्य पदार्थों के दाम तेजी से बढ़े हैं, और इसका सीधा असर मध्यम और निम्न वर्ग पर पड़ा है। थोक मूल्य सूचकांक का उछाल इस बात का संकेत है कि बाजार में लागत का दबाव लगातार बढ़ रहा है। रसोई गैस, दूध, सब्जियां—हर जरूरी वस्तु अब पहले से ज्यादा महंगी हो चुकी है। यह स्थिति केवल खर्च बढ़ने की नहीं, बल्कि जीवन स्तर के गिरने की भी है, जहां आम आदमी अपनी जरूरतों को सीमित करने के लिए मजबूर हो रहा है।

विशेषज्ञों का आकलन इस संकट को और गहराई से समझने की ओर इशारा करता है। भारत की ऊर्जा निर्भरता और वैश्विक बाजार पर अत्यधिक आश्रय इस समस्या की जड़ है। जब भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव बढ़ता है, भारत की अर्थव्यवस्था पर उसका सीधा प्रभाव पड़ता है। हर 10 डॉलर की वृद्धि महंगाई को और बढ़ा देती है, जिससे मौद्रिक नीति की सीमाएं भी उजागर हो जाती हैं। यदि सरकार ने समय पर हस्तक्षेप न किया होता, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। लेकिन यह भी स्पष्ट है कि केवल तात्कालिक राहत से इस दीर्घकालिक समस्या का समाधान संभव नहीं।

यहीं पर सरकार की भूमिका और अधिक व्यापक हो जाती है। केवल करों में कटौती करना पर्याप्त नहीं, बल्कि ऊर्जा नीति को दीर्घकालिक दृष्टि से पुनर्गठित करना आवश्यक है। रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को मजबूत करना, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना और आयात के स्रोतों में विविधता लाना—ये कदम अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुके हैं। यदि इन क्षेत्रों में ठोस निवेश और नीतिगत स्पष्टता लाई जाए, तो भविष्य में ऐसे संकटों का प्रभाव काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके साथ ही, राहत उपायों को अधिक लक्षित और प्रभावी बनाने की जरूरत है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए जरूरतमंद वर्ग को सीधी सहायता दी जा सकती है, जिससे राहत का असर तुरंत महसूस हो। राज्य सरकारों के साथ समन्वय स्थापित कर वैट में कमी लाने की दिशा में भी ठोस पहल जरूरी है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया पारदर्शी हो, ताकि जनता को यह समझ आ सके कि कीमतों में बदलाव क्यों नहीं हो रहा। जब जानकारी स्पष्ट होती है, तो असंतोष की जगह समझ पैदा होती है। महंगाई पर नियंत्रण केवल नीतिगत निर्णयों का मामला नहीं, बल्कि शासन की इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता की परीक्षा है। आम जनता को राहत तब मिलेगी जब नीतियां कागजों से निकलकर वास्तविक जीवन में असर दिखाएंगी। आज जरूरत है एक ऐसे दृष्टिकोण की, जो संकट को अवसर में बदले और भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाए। जब पेट्रोल पंप पर कीमतें सच में घटेंगी और बाजार में राहत दिखेगी, तभी यह भरोसा लौटेगा कि सरकार के फैसले केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि समाधान भी हैं।

# अनुभवी शिक्षकों की गरिमा का प्रश्न- टीईटी परीक्षा ?

देश की शिक्षा व्यवस्था आज एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के बाद देशभर के सरकारी स्कूलों में वर्षों से सेवाएं दे रहे प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक मानसिक दबाव और असमंजस की स्थिति में हैं। इस निर्णय के अनुसार अब ऐसे शिक्षकों के लिए भी शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है, जो पिछले दो से तीन दशकों से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। निस्संदेह, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के लागू होने के बाद शिक्षकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु टीईटी जैसी परीक्षा का प्रावधान एक सकारात्मक कदम था। इससे नई भर्ती होने वाले शिक्षकों की योग्यता और दक्षता का मानकीकरण संभव हुआ है। लेकिन प्रश्न यह उठता है कि क्या यह प्रावधान उन शिक्षकों पर भी समान रूप से लागू किया जाना चाहिए, जिन्होंने 2009 से पहले राज्य सरकारों की नीतियों के तहत विधिवत नियुक्ति प्राप्त की थी और वर्षों से शिक्षा क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं? ये वे शिक्षक हैं जिन्होंने सीमित संसाधनों और अनेक चुनौतियों के बावजूद न केवल विद्यार्थियों को शिक्षित किया, बल्कि बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम भी दिए और शिक्षा के नए आयाम स्थापित किए। ऐसे में उनके अनुभव और योगदान को नजरअंदाज करते हुए उन्हें पुनः परीक्षा देने के लिए बाध्य करना उनकी गरिमा और आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने जैसा प्रतीत होता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि अन्य प्रतिष्ठित सेवाओं–जैसे प्रशासनिक, चिकित्सा या इंजीनियरिंग–में कार्यरत अधिकारियों से वर्षों की सेवा के बाद पुनः मूल पात्रता परीक्षा देने की अपेक्षा नहीं की जाती। ऐसे में शिक्षकों के साथ इस प्रकार का व्यवहार एक असमान दृष्टिकोण को दर्शाता है। हालांकि न्यायालय के निर्णय में यह प्रावधान रखा गया है कि जिन शिक्षकों की सेवा अवधि पाँच वर्ष से कम शेष है, उन्हें इस परीक्षा से छूट दी गई है। फिर भी बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षक हैं जिनके सामने यह अनिवार्यता एक गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। परीक्षा में असफल होने की स्थिति में नौकरी पर संकट की आशंका उन्हें मानसिक रूप से प्रभावित कर रही है। यह आवश्यक है कि इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार किया जाए। पदोन्नति के लिए योग्यता आधारित परीक्षाओं का प्रावधान स्वागत योग्य है और इससे प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि हो सकती है। किंतु वर्षों से कार्यरत शिक्षकों के लिए ऐसी परीक्षा को अनिवार्य बनाकर उनकी नौकरी को जोखिम में डालना न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। अतः केंद्र सरकार से अपेक्षा है कि वह इस विषय में सकारात्मक पहल करे। चाहे पुनर्विचार याचिका के माध्यम से या फिर संसद में आवश्यक संशोधन लाकर, ऐसे शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से राहत प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त किया जाए। यह न केवल शिक्षकों के सम्मान की रक्षा करेगा, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में स्थिरता और विश्वास भी बनाए रखेगा। अंततः, यह केवल एक परीक्षा का विषय नहीं है, बल्कि उन लाखों शिक्षकों के आत्मसम्मान और उनके वर्षों के समर्पण की पहचान का प्रश्न है, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**अरविंद रावल**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### आर्म्स एक्ट में निरूद्ध वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**रूद्रपुर, देवरिया।** बीते 26 फरवरी को रूद्रपुर पिड़रा मार्ग पर विकास तिवारी की गाड़ी पर फायर कर जानलेवा हमला करने के जुर्म में वांछित चल रहे अभियुक्त हरिओम यादव पुत्र धर्मेंद्र यादव निवासी रामचक थाना कोतवाली रूद्रपुर को रविवार को फतेहपुर के शिवाला के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। उक्त आरोपी इस मामले का चौथा वांछित था। इसके पूर्व तीन हमलावरों को पुलिस ने बीते 3 मार्च को गिरफ्तार कर लिया था। कोतवाल कल्याण सिंह सागर ने बताया कि पुलिस ने अभियुक्त के पास से घटना में इस्तेमाल 315 बोर का तमंचा व कारतूस भी बरामद किया है।

### पेड़ काटने के विवाद को लेकर हुआ मारपीट, पीड़ित के तहरीर पर मुकदमा हुआ दर्ज




**गोलाबाजार गोरखपुर** – गोला उपनगर के वार्ड नं 5 स्थित बिसरा मंदिर के पास जबरन पेड़ काटने के मामले में हुए मारपीट पर पीड़ित के लिखित तहरीर पर गोला थाने में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। प्राप्त विवरण के अनुसार वार्ड नं 5 बिसरा मंदिर निवासी ओम प्रकाश शर्मा पुत्र स्व राम भजन शर्मा ने लिखित तहरीर में बताया है कि उनके घर के बाउंड्री में लगे पेड़ को उनका पटीदार अनूप शर्मा पुत्र राम प्रकाश शर्मा दिनांक 26 मार्च को रात्रि में लगभग 2 बजे काटने लगा। जब प्रार्थी ने पेड़ काटने से मना किया तो उक्त अनूप लाठी से मारकर घायल कर दिया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। प्रार्थी बहुत डरा सहमा है और अपने साथ किसी अनहोनी से आतंकित है। उक्त मामले में एसएचओ गोला राकेश रोशन सिंह के निर्देश पर अनूप शर्मा पर बीएनएस की धारा 115(2), 352 व 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के रुद्रपुर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्त हरिओम यादव उर्फ बिट्टू उर्फ राका को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। यह मामला बीते 26 फरवरी का है, जब पुरानी रंजिश को लेकर अभियुक्त और उसके साथियों ने कार सवार लोगों को घेरकर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। इस मामले में अन्य अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। देवरिया पुलिस ने बताया कि जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

### प्रेस क्लब प्रतापगढ़ के संपन्न चुनाव में सत्येंद्र अध्यक्ष व नवीन महामंत्री निर्वाचित



**प्रतापगढ़।** प्रेस क्लब प्रतापगढ़ का निर्वाचन रविवार को होटल वत्स में संपन्न हुआ, जिसमें सत्येंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष, शेषनारायण यादव अजय उपाध्यक्ष, नवीन श्रीवास्तव महामंत्री, देवेंद्र नारायण मिश्र सचिव,अंशुमान सिंह कोषाध्यक्ष, अब्दुल मुहीब संगठन मंत्री, आसिफ सिद्दीकी प्रेस प्रवक्ता निर्वाचित हुए हैं चुनाव अधिकारी जगत बहादुर सिंह, मोहम्मद शरीफ खान, आशीष गौतम, पंकज दुबे के निगरानी में चुनाव संपन्न हुआ।इस मौके पर अजय कुमार पांडे शिव शंकर तिवारी प्रदीप गौतम नज्मे हसन मोहम्मद इरशाद शाहिर प्रमोद श्रीवास्तव मनोज तिवारी जगन्नाथ बनवाल दीपेंद्र तिवारी हरिलाल विश्वकर्मा मोहम्मद मुकीम मोहम्मद सोहेल जय सिंह बहादुर सिंह शिवप्रसाद गौतम प्रमोद गौतम गणेश प्रसाद शुक्ला उदय मौर्य आशुतोष पाल सीता देवी राम सिंह शमशुल यासीन अजय कुमार पांडे शिव शंकर तिवारी अरविंद दुबे राकेश मिश्रा चक्रधर मिश्रा अब्दुल कादिर कमलेश कुमार यादव प्रदीप मिश्रा सिद्धार्थ ओझा अरविंद नाथ पांडे नुरुल हुदा मोहम्मद सईद उधम सिंह कार्तिकेय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान: इतिहास, विचारधारा और कार्यपद्धति पर हुआ व्यापक मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी गोरखपुर** – भाजपा मण्डल उनवल में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं को संगठन के इतिहास, विचारधारा, कार्यपद्धति और बूथ प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रथम (उद्घाटन) सत्र में निवर्तमान जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह ने 'भाजपा का इतिहास एवं विकास' विषय पर प्रकाश डालते हुए पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा को रेखांकित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के मूल सिद्धांतों को आत्मसात कर समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। सत्र की अध्यक्षता इन्द्र कुमार निगम ने की तथा संचालन मण्डल महामंत्री योगेश वर्मा ने किया। द्वितीय सत्र में सरोज रंजन शुक्ल ने 'भाजपा का विचार अधिष्ठान' विषय पर अपने विचार रखते हुए एकात्म मानववाद को संगठन की मूल विचारधारा बताया और कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करने की प्रेरणा दी। इस सत्र की अध्यक्षता गंगोत्री राम त्रिपाठी ने की तथा संचालन इन्द्र कुमार निगम ने किया।

अन्य सत्रों में जिला उपाध्यक्ष छोटेलाल मौर्य ने 'भाजपा की कार्य पद्धति' विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा की कार्यशैली अन्य दलों से अलग है, जहां संगठन सर्वोपरि होता है और प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। उन्होंने बूथ स्तर तक सक्रियता, अनुशासन और निरंतर जनसंपर्क को संगठन की मजबूती का आधार बताते हुए कार्यकर्ताओं से हर स्तर पर सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से मिली सीख को जमीनी स्तर पर लागू करना ही वास्तविक सफलता है। द्वितीय दिवस के समापन सत्र में सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुवे अपने व मुख्यमंत्री द्वारा गोरखपुर व सहजनवा विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच और जनकल्याणकारी योजनाओं को रेखांकित करते हुए उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं और बूथ स्तर की मजबूती से ही बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। समापन सत्र की अध्यक्षता मण्डल उपाध्यक्ष सुमित सिंह ने की। अंत में सुमित सिंह ने सत्र समापन की घोषणा के साथ ही पूरे प्रशिक्षण महाअभियान के सफल समापन की औपचारिक घोषणा की।

कार्यक्रम में संयोजक गंगोत्री राम त्रिपाठी, रामपाल सिंह नगर अध्यक्ष उनवल महेश दूबे, घनश्याम मिश्रा, राम प्रकाश चौरसिया संतोष राम त्रिपाठी, प्रदीप सिंह सहित मण्डल के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी उनवल मंडल के सभी सक्रिय सदस्य तथा सभी बूथ कमेटी के सदस्य गण शक्ति केंद्र संयोजक एवं पदाधिकारी गण एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण महाअभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक मजबूती और कार्यपद्धति की गहन जानकारी प्राप्त हुई, जिससे संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बल मिला।

# 100 अधिकारियों एवं 100 महिला स्वयं सहायता समूह का आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ।** जितेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबन्धन कानपुर नगर के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण कानपुर नगर द्वारा जनपद के 100 अधिकारियों का दिनांक 27 मार्च, 2026 को तथा 100 महिला स्वयं सहायता समूह का दिनांक 29 मार्च, 2026 को बी0एन0एस0डी0 शिक्षा निकेतन, बेनाझाबर, कानपुर नगर में ''आपदा जोखिम न्यूनीकरण'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री विवेक चतुर्वेदी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) कानपुर नगर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण के दौरान राज्य आपदा मोचक बल से श्री अंकित यादव की टीम द्वारा आपदा के दौरान जीवन रक्षा सम्बन्धित उपायों पर चर्चा करते हुये प्राथमिक उपचार जिसमें रक्तश्राव, बैन्डैजिंग, सी0पी0आर0 आदि विषयों पर जानकारी के साथ-साथ डेमो प्रस्तुत किये। श्री प्रदीप कुमार, अग्निशमन अधिकारी, कर्नलगंज, कानपुर नगर द्वारा आग लगने के कारणों, आग बुझाने के सिद्वान्त पर चर्चा करते हुये रसायनिक अग्निशामक यन्त्रों को चलाये जाने का डेमो प्रस्तुत किया। श्री विमलेश कुमार, सहायक उपनियन्त्रक, नागरिक सुरक्षा द्वारा शिविल डिफेन्स का आपदा में क्या महत्व है और नागरिक सुरक्षा की सेवायें व रेस्क्यू के संबंध में जानकारी प्रदान की। श्री लखन कुमार शुक्ला, मुख्य आपदा प्रशिक्षक, आपदा प्रबन्धन द्वारा धुऐं में फंसे लोगों को, बिल्डिंग में फंसे हुये लोगों को, फायरमैन लिफ्ट, टू हैण्डशीट, फोर हैण्डशीट द्वारा रेस्क्यू किये जाने का डेमो, कम्बल और बोरी से स्ट्रेचर बनाना, हीटवेव से बचाव के उपाय पर गहनता से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का समापन पुष्पेन्द्र कुमार, अपर नगर मजिस्ट्रेट (पंचम)/प्रभारी अधिकारी (दै0आ0), कानपुर नगर ने किया तथा उन्होंने अपने उदभोदन में कहा कि समाज के हर नागरिक को आपदा प्रबन्धन की जानकारी नितान्त आवश्यक है, ताकि विषम परिस्थितियों में जन और धन की हानि को रोका जा सके। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन जुगबीर सिह, आपदा विशेषज्ञ, कानपुर नगर ने किया।

# गोंडा के इन 11 रूटों पर चलेंगी बस, ग्राम परिवहन योजना से सुगम होगा लोगों का सफर; विभाग ने पूरी की तैयारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत ब्लाक मुख्यालयों को जिला मुख्यालय से जोड़ने की पहल शुरू हो गई है। 11 ग्रामीण मार्गो पर संचालन के लिए निजी वाहन स्वामियों ने अपनी बसें लगाई हैं, जिनका कुछ ही दिन में संचालन होने लगेगा। लंबे समय से परिवहन विभाग व रोडवेज के अधिकारी 15 से 28 सीट वाली निजी बसें खोज रहे थ,जिस पर पांच वाहन स्वामियों ने अपनी बसे लगाने के लिए आवेदन किया है। शिवानी बस सर्विस के निदेशक रजनीश मिश्र ने गौरा, बभनान, धुसवा समेत पांच मार्गो के लिए बसे लगाई हैं जबकि अन्य वाहन स्वामियों ने रेहरा बाजार, पसका बाजार,अमदही समेत अन्य ग्रामीण मार्गो पर बसे चलाने के लिए आवेदन किया है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कपिल देव ने बताया कि 11 मार्गो के लिए निजी बसें मिल गई है,जिनके संचालन की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही इन बसों का संचालन शुरू करा दिया जाएगा,जिससे ग्रामीणों को सस्ते सफर की सुविधा मिलने लगेगी।

**रोडवेज की जमीन से अतिक्रमण हटा न दूर हुआ जाम का दर्द**

रोडवेज बस अड्डे के सुंदरीकरण के लिए न तो उसकी जमीन से अतिक्रमण हटाया गया न ही जाम से निजात मिली। रोडवेज के कर्मचारी नेता अरुण भान तिवारी ने बताया कि कुछ दिन सदर तहसील के राजस्व कर्मियों की नाप जोख में रोडवेज की जमीन पर अतिक्रमण मिला था लेकिन इसे अब तक नहीं खाली कराया गया। ऐसे में बस अड्डे के सुंदरीकरण की आस टूटती जा रही है। साथ ही लखनऊ समेत विभिन्न शहरों से आने वाली अधिकांश बसें सड़क पर ही खड़ी रहती है,जो जाम का कारण बनती हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद कुमार ने बताया कि रोडवेज की जमीन से अतिक्रमण क्यों नही हटा, इस बावत सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से जानकारी ली जाएगी।

# गोंडा में 21.47 करोड़ के बैंक घोटाले में 11 आरोपित फरार, ऑडिट के दौरान पकड़ी थी अनियमितता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोंडा।** उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव बैंक की एक शाखा में लगभग 21.47 करोड़ रुपये का बड़ा ऋण घोटाला दो माह पहले सामने आया था। इस मामले में बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक, कैशियर और कुछ खाताधारकों समेत 16 लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई थी। पुलिस अभी तक तत्कालीन शाखा प्रबंधक पवन कुमार पाल व गीता देवी समेत चार को ही गिरफ्तार कर सकी है। वहीं, एक आरोपित की मौत हो चुकी है जबकि, 11 आरोपित फरार हैं। महाप्रबंधक/मुख्य प्रबंधक भुवन चंद सती ने दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा कि चार्टर्ड एकाउंटेंट ने आडिट के दौरान अनियमितता पकड़ी थी। दो जनवरी 26 को आख्या दी। तत्कालीन शाखा प्रबंधक पवन कुमार पाल निवासी अयोध्या के नाका जनौरा कृष्णानगर कालोनी, तत्कालीन शाखा प्रबंधक अजय कुमार निवासी 21/248 पंचवटी नरही लखनऊ व तत्कालीन प्रबंधक सुशील कुमार गौतम निवासी 538/892 निराला नगर लखनऊ ने ऋण वितरण में अनियमितता की।

**नहीं किया गया सत्यापन**

सगे संबंधियों के खाते में धनराशि भेजकर निकलवा ली। यही नहीं, ऋण वितरण से पूर्व आवश्यक अभिलेखों का सत्यापन भी शाखा स्तर पर नहीं किया गया। बैंक के पांच आंतरिक खातों से अनधिकृत रूप से डेबिट करके विभिन्न खातों में 46.13 लाख की धनराशि कर गबन किया गया। इसके अलावा शाखा के 205 खाताधारकों के ऋण व बचत खातों से 21 करोड़ 47 लाख 78 हजार की धनराशि निकाली गई है। मुख्य प्रबंधक भुवनचंद सती के मुताबिक शाखा प्रबंधकों ने स्वयं, अपने परिवार व परिचितों का गिरोह तैयार किया। बैंक से ऋण लेने वाले खाताधारकों के खाते का पैसा निकालकर गिरोह के सदस्यों के खाते में भेज दिया गया। इतना ही नहीं, बहलोलपुर निवासी शिवेंद्र दुबे ने बैंक से नौ लाख रुपये का ऋण लिया और किस्त जमा करते रहे। बाद में उन्हें पता चला कि उनके खाते से 31 लाख का ऋण लिया गया है। ऐसे ही करीब चार वर्ष खेल चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि तीन प्रबंधकों समेत 16 आरोपितों पर मुकदमा किया गया है। चार आरोपितों की गिरफ्तारी की गई है। एक की मौत हो चुकी है। शेष 11 आरोपितों की तलाश की जा रही है।

### वाहन चोरी गिरोह का खुलासा, 8 बाइक बरामद

**देवरिया।** जनपद के थाना कोतवाली और एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने चोरी की 3 घटनाओं का खुलासा करते हुए 8 चोरी की मोटरसाइकिल के साथ 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से एक अवैध देशी तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया।

पुलिस के अनुसार, चेकिंग के दौरान सिंचाई विभाग चौराहे के पास दो अभियुक्तों को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपने साथी के साथ मिलकर वाहन चोरी करने और नंबर प्लेट बदलकर मोटरसाइकिल बेचने की बात कबूल की। उनकी निशानदेही पर चंडिका छात्रावास के पास से 6 और चोरी की बाइक बरामद कर तीसरे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गोलबंद होकर जान से मारने की धमकी व हमला करने के प्रकरण पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा हुआ दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोलाबाजार गोरखपुर**- गोला थाना अंतर्गत ग्राम कोहरा बुजुर्ग निवासी एक व्यक्ति ने गांव के हीआठ लोगों पर गोलबंद होकर जान मारने की नीयत से हमला जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए स्थानीय। थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया है। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम कोहरा बुजुर्ग निवासी अनूप चंद पुत्र स्व नरसिंह चंद ने गांव के ही आठ लोगों पर गंभीर आरोप लगाया। प्रार्थी के अनुसार उसके गांव के लालू चंद पुत्र जगदीश चंद, कुलदीप चंद पुत्र चंद्रभूषण, करिश्मा चंद पुत्री जगदीश चंद, शिव बहादुर चंद पुत्र रामदेव चंद, आशा चंद पत्नी जगदीश चंद, लालमुनि चंद पत्नी शिव बहादुर चंद , आयुष सिंह पुत्र तहसीलदार सिंह व कुंवर चंद पुत्र अशोक चंद सब लोग गोलबंद होकर प्रार्थी को जान से मारने की नीयत से बीते 3 मार्च को दोपहर लगभग 12 बजे प्रार्थी जब अपनी जमीन पर घास रख रहा था तभी उक्त लोग भद्दी भद्दी गालियां देते हुए आमदा फौजदारी होने लगे। प्रार्थी किसी तरह जान बचाकर चहारदीवारी के अंदर भागा। उसी दिन रात्रि 8 बजे प्रार्थी कुर्सी पर बैठा था तभी पीछे से कुलदीप चंद ने लाठी से हमला कर दिया । प्रार्थी कई बार थाने में सूचना दे चुका है। उक्त मामले में उपरोक्त लोगों के विरुद्ध गोला थाने में बीएनएस की धारा 191(2), 115(2), 352,351(3),131 व 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्यवाही शुरू कर दिया है।

# गोरखपुर में 'पुलिस मंथन 2025' के तहत हेड मोहर्रिर व पैरोकारों का विशेष प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर**- जनपद में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व परिणामदायी बनाने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए 29 मार्च 2026 को 'पुलिस मंथन 2025' के अंतर्गत विशेष रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें जोन स्तर पर कार्यरत पुलिसकर्मियों की दक्षता बढ़ाने पर विशेष फोकस रहा। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में गोरखपुर जोन के सभी जनपदों में तैनात हेड मोहर्रिर एवं थाना स्तर के पैरोकारों को शामिल किया गया। कार्यक्रम में गोरखपुर जोन पुलिस के अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर रेंज पुलिस के पुलिस महानिरीक्षक तथा जनपद गोरखपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति रही, जिससे प्रशिक्षण की गंभीरता और महत्व साफ झलकता है।

प्रशिक्षण के दौरान थाना पुलिस द्वारा संपादित किए जाने वाले विभिन्न कार्यों के लिए नए मॉड्यूल विकसित करने पर जोर दिया गया। इन मॉड्यूल्स का उद्देश्य थाना स्तर पर ड्यूटी के निष्पादन को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। हेड मोहर्रिर और पैरोकारों को केस डायरी संधारण, अभिलेख प्रबंधन, न्यायालयीन कार्यवाही की प्रक्रिया और तकनीकी अपडेट्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बदलते समय में पुलिसिंग के तौर-तरीकों में सुधार बेहद जरूरी है। 'पुलिस मंथन 2025' इसी दिशा में एक व्यापक पहल है, जिसके माध्यम से न केवल कार्य प्रणाली को आधुनिक बनाया जा रहा है, बल्कि पुलिसकर्मियों की कार्यकुशलता और जवाबदेही भी सुनिश्चित की जा रही है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नगर, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कैंट सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसे जमीनी स्तर पर लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया। कुल मिलाकर, यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है, जिससे आम जनता को त्वरित और बेहतर न्याय दिलाने में मदद मिलेगी।

# अंकपत्र पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर ।** नगर पंचायत उसका बाजार अंतर्गत सरदार पटेल नगर वार्ड में स्थित श्रीकृष्णा द स्कूल उसका राजा में रविवार को को छात्र अभिभावक सम्मेलन एवं सत्र 2025-26 के अंकपत्र का ससमारोह वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित करके किया गया। बच्चों के साथ आए अभिभावकों को शिक्षा प्रक्रिया में अभिभावकों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया। अपने कक्षा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले अभि पाण्डेय, अंशिका अग्रहरि, दिव्या गौड, देवेश विश्वकर्मा, सौम्या सिंह, अर्चना कुमारी, सोएम शर्मा, क्षमा दुबे, तरन्नुम बानो, अंशिका विश्वकर्मा, प्रिंस विश्वकर्मा, अमृता विश्वकर्मा, रिद्धि सिंह, साक्षी प्रजापति, प्रियंका, प्रिया, दिव्या आदि को मेडल पहनाकर एवं अंकपत्र देकर सम्मानित किया गया। अंक पत्र पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे,इस अवसर पर स्कूल के वरिष्ठ अध्यापक शिवकुमार श्रीवास्तव, सुभाष यादव सहित अर्चना अग्रहरि, जितेंद्र पाण्डेय, सत्येंद्र पाण्डेय, सीमा, ममता, मुस्कान, हर्षिता आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

### खेतों में भड़की भीषण आग, ग्रामीणों की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**महरौनी।** महरौनी नगर के समीप स्थित ग्राम निवारी में उस समय हड़कंप मच गया, जब क्योलारी बांध की नहर के पास खाली खेतों में पड़ी पराली में अचानक भीषण आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और कई एकड़ क्षेत्र में फैल गई। आग की लपटों को बढ़ता देख आसपास के किसानों की चिंता बढ़ गई, क्योंकि कुछ ही दूरी पर गेहूं की फसल काटकर खेतों में एकत्रित कर रखी गई थी। स्थिति गंभीर होते देख ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। ग्रामीणों की सूझबूझ, साहस और अथक प्रयासों के चलते काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा नुकसान टल गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही महरौनी कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास की सराहना करते हुए आपसी सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# बारिश और ओलावृष्टि से फसल बचाने के लिए किसानों को अलर्ट, समय पर कटाई व भंडारण की सलाह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में इस समय गेहूं और सरसों की फसल पकने की अवस्था में है। ऐसे में अचानक बारिश, तेज हवा और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। इसे देखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र सोहना ने किसानों के लिए विशेष सलाह जारी की है, ताकि संभावित नुकसान को कम किया जा सके।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डा0सर्वजीत ने बताया कि मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार 29 मार्च 2026 को मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि 30, 31 मार्च एवं 1 अप्रैल को गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं। ऐसे में किसानों को मौसम को ध्यान में रखते हुए कृषि कार्य करने की सलाह दी गई है।

विशेषज्ञों ने कहा कि जिन किसानों की फसल पक चुकी है, वे शीघ्र कटाई कर लें और अनाज को अच्छी तरह सुखाकर ही भंडारण करें। भंडारण के लिए गोदाम और पात्र पूरी तरह सूखे होने चाहिए, ताकि नमी से अनाज खराब न हो।

सब्जी उत्पादक किसानों को सलाह दी गई है कि वे मौसम को ध्यान में रखते हुए सिंचाई करें और नर्सरी की विशेष देखभाल करें। वहीं आम की फसल में बेहतर उत्पादन के लिए उचित समय पर कीटनाशक एवं पोषक तत्वों का छिड़काव करने की सलाह दी गई है। मटर के दाने के आकार के फल होने पर थायमेथोक्सम या लैम्ब्डा-साइहेलोथ्रिन के साथ प्लानोफिक्स और बोरान का घोल बनाकर छिड़काव करना लाभकारी बताया गया है। फल के बड़े होने पर एनपीके 0:0:50 का छिड़काव करने की भी सलाह दी गई है। यदि फफूंद जनित रोग के लक्षण दिखाई दें तो कार्बेंडाजिम का प्रयोग करें।

कृषि विशेषज्ञ ने यह भी सुझाव दिया कि गेहूं की कटाई के बाद किसान कम लागत में अधिक लाभ के लिए मूंग और उड़द की खेती करें। इससे अतिरिक्त आय के साथ-साथ खेत की उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी, जिससे खरीफ फसलों का उत्पादन बेहतर होगा।कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों से अपील की है कि वे मौसम पूर्वानुमान पर नजर रखें और वैज्ञानिक सलाह के अनुसार ही कृषि कार्य करें, ताकि फसलों को सुरक्षित रखा जा सके।

### लखनऊ में साइबर ठगों का आतंक- लिंक से 52 लाख की ठगी, डॉक्टर और बीमा एजेंट बनकर भी लूटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** बाजारखाला में साइबर ठग ने लिंक भेजकर एक व्यक्ति के खाते से 41 दिन के अंदर 52.31 लाख पार कर दिए। वहीं, मलिहाबाद और चौक में जालसाजों ने डाक्टर का प्रतिनिधि और इंश्योरेंस कर्मी बनकर 92 हजार रुपये गायब कर दिए। पुलिस ने तीनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरु कर दी है। ऐशबाग स्थित ईदगाह के पास रहने वाले मो. सालिम ने बताया कि साइबर जालसाजों ने उनके खाते से कई बार में 52,31,690 रुपये पार कर दिए। पासबुक अपडेट कराने पर पता चला कि 13 जनवरी से 23 फरवरी के बीच खाते से रुपये निकले हैं। पीड़ित का कहना है कि जनवरी माह में मोबाइल पर एक लिंक आया था। क्लिक कर एप डाउनलोड की थी। पीड़ित ने बाजारखाला कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, मलिहाबाद के घुसौली गांव निवासी राज कपूर रविवार दोपहर आनलाइन डाक्टर से अपाइंटमेंट लेने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें गूगल से नंबर हासिल कर कॉल की। जालसाज ने खुद को डाक्टर का प्रतिनिधि बनकर फंसाया। आरोपित ने भरोसा जीतने के बाद अपाइंटमेंट कन्फर्म करने के नाम पर गूगल पे यूपीआई के जरिए पांच रुपये ट्रांसफर करने को कहा। पीड़ित ने जैसे ही पांच रुपये भेजे। उनके खाते से कई बार में 41 हजार निकल गए।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत विकास परिषद मे वार्षिक चुनाव का आयोजन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी**, दिनांक 29 मार्च 2026 दिन रविवार को भारत विकास परिषद का वार्षिक चुनाव बैठक का आयोजन न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेस गोला गोकर्णनाथ खीरी के सभागार में चुनाव पर्यवेक्षक शशिकांत श्रीवास्तव प्रांतीय गतिविधि संयोजक के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। सर्व सम्मति से अध्यक्ष अनुज खरे, सचिव मनोज वर्मा कोषाध्यक्ष पटेल सुशील वर्मा को चुना गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र सक्सेना, रामसागर वर्मा,महिला संयोजिका प्रियंका गुप्ता, एवं सदस्य गण संजय कुमार तिवारी, संजय शुक्ला,अवधेश कुमार, शैलेंद्र वर्मा ,आदर्श कुमार जायसवाल, सुशील कुमार, संदीप चक्रवर्ती, ठाकुर गौरीश सिंह, अरुण शर्मा, पवनेश वर्मा, एवं गणमान्य लोग उपस्थिति रहे।

### एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने कोतवाली का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**लखीमपुर-खीरी** जिले के निघासन क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने कोतवाली निघासन का औचक निरीक्षण किया। उनके आगमन पर पुलिस कर्मियों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कोतवाली परिसर का गहनता से अवलोकन करते हुए कार्यालय, मालखाना, हवालात और मैस सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई, सुरक्षा प्रबंधों और पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने पुलिस कर्मियों को जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने, शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी को न्याय मिलना प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार, कोतवाली प्रभारी अवधराज सिंह सेंगर, सिंगाही, तिकुनिया और पढुआ थानों के प्रभारी सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों में व्यवस्था को लेकर गंभीरता और सक्रियता देखने को मिली।

### सुवाबोज्ह में अवैध खननः मिट्टी-बालू माफियाओं का खेल जारी, प्रशासन की नाकामी उजागर




**लखीमपुर खीरी** ग्राम पंचायत सुवाबोझ 29 मार्च 2026 – लखीमपुर खीरी जिले के सुवाबोझ इलाके में अवैध खनन का सिलसिला लगातार जारी है। स्थानीय सूत्रों और ग्रामीणों के अनुसार, यहां दिन-रात मिट्टी का अवैध उत्खनन हो रहा है, जिससे उपजाऊ कृषि भूमि बंजर हो रही है और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। जिले के कई क्षेत्रों जैसे सिकंदराबाद, नीमगांव, मितौली, गोला मोहम्मदी आदि की तरह सुवाबोझ में भी खनन माफिया बिना किसी अनुमति के बड़े पैमाने पर काम कर रहे हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी जैसी मशीनों का इस्तेमाल कर मिट्टी खोदी जा रही है, जो बाद में कंस्ट्रक्शन कामों में बेची जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ स्थानीय नेताओं और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से यह कारोबार फल-फूल रहा है। शिकायत करने पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।

# खंड शिक्षा अधिकारी और प्रधानाध्यापक के मिली भगत बदस्तूर जारी एमडीएम घोटाला

● आखिर कौन खा रहा सालों से वन टांगिया के बच्चों का एमडीएम, फल और दुध

टूटी तीन सेट के नीचे बच्चों को बैठक किया जा रहा शिक्षण कार्य अप्रिय घटना को दी जा रही दावत

महज कागजों पर चल रहा वन टांगिया स्कूल गांव की बहू शिक्षा मित्र ने तीन सेट के नीचे पढ़ने से किया माना

सालों से टूटा पड़ा नल पानी पीने को कहां जाए बच्चे यक्ष प्रश्न




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी** विकासखंड विजुआ के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय पालहनापुर में तैनात प्रधानाध्यापक के अजब गजब कारनामे प्रकाश में आए हैं। सूत्र बताते हैं कि यहां पर बच्चों की उपस्थिति से दुनी हाजिरी भरकर एमडीएम योजना में जमकर घोटाला किया जा रहा है। इतना ही नहीं बच्चों को मिलने वाला फल और दूध आज तक बच्चों को नसीब होते नहीं दिखाई पड़ रहा है। ऐसा नहीं है किसकी जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी विजुआ को नहीं है सारा खेल साहब के संरक्षण में होने के आरोप ग्रामीणों ने लगाए हैं प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को बेहतर शिक्षा दिए जाने के बजाय गंदी-गंदी गाली से नवाजे जाने के आरोप ग्रामीणों ने ऑन कैमरा प्रधानाध्यापक पर लगाए हैं।

**ग्रामीणों का आरोप वन टांगिया स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को 2 साल से नहीं मिल रहा एमडीएम--**

पालहनापुर विद्यालय में पंजीकृत कल 52 बच्चे जंगल के रास्ते पालनपुर विद्यालय पढ़ने जाते थे जंगल में शेर और तेंदुआ हुआ अन्य खतरनाक जानवरों की आवक को देखते हुए प्रशासन ने इन बच्चों की शिक्षण कार्य के लिए वन टांगिया में ही एक स्कूल की व्यवस्था की गई थी। एक शिक्षक की भी नियुक्त की गई थी। सूत्र बताते हैं कि काफी समय पहले इस स्कूल में दो शिक्षकों की भी तैनाती थी कुछ दिन बाद उक्त शिक्षक अपना जुगाड़ लगाकर ट्रांसफर कर ले गए और अब यह विद्यालय एक टूटी तीन सेट के नीचे एक शिक्षा मित्र के सहारे चल रहा है। यहां पर सालों से टूटा पड़ा नल और सालों से उखड़ी पड़ी तीन सेट कर कह रहा है कि यहां कभी स्कूल चला ही नहीं मात्र कागजों पर हाजिरी भर कार्यों पर स्कूल चलाया जाता रहा उक्त आरोप ग्रामीणों ने लगाए हैं। शिक्षामित्र से जानकारी लेने पर उसने बताया कि उसकी ड्यूटी बीएलओ में लगी होने के चलते वह स्कूल नहीं खोल पाई यह अपने यस आई आर कार्य में व्यस्त रही शायद एमडीएम की कन्वर्जन कास्ट हजम करने को कागजों पर रोज यह विद्यालय चला रहा ऐसा ग्रामीणों का आरोप है। मामले की सूचना अधिकार अधिनियम से मांगी गई जानकारी मिलने के बाद एक बड़ा खुलासा होना तय है और लाखों रुपए के सरकारी धन के बंदर बाट का मामला खुलकर आएगा सामने कई जिम्मेदारों की भी तय होगी जवाब दे ही।

**अतिरिक्त कक्ष निर्माण में मानकों की अनदेखी के आरोप**

दोयम दर्जे की ईट एवं चुनाई सामग्री लगवा कर गुणवत्ता विहीन निर्माण कराए जाने के ग्रामीणों ने लगाए प्रधानाध्यापक पर गंभीर आरोप

पूर्व माध्यमिक विद्यालय पालहनापुर में करवाए जा रहे अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण में गुणवत्ता विहीन मानक विपरीत सामग्री लगवा कर निर्माण कर कार्य कराए जाने के आरोप ग्रामीणों ने लगाए हैं ग्रामीणों का आरोप है जब एस्टीमेट में प्रथम श्रेणी एटा व अन्य सामग्री दर्शाई गई है तो फिर कक्ष निर्माण में दोयम दर्जे की ईट का प्रयोग किस सक्षम अधिकारी के द्वारा कराया जा रहा है?- यदि इस इमारत के करा ली जाए जांच तो कई खामियां आएगी नजर और निर्माण कार्य में व्याप्त भारी भ्रष्टाचार का होगा खुलासा। दोयम दर्जे की ईट के मामले में प्रधानाध्यापक त्रिभुवन ने बताया दोमऔर पीला ईटा सभी विद्यालयों में लगवाई जाती है यह केवल मैं ही नहीं कर रहा हूं यह सभी जगह चलता है। अब देखना यह है कि उपरोक्त मामले पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी व जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल क्या एक्शन लेती हैं? मामले की जांच टीम गठित कर कराई जाती है निष्पक्ष जांच या फिर यूं ही मामले को रफा-दफा कर दिया जाएगा।

## अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन, कवियों ने बांधा समां



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिंगाही खीरी।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर आयोजित श्री नौदुर्गा शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति, मूर्ति विसर्जन एवं प्रसाद वितरण के उपरांत रात्रि में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कवि आलोक गंजरहा ने किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता पंडित मुनेश प्रसाद शुक्ला ने की, जबकि संचालन कवि नीरज पाण्डेय (रायबरेली) द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कवि प्रमोद पंकज की सरस्वती वंदना से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद ओज के कवि कमलाकांत तिवारी ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं के माध्यम से श्रोताओं में जोश भर दिया। हास्य के सशक्त हस्ताक्षर प्रमोद पंकज ने अपनी पैरोडी प्रस्तुत कर श्रोताओं को हंसी से लोटपोट कर दिया।

कवयित्री नेहा मिश्रा ने श्रृंगार रस से भरपूर गीत, ग़ज़ल और मुक्तकों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, कवि उत्कर्ष (रायबरेली) ने अपने हास्य-व्यंग्य से माहौल को हल्का-फुल्का बनाए रखा और खूब तालियां बटोरीं। संयोजक कवि आलोक गंजरहा ने अपनी प्रभावशाली कविताओं से पूरे कार्यक्रम को अंत तक जीवंत बनाए रखा और मंच की गरिमा को बनाए रखा। इसके अलावा कवि मिलन कुमार 'मिलन' (बदायूं) और मंशाराम तिवारी ने भी शानदार काव्य पाठ प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित, संतराम कनौजिया, यशोदानंदन मिश्रा, संकटा प्रसाद मौर्य, रामप्रीत गुप्ता, डॉ. अनिल गुप्ता, दिनेश गुप्ता, गौरव अग्रवाल, कौशल किशोर सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन देर रात तक चला, जिसमें श्रोताओं ने कविता, गीत और हास्य-व्यंग्य का भरपूर आनंद लिया।

## लाखों रुपए की लागत से बन रहा नाला चढा भ्रष्टाचार की भेंट

**हिदायत नगर से सुआगाणा तक मानक विहीन नाला का किया जा रहा निर्माण कार्य**

**जेई या ठेकेदार आखिर कौन है जिम्मेदार**

**लखीमपुर सदरः** क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला हिदायत नगर से लेकर सुआगाणा तक लाखों रुपए की लागत से हो रहे नाला निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग करते हुए मानक विहीन कार्य करने में जुटे ठेकेदार टेढ़ा-मेढ़ा बन रहा नाला सवाल पूछने पर वही मौके पर मौजूद मजदूरों ने बताया कि हम पेड़ों को तो काट नहीं सकते इसीलिए जिस तरीके से जगह मिल रही है उसी तरीके से हम लोग टेढ़ा-मेढ़ा नाला बना रहे हैं मगर ऐसे में नगर पालिका पर सवाल यह उठता है की बड़ी-बड़ी बिल्डिंग धरा सायी हो गई बड़े-बड़े सड़कों के अतिक्रमण है गए तो सिर्फ मामूली पेड़ क्यों नहीं काटे गए आखिरकार ऐसा भी हो सकता है जेई समेत अन्य अधिकारियों ने अभी तक हो रहे नाला निर्माण का विजिट न किया हो क्योंकि अगर विजिट किया गया होता और संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंच रहे होते तो इस तरह से जो घटिया सामग्री का प्रयोग हुआ ज्यादा स्पेस देकर सरिया का जाल लगाकर जो नाला निर्माण कार्य हो रहा है वह कहीं ना कहीं से भ्रष्टाचार का संदेह साबित कर रहा है जेई या फिर ठेकेदार आखिर कौन है जिम्मेदार.....

## रिश्वत लेने के आरोप में सिंगाही थाने का दरोगा सस्पेंड, वायरल ऑडियो और वीडियो पर एसपी की बड़ी कार्रवाई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिंगाही खीरी।** थाने में तैनात दरोगा मोहित सिंह को एसपी डॉ0 ख्याति गर्ग ने सस्पेंड कर दिया है। दरोगा का एक ऑडियो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की गई। वायरल ऑडियो और वीडियो में आरोप लगाया गया कि दरोगा मुकदमे से कुछ धाराएं हटाने के नाम पर पीड़ित से पैसे लिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने तत्काल प्रभाव से दरोगा को निलंबित कर जांच के आदेश भी दे दिए हैं।

जानकारी के अनुसार सिंगाही थाना क्षेत्र में खेत में बकरी चराने गए कुछ दबंगों ने खेत मे बकरी चराने वास्ते छोड़ दिया। खेत मे चर रही बकरी को लेकर को खेत मालिक का नाबालिग लड़का जब बकरी को भगाने लगा तो बकरी खेत के पास लगे तार में फंस कर मर गयी जिसपर दबंगों ने नाबालिग लड़के की लाठी डंडों से पिटाई कर दी। पीड़ित और दबंगों की तरफ से मिली तहरीर पर दोनों पक्षों पर एक समान धाराओं में 9 मार्च को मुकदमा दर्ज कर दिया। मामले की विवेचना दरोगा मोहित सिंह कर रहे थे। इसी दौरान एक ऑडियो और वीडियो वायरल हुआ,




जिसमें पीड़ित ने आरोप लगाया कि मुकदमे से कुछ धाराएं हटाने के एवज में दरोगा ने 6 हजार रुपये ले लिये। वायरल ऑडियो और वीडियो को सज्ञान लेते हुए एसपी ने दरोगा मोहित सिंह को सस्पेंड कर दिया।

## बाबा बड़े शिव धाम के विकास को 1.47 करोड़ की मंजूरी, जल्द शुरू होंगे कार्य

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**गोपीगंज :** नगर के प्रमुख पौराणिक व ऐतिहासिक धार्मिक स्थल बाबा बड़े शिव धाम के विकास के लिए 1 करोड़ 47 लाख 29 हजार रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। इस बहुप्रतीक्षित योजना के तहत धाम परिसर में दो तल का यात्री हाल, भव्य स्वागत द्वार, सड़क निर्माण, आरसीसी बेंच, पेयजल व्यवस्था, सौर ऊर्जा प्रकाश, पुलिस बूथ तथा बारकोड युक्त सूचना बोर्ड विकसित किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार निषाद पार्टी के ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे ने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के माध्यम से यह स्वीकृति दिलाई है। कार्यदायी संस्था के रूप में उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को नामित किया गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल ने बताया कि जल्द ही भूमि पूजन व शिलान्यास कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह व विधायक विपुल दुबे के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

## सिम्मी गुप्ता ने प्राप्त की रामचरितमानस विषय पर पीएचडी की उपाधि




**बरेली**/महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय से रामचरितमानस में वर्ण शिक्षा के स्वरूप का विवेचनात्मक अध्ययन करने पर उन्होंने अपने शोध को पूरा करने पर सिम्मी गुप्ता को रामचरितमानस की उपाधि दी गई है यह उपाधि उनके द्वारा रामचरितमानस में वर्णित शिक्षा में उन्होंने अपना शोध कार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशन में पूर्ण किया और हरियाणा विश्वविद्यालय से आए परीक्षक दिनेश चहल प्रोफेसर एन एन पांडे पांडे ए विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर संतोष अरोड़ा शिक्षिका डॉक्टर शिखा अग्रवाल पूजा आर्य आदि ने खुशी जताते हुए सिम्मी अग्रवाल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## चाइनीज मांझे का प्रयोग रोकने को थाने में आयोजित की गई गोष्टी

● उच्च न्यायालय के निर्देश पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जारी किया फरमान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बरेली**/क्यों लड़ियां पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या दीजिए 8 का संदर्भ ग्रहण करने का निर्देश जारी किया गया था उच्च न्यायालय इलाहाबाद ब्रांच लखनऊ खंडपीठ में जनहित याचिका मोतीलाल यादव बनाम प्रधानमंत्री कार्यालय के संबंध में दाखिल की गई याचिका पर राजन खान के अनुपालन में थाना स्तर पर नाबालिकों एवं उनके माता-पिता एवं आमजन को थाना परिसर पर बुलाकर जागरूक करने हेतु।

गोष्ठी का आयोजन करने निर्देश जारी हुआ इस पर क्यों लड़िया के प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह ने क्षेत्र के संबद्ध लोगों को थाना प्रांगण में बुलाकर गोष्ठी की गई और उन्होंने चाइनीज माझे का प्रयोग न करने की चेतावनी दी साथ ही उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देश का पालन करने की भी बात कही। न्यायालय की आदेश की अभेलना करने पर दोषी आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजे जाने की व्यवस्था उच्च न्यायालय ने दी है इससे बचने के लिए प्रभारी निरीक्षक ने सभी से अपील की के भाई किसी भी कीमत पर चाइनीज माझे का प्रयोग ना करें अन्यथा पुलिस प्रशासन कार्यवाही करने के लिए विवश होगा यहां पर उपस्थित प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह मुकेश कुमार अर्जित कुमार हरिमरधन नवीन कुमार सचिन कुमार पुलिस के साथ रविंद्र कुमार गंगवार राजेश कुमार मौर्य भूपेंद्र राठौर मनीष राठौर अनीश अहमद नेत्रपाल समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मैलानी थाना क्षेत्र मे फलफूल रहा मादक पदार्थो का काला कारोबार

● झोला छाप डाक्टरी की आड मे झाले झाले मादक पदार्थो की बिक्री होने के आरोप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लखीमपुर खीरी** मामला पुलिस चौकी कुकुरा क्षेत्र का बताया जाताहै ।जहां पर कच्चीशराब बनाने से लेकर क्षेत्र मे खुलेआम सप्लाई कियेजाने के साथ पोस्ता और डोडा की बिक्री किये जाने की जनचर्चा जोर पकडती जा रही है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार यह काला कारोबार अरसे से पांव पसारे है और चौकी प्रभारी कुकुरा इस काले कारोबार पर रोक लगा पाने मे पूरी तरह से नाकाम साबित दिखाई पड रहे हैं।आसानी से उपलब्ध हो रहे इन मादक मादक पदार्थो से युवा पीढी नशे की गर्त मे समाती जा रही है।लोगो की जुबानी सत्य माने तो अरसे से चल रहे इस नशे के कारौबार की जानकारी मैलानी थाना पुलिस समेत पुलिस चौकी कुकुरा को भी होने के बावजूद भी इस रोक न लग पाना साहब की कार्यप्रणाली पर संदेह पैदा करता है।कि आखिर चौकी की नाक के नीचे बडी मात्रा मे चल रहे इस अवैध कारोबार पर किस कारण रोक नही लग पा रही है।कहीं कोई राजनैतिक दबाब है या फिर लक्ष्मी जी का भारी भरकम चढावा कार्रवाई के बीच मे राह का रोडा साबित हो रहा है।नाम न छापने की शर्त पर एक डोडा खरीदने बाले ग्राहक ने बताया कि एक हियुमन झोला छाप डाक्टर और एक कथित पशु चिक्तसक अपने झोलो मे दवा की जगह मादक द्रव्य भरकर खुलेआम झाला झाला सप्लाई करते देखे जा सकते हैं।और यही हाल कुकुरा चौकी क्षेत्र मे कच्ची के कारोबार का भी है।इस पूरे मामले की जानकारी चौकी प्रभारी को होने के बाद भी साहब इस पर लगाम लगा पाने मे पूरी तरह से विफल साबित हो रहे हैं।सूत्र तो यहां तक बताते है कि इस काले कारोबार से जनाब को अतिरिक्त आय बतौर माहबारी मिलने के चलते को ई कार्यवाही नही की जाती है।सबकुछ जानने के बाद मामले को नजर अंदाज कर दिया जाताहै। पुलिस के मिल रहे अप्रत्यक्ष संरक्षण के चलते इस नशे के गोरखधंधे मे लगे लोग बेखौफ होकर नशे की खेप सप्लाई करते दिखाई पड रहे है।मिली जानकारी के अनुसार नशा केहौसले बुलंद कारोबारी एक दिन सामान उधार सप्लाई करते हैं और अगले दिन वसूली करते है उसके बाद फिर अगले दिन माल देते दिखाई पडते हैं।सारा खेल कुकुरा पुलिस को मैनेज करके किये जाने के आरोप लगाये जा रहे हैं।यदि पुलिस अधीक्षक खीरी मामले की कराये जिला स्तरीय पुलिस गोपनीय टीम गठित कर गोपनीय जांच तो साहब का ईमानदार चेहरा होगा बेनकाब और क ई अन्य लोगो पर भी आयेगी कार्रवाई की आंच।

**क्या कहते है चौकी प्रभारी कुकुरा अबलीश पवार**

इस संबध मे जब चौकी प्रभारी कुकुरा से जानकारी चाही गई तो उन्होने फोन ही नहीं उठाया। इस संबध मे जब प्रभारी निरीक्षक थाना मैलानी बृजेश कुमार मौर्या से जानकारी चाही गई तो उन्होने वहीं रटा रटाया जवाब देते हुए कहा बताया कि मामले की जानकारी मिली है मामले पर शीघ्र ही कार्रवाई की जायेगी। यह बताते एक माह बीत गया लकिन आज तक चहेते कारोबारी पर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी।

## ढोल नगाड़ों के साथ सीडीओ, एसपी, एसडीएम, पालिकाध्यक्ष ने किया छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला का उद्घाटन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** नगर के मेला मैदान के प्रथम गेट पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की उपस्थिति में आचार्य लवकुश शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ ख्याति गर्ग, प्रशिक्षु आई ए एस मनीषा धार्वे से पूजन कराकर 121 वर्ष प्राचीन चैती मेला का उद्घाटन कराया।उसके बाद स्व0 राजेन्द्र गिरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अतिथियों ने मेला का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाएं परखीं और मेला प्रबंधन का निरीक्षण किया। अतिथियों ने सांस्कृतिक मंच पर दीप जलाकर औपचारिक उद्घाटन किया!

श्री रामचरितमानस के सुंदरकांड का शुभारंभ सांस्कृतिक मंच के शुभारम्भ से पूर्व नगर के बृजेश तिवारी, महेश तिवारी, राजेश तिवारी, मिथलेश तिवारी एण्ड पार्टी ने किया। ऐतिहासिक चैती मेला के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि :-सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि ऐतिहासिक चैती मेला जनपद की धरोहर है सभी को सफल बनाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ ख्याति गर्ग ने चैती मेला को निडर होकर देखने की बात कही। पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि ,चैती मेला छोटी काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है।

नृत्यांजलि फाऊंडेशन के द्वारा गोला गोकर्ण नाथ की पावनधरा पर आयोजित चैती मेला के सम्मानित मंच पर सिया के राम, रामायण नृत्य नाटिका का सजीव चित्रण नृत्य और संगीत के माध्यम से प्रस्तुति दी इसमें प्रभु श्री राम के जन्म उत्सव से लेकर रावन वध तक की लीलाओ की भव्य प्रस्तुति प्रदान की गई, इस मौके पर आईएएस मनीषा धार्वे,एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी,अधिशाषी अधिकारी, संजय कुमार, व आदर्श मिश्रा,आर आई अब्दुल रहीम अंसारी,जिला उपाध्याय विनोद वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार,पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विजय मिश्रा, गोला बार महामंत्री संदीप अवस्थी, वरिष्ट भाजपा नेता सुर्जनलाल वर्मा, जिला प्रतिनिधि रविन्द्र कटियार, राम औतार यादव, मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, प्रधानाचार्य आर्यसमाज अवधेश मिश्रा,पूर्व सभासद श्रीकांत तिवारी, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, अशोक सक्सेना,नगर महामंत्री राजेश राठौर अन्नपूर्णा रसोई संचालक गौरव ज्ञान त्रिपाठी, ज्ञानचन्द तिवारी, आदि अनेक लोग मौजूद रहे।




( 29/03/2026 रविवार सायं 7:00बजे)

सांस्कृतिक मंच पर भजन संध्या चौती मेले मे सुरक्षा की द्रस्टिगत फायर ब्रिगेड की सशस्त्र तैनाती, मेला ग्राउण्ड मे श्रृध्धालुओ की सुरक्षा के लिये चौविसो घंटे तैनात रहेगी फायर ब्रिगेड की टीम, गोला गोकर्णनाथ खीरी, गोला छोटी काशी के चैती मेला यू तो 121 वर्ष पुराना है, लेकिन मेला चैती ज्यू ज्यू पुराना होता जा रहा है ,नये कीर्तिमान स्थापित करता हुया नये आयामो को भी छु रहा है।

गोला चैती मेले मे आने बाले लाखो श्रद्धालुओं की सुरक्षा के द्रस्टिगत गोला ऊप जिला अधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने फायर ब्रिगेड की ऐक टुकड़ी की मेला ग्राउण्ड मे तैनाती कर दी है, जो आधुनिक सुविधाओं से लैस है, वही फायर ब्रिगेड के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंदे ने बताया कि गोला चैती के मेले की हर संभव चौविसो घंटा सुरक्षा करने मे डटे रहे गे, जिसके लिये मेला ग्राउण्ड मे लगभग छ प्वाइंट बनाये गये है समय पडने पर जिस जगह घटना होगी उसी क्षेत्र के प्वाइंट से पानी की पूर्ति कर किसी भी प्रकार की जान माल को नुकसान होने से बचाया जायेगा। हराकि सुरेश कुमार सिंदे ने बताया कि हमारे पास जो फायर ब्रिगेड की गाडी है उसमे लगभग,1600, लीटर पानी की हर समय उपलब्धता रहती है, हलाकि पूरे मेला मे हमारी टीम ऐक मोबाइल मोटर साइकिल के साथ समय समय पर तैनात रहती है।

चौती मेले मे सुरक्षा की द्रस्टिगत फायर ब्रिगेड की सशस्त्र तैनाती, मेला ग्राउण्ड मे श्रृध्धालुओ की सुरक्षा के लिये चौविसो घंटे तैनात रहेगी फायर ब्रिगेड की टीम,

गोला गोकर्णनाथ खीरी, गोला छोटी काशी के चैती मेला यू तो 121 वर्ष पुराना है, लेकिन मेला चैती ज्यू ज्यू पुराना होता जा रहा है ,नये कीर्तिमान स्थापित करता हुया नये आयामो को भी छु रहा है। गोला चैती मेले मे आने बाले लाखो श्रद्धालुओं की सुरक्षा के द्रस्टिगत गोला ऊप जिला अधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने फायर ब्रिगेड की ऐक टुकड़ी की मेला ग्राउण्ड मे तैनाती कर दी है, जो आधुनिक सुविधाओं से लैस है, वही फायर ब्रिगेड के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंदे ने बताया कि गोला चैती के मेले की हर संभव चौविसो घंटा सुरक्षा करने मे डटे रहे गे, जिसके लिये मेला ग्राउण्ड मे लगभग छ प्वाइंट बनाये गये है समय पडने पर जिस जगह घटना होगी उसी क्षेत्र के प्वाइंट से पानी की पूर्ति कर किसी भी प्रकार की जान माल को नुकसान होने से बचाया जायेगा। हराकि सुरेश कुमार सिंदे ने बताया कि हमारे पास जो फायर ब्रिगेड की गाडी है उसमे लगभग, 1600, लीटर पानी की हर समय उपलब्धता रहती है, हलाकि पूरे मेला मे हमारी टीम ऐक मोबाइल मोटर साइकिल के साथ समय समय पर तैनात रहती है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरदार पटेल की जयंती पर भदोही पुलिस का सराहनीय कदम, 16 लोगों ने किया रक्तदान

**भदोही:** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भदोही पुलिस ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए पुलिस लाइन ज्ञानपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल सहित कुल 16 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सेवा और समर्पण की मिसाल पेश की। रक्त संग्रहण जिला अस्पताल से आई टीम द्वारा किया गया। रक्तदान करने वालों में शुभम अग्रवाल, निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, देवचंद्र राम, कलीम खां, मनोहर लाल, सत्येंद्र चौधरी, सतीश कुमार, विपिन मौर्य, अनुराग यादव, पंकज कुमार गौतम, निर्मल तिवारी, रामेश्वर कुमार, नितिन सिंह, बिट्टू, विनय पाल व आर्यन अग्रवाल शामिल रहे। इस मौके पर एएसपी शुभम अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है और पुलिस विभाग समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी ऐसे कार्यों के माध्यम से निभाता रहेगा। उन्होंने सभी रक्तदाताओं के उत्साह की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

### स्कूल गेट पर ट्रांसफार्मर हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**गोपीगंज।** नगर पालिका गोपीगंज के वार्ड नंबर एक में स्थित प्राथमिक विद्यालय पूरेरजई के मुख्य गेट के सामने लगे ट्रांसफार्मर को हटाने तथा विद्यालय का दूसरा गेट खोलने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग द्वारा लगाया गया ट्रांसफार्मर दुर्घटना को खुला न्योता दे रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर में खुले तार खंभे से लपेटे गए हैं और विद्यालय के ऊपर से 11 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार गुजर रहा है, जिसके नीचे बच्चे पढ़ाई करते हैं। ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। इसके अलावा ट्रांसफार्मर के ठीक सामने विद्यालय का मुख्य गेट होने से रास्ता बेहद संकरा हो गया है, जिससे आपात स्थिति में एम्बुलेंस जैसी आवश्यक सेवाओं का पहुंचना भी मुश्किल है। ग्रामीणों ने मांग की कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रांसफार्मर को तत्काल हटाया जाए और विद्यालय का मुख्य गेट पश्चिम दिशा में खोला जाए। प्रदर्शन के दौरान विनोद कुमार, विजय कुमार, दिलीप कुमार, चंदन, अमृतलाल, अजय कुमार, भोला बिंद, गुदना देवी, शकुंतला देवी, मीरा देवी, श्याम कुमारी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, ताकि किसी अनहोनी से पहले समस्या का समाधान किया जा सके।

### भदोही में नवरात्रि दशमी भव्य भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**भदोही।** अभोली ब्लॉक के जोधापुर गांव में शनिवार की रात नवरात्रि के समापन अवसर पर चौरा माता मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र सहित दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। नवरात्रि के पावन नौ दिनों तक मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम चलता रहा। दशमी के दिन भंडारे के साथ इस आयोजन का विधिवत समापन किया गया। मंदिर परिसर में पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा।

रात करीब दस बजे तक लगातार भंडारा चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया, जिसमें सभी ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर महेंद्र प्रताप सिंह, चफनू प्रजापति, चिंतामणि विश्वकर्मा, नायब चौहान, शिव आसरे चौहान, रमाशंकर शर्मा, ग्राम प्रधान श्रीराम यादव, संदीप यादव, वंशीधर, रामजीत विश्वकर्मा, मुन्ना सिंह, रमाशंकर विश्वकर्मा, सुनील सिंह, हरिचंद्र, दीपेश, कृष्ण सहित अन्य गणमान्य लोग एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# साइकिल चलाएं ईंधन बचाएं- अमीष दुबे

● विशाल साइकिल यात्रा में सैकड़ों चालकों ने भाग लिया




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज।** पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से भदोही साइकिलिंग क्लब द्वारा रविवार को निकाली गई। इस प्रेरणादायक अभियान का नेतृत्व क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी ने किया। गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से शुरू हुई साइकिल यात्रा दी सेंट्रल स्कूल बिहरोजपुर पहुंची।

वहां पहुंचने पर दी सेंट्रल स्कूल के प्रबंधक पंडित अमर नाथ दुबे और प्रधानाध्यापक अमीष दुबे अपने अध्यापक और छात्र-छात्राओं के साथ उपस्थित रहें और सभी साइकिल चालकों का फूलमाला और तालियों से जोरदार स्वागत किया।

दी सेंट्रल स्कूल के प्रबंधक पंडित अमर नाथ दुबे और प्रधानाध्यापक अमीष दुबे ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया।

सैकड़ों साइकिल चालकों के साथ साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर गोसाईपुर के आस पास का भ्रमण करते हुए, हम सबने ये ठाना है पुरे उत्तर प्रदेश को स्वस्थ्य बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए पुनः दी सेंट्रल स्कूल बिहरोजपुर में इसका समापन हुआ। साइकिल यात्रा में प्रवीण श्रीवास्तव, जितेंद्र पाण्डेय, प्रिंस शर्मा, सुभाष बिंद, अंकिता मिश्रा, बनारसी बिंद, आलोक यादव, खुशी मिश्रा, रुद्र मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का निरीक्षण, आयुष्मान व आभा कार्ड बनाने के निर्देश




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:** जनपद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए उपस्थित पाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी कार्ड बनाए जाएं, ताकि आमजन को सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। इसी क्रम में अपराह्न 3:25 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमीलौरी का भी निरीक्षण किया गया, जहां व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य मेलों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर योजनाओं से जोड़ा जाए।

### करेंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांगपुर गांव में रविवार को सुबह बिजली के तारा के चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि 55 वर्षीय नारद पुत्र लाल जी घर में रखे हुए लोहे के बक्से को खोलकर कपड़ा रख रहें थे बक्से का ढक्कन उपर से गुजर रहे कटे हुए तार से स्पर्श हो गया जिसके चलते बक्से में करेंट उतर आया और नारद करेंट के चपेटे में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। परिजनों द्वारा नारद को एक निजी अस्पताल में ले जाया गया ,जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा कर शव को मोर्चरी हाउस मिर्जापुर भेज दिया नारद के असामायिक मृत्यु से परिवार में गहरा शोक व्याप्त है,वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## कोल्डड्रिंक लदे कंटेनर ब्रेक फेल होने से कंटेनर चालक सहित दो की मौत, खलासी सहित तीन घायल

● ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित कंटेनर आगे चल रही कार,मोटरसाइकिल व कंटेनर में पीछे से टक्कर मारते हुआ क्षतिग्रस्त

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु भेजा अस्पताल




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ड्रमंडगंज।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी में शनिवार की रात साढ़े दस बजे के करीब कोल्डड्रिंक लादकर नीचे उतरते समय कंटेनर का अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित कंटेनर आगे चल रही कार, मोटरसाइकिल व कंटेनर में पीछे से टक्कर मारते हुए क्षतिग्रस्त हो गया। कंटेनर चालक व कंटेनर में बैठे एक अन्य कंटेनर चालक की मौके पर मृत्यु हो गई। वहीं खलासी और बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मध्य प्रदेश के इंदौर से कोल्डड्रिंक लादकर असम के गुवाहाटी जा रहा कंटेनर रात साढ़े दस बजे के करीब ड्रमंडगंज घाटी में नीचे उतरते समय जैसे ही जालिम मोड़ के आगे पहुंचा तो अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित कंटेनर आगे चल रही कार में पीछे से टक्कर मार दी। संयोग ठीक था कि कार में सवार सभी लोग बाल बाल बच गए।कार में सवार सभी लोग मैहर से दर्शन कर वापस अपने घर सोनभद्र जा रहे थे। इसके बाद अनियंत्रित कंटेनर आगे चल रही बाइक में टक्कर मारते हुए चार सौ मीटर आगे बड़का मोड़ घुमान पर आगे चल रहे कंटेनर में पीछे से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में 35 वर्षीय कंटेनर चालक अरविंद कुमार निवासी निस्बी थाना मिलक जिला रामपुर तथा कंटेनर में सवार दूसरा कंटेनर चालक 50 वर्षीय लालता यादव निवासी खुटिया थाना चंदौली जिला चंदौली की मौके पर मृत्यु हो गई। मृतक कंटेनर चालक देवास से कोल्ड ड्रिंक लदे कंटेनर में बैठकर अपने घर चंदौली जा रहा था कि रास्ते में दुर्घटना का शिकार हो गया।वहीं जान बचाने के लिए नीचे कूदने पर 21 वर्षीय खलासी हिम्मत सिंह निवासी निस्बी थाना मिलक जिला रामपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। कंटेनर की चपेट में आने से बाइक सवार 28 वर्षीय अजय कुमार बिंद व उनका छोटा भाई विजय कुमार बिंद निवासी सोबरी सुभाष नगर थाना ऊंज जिला भदोही गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें विजय कुमार को गंभीर चोटें आई हैं। बाइक सवार मुम्बई से बाइक से अपने घर भदोही जा रहे थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआई विनोद कुमार सिंह एसआई सुभाष यादव, मूलचंद्र वर्मा हेड कांस्टेबल संतोष यादव ने घायल बाइक सवार व खलासी को एंबुलेंस से उपचार हेतु पीएचसी हलिया भिजवाया। जहां चिकित्सक आलोक सिंह यादव ने गंभीर रूप से घायल खलासी हिम्मत सिंह व विजय कुमार को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं बाइक चालक अजय कुमार बिंद की हालत सामान्य बताई जा रही है।थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि हादसे कोल्डड्रिंक लदे कंटेनर चालक व कंटेनर में सवार एक अन्य कंटेनर चालक की मृत्यु हो गई है। घायल खलासी और बाइक सवार दोनों भाइयों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। घटना की सूचना मृत दोनों कंटेनर चालक के परिजनों को दे दी गई है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

### गेहूं बोझ लदे ट्रैक्टर ट्राली में हाइटेंशन तार छूने से लगी आग, ट्राली में लदी गेंहू की फसल जलकर राख




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के बरबसा गहरवार गांव में रविवार शाम पांच बजे के करीब ट्रैक्टर ट्राली पर लदे गेंहू के बोझ में हाइटेंशन तार छूने से आग लग गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने डिब्बा बाल्टी में पानी लेकर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। बरबसा गहरवार गांव निवासी किसान चिंतामणि मिश्र शुकुलपुर गांव में काटी गई गेंहू की फसल को मड़ाई कराने के लिए अपने घर के पास खलिहान में लेकर आ रहे थे। जैसे ही बारीपुर मोहल्ले में पत्रकार प्रवीण तिवारी के घर के पास पहुंचे तो ट्राली पर लदा गेंहू का बोझ हाइटेंशन तार की चपेट में आ गया।

जिससे ट्राली में आग लग गई। ट्राली में आग लगी देख ट्रैक्टर चालक चीनी कोल ने शोरगुल मचाते हुए ट्राली को ट्रैक्टर से अलग कर दिया। जिससे ट्रैक्टर आग की चपेट में आने से बच गया। किसान चिंतामणि मिश्र ने बताया कि नीचे झूल रहा हाइटेंशन तार ट्राली पर लदे गेंहू के छू जाने से आग लग गई जिससे गेंहू के लदे हुए बोझ जल गये।घटना की सूचना हल्का लेखपाल शुभम ओझा को दी गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की।

### कूड़ा डालने पर मारपीट, तीन घायल




**तिलहर शाहजहांपुर।** घर के सामने कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया देखते ही देखते हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए।

थाना अंतर्गत ग्राम पिंगरा पिंगरी निवासी रामलखन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार की सुबह जब वह घर के बाहर बैठा था तभी गांव के वंशपाल तथा अमरपाल उसके गेट के सामने कूड़ा डालने लगे आरोप है कि कूड़ा डालने से मना करने पर दोनों लोग झगड़ा पर आमादा हो गए और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान तीनों लोग घायल हो गए पुलिस ने बताया घटना की जांच कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस पर महजूदा में जुटेंगे 50 जनपदों के पदाधिकारी

**भदोही:** ग्रामीण सत्ता पंचायतीराज संगठन, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों की प्रदेश कार्यकारिणी की प्रथम बैठक, शपथ ग्रहण एवं स्वागत समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत सचिवालय महजूदा, विकासखंड सुरियावां में किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रदेश के लगभग 50 जनपदों से प्रदेश व मंडल स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य संगठन की भावी कार्ययोजना तैयार करना, ग्राम विकास की दिशा तय करना तथा पंचायतीराज व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्वों के प्रति निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण की शपथ लेंगे। संगठन के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष विवेक चन्द्र अवस्थी ने बताया कि यह आयोजन ग्रामीण विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने सभी आमंत्रित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व गणमान्य लोगों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है। वहीं प्रदेश महासचिव राजमणि पांडेय ने कहा कि 'यह आयोजन केवल एक बैठक नहीं, बल्कि गांवों के समग्र विकास की ठोस रूपरेखा तैयार करने का मंच है। संगठन का लक्ष्य है कि पंचायतीराज व्यवस्था को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाते हुए गांवों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जाए। 'संगठन का मानना है कि सामूहिक प्रयास से ही ग्रामीण विकास की दिशा में ठोस परिवर्तन संभव है।

## चैत उत्सव पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** चैत मास के पावन अवसर पर महिला भूमिहार समाज द्वारा एक भव्य चैत उत्सव का सफल आयोजन गोमती नगर मे किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन डा राजलक्ष्मी राय, कुसुम राय, उपासना सिंह, उर्वशी सिंह, पुष्पा सिंह,नीरू राय, नीरू सिंह, इंदु राय,पूनम राय, विभा राय, पूनम सिंह किरन राय, वंदना सिंह. ने किया। इसके पश्चात सभी ने एक से बढकर एक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया, जिनमें लोकगीत, लोकनृत्य, भजन तथा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति प्रमुख रहे। विशेष रूप से चैत पर्व से जुड़े पारंपरिक गीतों एवं नृत्यों ने दर्शकों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य किया।

महिला भूमिहार समाज की संस्थापिक् ने बताया कि' इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय परंपराओं एवं लोक संस्कृति से परिचित कराना है। कार्यक्रम के दौरान अपने समाज की महिलाओ ओ मंच प्रदान किया गया, जिससे उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहन मिला। ऐसे आयोजन समाज में एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और पारंपरिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को जारी रखने की अपील की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी अतिथियों, सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से, अनिता, अंजू विद्योतमा नमिता रीता राय पूनम पांडे मधु राय, रीना उपाध्याय सोनामती राय, अल्पना, नीतू, कुसुम शर्मा, नूतन, सुमन, सरिता जी पुष्पा भाभी पूनम निरुपमा, रुक्मिणी जी सुनीता पांडेय, मालती, सविता उर्मिला इंदु राय अर्चना राय पूनम जी, अंकुर प्रिया जी मीरा जी नीलम आदि उपस्थित रही।

## वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ चुनार जिला की ओर से वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर पथ संचलन निकला जो नगर के चकईपुर स्थित परेड ग्राउंड से शुरू होकर कोतवाली चौराहा, मोहाना, सद्दुपुर, चौक बाजार, सराफा बाजार, भरपुर से होते हुए टेकौर गौरव पैलेस पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता संतोष जी प्रांत शारीरिक प्रमुख काशी प्रांत ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ के स्थापना के 101 वर्ष हो गए। हम सभी को सौ वर्षों की यात्रा का अध्ययन करना चाहिए। संघ आज अपनी छठवीं पीढी में है जिसमें हम सब कार्य कार्य कर रहे हैं। हमें अपने कार्य और अवस्था का गहन अध्ययन करना चाहिए कि हमारा कार्य क्या है, उसका उद्देश क्या है और हमारे होने का अर्थ क्या है। स्थापना के समय संघ का कोई बड़ा उद्देश्य नहीं था। सहज सरल भाषा में कहें तो समाज को एकत्रीकरण कर भारत को एक उन्नत राष्ट्र बनाएंगे इसी उद्देश्य के साथ कार्य शुरू हुआ। 1935-40 में नागपुर की शाखा में जाने वाले लोग 12वीं के बाद उस समय के सभी 12 प्रांतों में गए और वहीं बस गए जब 1948 में पहला शिक्षा वर्ग लगा जिसमें सभी प्रांतों से लोग आये थे तब डा. हेडगेवार ने कहा था कि आज भारत के नये स्वरूप देख रहा हूँ। धीरे धीरे यात्रा आगे बढ़ता गया और 1984 के प्रयाग में लिए गए संकल्प के आधार पर आज भव्य रामंदिर बन कर तैयार हो गया। संघ धीरे धीरे प्रांत, विभाग, जिला होते हुए आज मण्डल स्तर पर पूरे देश में है जिसके पास 42 अनुषांगिक संगठन हैं और दुनिया का सबसे बड़ा स्वयं सेवी संगठन है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. एस. के. सिंह ने एवं संचालन जिला कार्यवाह अमित जी ने किया। इस दौरान जिला संघ चालक गौतम जी, नगर संघ चालक गोविंद जी, विभाग प्रचारक कौशल जी, विभाग कार्यवाह इं. सच्चिदानंद, सह विभाग कार्यवाह राम बालक, जिला प्रचारक आलोक, जिला संपर्क प्रमुख अवनिंद्र,नगर कार्यवाह विवेक,नगर संपर्क प्रमुख राकेश, डा. मुकेश, धीरज सहित सभी खंडों के स्वयं सेवक पथ संचलन में शामिल रहे।

## विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा स्वैच्छिक सिंगल डोनर प्लेटलेट्स (SDP) रक्तदान शिविर का सफल आयोजन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल, वाराणसी में स्वैच्छिक सिंगल डोनर प्लेटलेट्स (SDP) रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में मिर्जापुर सहित अयोध्या, फतेहपुर, वाराणसी एवं गाजीपुर जनपदों से आए रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अपना अमूल्य योगदान दिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्णानंद हैहयवंशी एवं सचिव अभिषेक साहू के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य गंभीर रूप से बीमार, विशेषकर कैंसर रोगियों के लिए प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर अमोल सिंह डंग, निशांत कुमार गुप्ता, मोहित कसेरा, अयोध्या के विनय कुशवाहा, तथा काशी से नमित पारिख और आशीष केशरी ने स्वेच्छा से सिंगल डोनर प्लेटलेट्स का दान कर मानवता की सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। वहीं, कुछ इच्छुक रक्?तदाता–खुशी मौर्य, दिग्विजय सिंह, शशांक गुप्ता एवं कुमार सागर–मेडिकल परीक्षण के उपरांत पात्रता मानकों पर खरे न उतर पाने के कारण इस बार डोनेशन नहीं कर सके, हालांकि उन्होंने भविष्य में अवश्य योगदान देने का संकल्प लिया। विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आमजन से अपील की है कि वे भी आगे आकर रक्तदान जैसे महादान में सहभागिता करें, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंदों की जान बचाई जा सके।

### सजेती थाना क्षेत्र के गांव में उधारी विवाद, गुमटी में आग लगाने का आरोपी



**घाटमपुर(कानपुर)** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना सजेती क्षेत्र के गांव शाकाहारी में उधारी के पैसों को लेकर विवाद हिंसक हो गया, आरोप है कि कुछ लोगों ने पान मसाला की गुमटी में आग लगा दी, और मारपीट भी की, पुलिस मामले की जांच कर रही है, गांव निवासी जितेन्द्र अंग्रेजी शराब ठेके के पास गुमटी और अंडे का ठेला लगाते हैं,, पीड़ित जितेन्द्र के अनुसार बीतीं रात उनका गांव के दिवाकर से उधारी के पैसों को लेकर विवाद हो गया, विवाद बढ़ने पर आरोप है कि दिवाकर के बड़े भाई सुजीत पुत्र रामबाबू ने ठेले के पीछे रखी गुमटी में आग लगा दी, जितेन्द्र ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की गई,इस घटना में गुमटी में रखा सारा सामान जल कर खाक हो गया, पीड़ित ने सजेती थाने पहुंच कर पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज कराई, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की,,सजेती थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज भारती ने बताया कि कि उन्हें शिकायत मिली है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने की जरूरत-सोहनलाल श्रीमाली

● देर रात जयश्री राम के उद्घोष से गुंजायमान रहा ड्रमंडगंज बाजार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ड्रमंडगंज।** स्थानीय बाजार में शनिवार की रात विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में धर्मसभा व भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहनलाल श्रीमाली विशिष्ट अतिथि छानबे विधायक रिंकी कोल, नगर पालिका परिषद मीरजापुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी विहिप विंध्याचल मंडल विभाग मंत्री रामचंद्र शुक्ल ने भगवान राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छानबे विधायक रिंकी कोल ने कहा कि सामाजिक विसंगतियों को दूर करने के लिए भगवान राम के आदर्शों को जीवन में उतारने की जरूरत है।नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने कहा कि भगवान राम का आदर्श समाज के लिए अनुकरणीय है उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है। विहिप के विभाग मंत्री रामचंद्र शुक्ल ने कहा कि भगवान राम का आदर्श समाज के लिए अनुकरणीय है सभी को एकजुट होकर सनातन संस्कृति को मजबूत बनाने की जरूरत है। मुख्य अतिथि सोहनलाल श्रीमाली ने कहा कि भगवान राम सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं सनातन संस्कृति और सभ्यता को मजबूत बनाने के लिए भगवान राम के आदर्शों को जीवन में उतारने की आवश्यकता है। श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है। धर्म सभा के बाद गाजे बाजे के साथ भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा




निकाली गई। जय श्रीराम के जयकारों से देर रात तक ड्रमंडगंज बाजार गुंजायमान रहा। संयोजक पिंटू केशरी ने कार्यक्रम का संचालन किया।इस दौरान भाजपा नेता विपुल सिंह, ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता, सुरेश केशरी, अनिल केशरी, ज्ञान प्रकाश केशरी, अंजनी सोनी, शत्रुघ्न केशरी, तारकेश्वर केशरी, शशांक केशरी, धीरज केशरी कृष्ण गोपाल केशरी, आशीष केशरी, महेंद्र केशरी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में भव्य ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित




**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के सरगम स्थित मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में प्रेप क्लास के विद्यार्थियों के लिए भव्य ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।समारोह के दौरान नन्हे विद्यार्थियों ने स्वागत नृत्य सहित विभिन्न आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों को ग्रेजुएशन कैप पहनाकर प्रमाण-पत्र प्रदान करना रहा। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती साइमा मसीह ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान ही वास्तविक शक्ति है और यही उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव बनेगा।शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए अभव्या श्रीवास्तव को गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक एस.के. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रेजुएशन सेरेमनी अतीत की उपलब्धियों का प्रतिबिंब, वर्तमान का उत्सव और भविष्य के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने सभी पासआउट छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### सजी जश्न-ए-गौसुलवरा की महफ़िल, मोहब्बत और अमन का दिया पैगाम

**नैनी, प्रयागराज।** शनिवार को मेवा लाल बगिया स्थित समाजसेवी एवं व्यापारी नेता नाजिम खान के आवास पर जश्न-ए-गौसुलवरा के अवसर पर एक भव्य महफ़िल का आयोजन किया गया। इस दौरान नात-ख्वानी, ज़िक्र और मनकबत पेश की गई, जिससे पूरा माहौल रूहानी रंग में रंग गया।महफ़िल की सदारत काज़ी-ए-शहर प्रयागराज, मुफ़्ती शफ़ीक अहमद शरीफ़ी साहब ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सभी लोगों को दीन-ए-मुस्तफ़ा की राह पर चलना चाहिए और मुल्क-ए-हिंदुस्तान की सलामती, अमन-चैन और आपसी भाईचारे के लिए दुआ करनी चाहिए। इस मौके पर मेज़बान नाजिम खान ने महफ़िल में पधारे सभी उलमा और मेहमानों का गर्मजोशी से इस्तकबाल किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही, जिससे आयोजन की रौनक और बढ़ गई। महफ़िल में मौलाना कारी आलम साहब, सैय्यद असद साहब, मौलाना परवाज, शम्स-ए-आज़म साहब, हाफ़िज़ आदिल, हाफ़िज़ अलीमुद्दीन, हाफ़िज़ अनस, शमीम अहमद, मोहसिम खान, शायर अनस, हासिम खान, शहजाद खान, शाहबान खान, असलम खान, आज़ाद खान, शेर अली, नसीब, अकबर, शहज़ा, सुभाष केशरवानी, घनश्याम जायसवाल, पार्षद राकेश जायसवाल, राजेश शर्मा, गुड्डू गुडविल, धर्मराज सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

### अवैध बालू जांच के दौरान खनन इंस्पेक्टर समेत पूरी टीम पर हमला, घटना से पुलिस महकमे में मची खलबली

**कौशांबी।** अवैध खनिज परिवहन की जांच के लिए इंस्पेक्टर व उनकी टीम पर ट्रक चालक व पासरों ने जानलेवा हमला किया। मारपीट के बाद आरोपित ट्रकों में लदा बालू सड़क पर गिराकर भाग निकले। घटना की जानकारी से पुलिस व प्रशानिक गलियारे में खलबली मच गई। खनिज इंस्पेक्टर की तहरीर पर पुलिस ने पेट्रोल पंप संचालक सहित 12 के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा कायम कर लिया है। पुलिस टीम हंमलावरों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। चार आरोपित हिरासत में लिए गए हैं। **यह है पूरा मामला-** खान निरीक्षक शत्रुघ्न सिंह ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ शनिवार की रात करीब करीब 10:55 सरकारी वाहन से निकले थे। इस दौरान कसेंदा स्थित भारत पेट्रोलियम पंप के पास तीन संदिग्ध बालू लगे ट्रक खड़े मिले। खनन निरीक्षक के मुताबिक ट्रक चालकों से बालू परिवहन से संबंधित प्रपत्र मांगने पर वह नहीं दिखा सके। इस पर गार्ड ट्रक चालकों को वाहन लेकर पिपरी थाने चलने को कहने लगे।

# सरकारी भूमि पर चला प्रशासन का बुलडोजर, कई स्थानों से हटाए गए अवैध कब्जे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष वर्मा के निर्देश पर शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान जिले की विभिन्न तहसीलों में सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और राजस्व टीमों ने मौके पर पहुंचकर शिकायतों का निस्तारण करते हुए कई जगहों से अतिक्रमण हटाया।



**तहसील बारा में नाली, तालाब व रास्तों से हटाया कब्जा**

तहसील बारा क्षेत्र में प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए ग्राम सुरवल चन्देल की नाली, सोपरी की नवीन परती, चिल्ला गौहानी के तालाब, लकहर के चकमार्ग और तेलघना के रास्ते से अवैध कब्जे हटाए गए। राजस्व निरीक्षक के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर सरकारी जमीन को मुक्त कराया।

**सोरांव में कई गाटा संख्याओं पर कार्रवाई**

तहसील सोरांव में आराजी संख्या 613, 8, 561, 809, 808 सहित कई भूमि विवादों की जांच कर अतिक्रमण रोका गया। चकमार्गों की पैमाइश कर सीमांकन कराया गया और अवैध निर्माण कार्यों को रुकवाया गया। कई मामलों में लोगों द्वारा की गई बाउंड्रीवाल को भी हटाने की कार्रवाई की गई।

**कोरांव में भूमिधरी व चकमार्ग भूमि से कब्जा हटाया**

तहसील कोरांव में गाटा संख्या 1462ग, 147, 105 और 133 से जुड़े मामलों में शिकायतों की जांच कर राजस्व व पुलिस टीम ने अवैध कब्जे हटवाए और सभी मामलों का मौके पर निस्तारण किया।

**फूलपुर में चकमार्ग व खलिहान भूमि हुई मुक्त**

तहसील फूलपुर में चकमार्ग संख्या 816, 19, 6 सहित अन्य स्थानों पर अतिक्रमण हटाया गया। खलिहान की भूमि का सीमांकन कर कब्जा खाली कराया गया और शिकायतकर्ताओं को राहत दी गई।

**हण्डिया में नाला और अन्य भूमि से हटाया अतिक्रमण**

तहसील हण्डिया में गाटा संख्या 429, 594 और 322 से संबंधित शिकायतों की जांच के बाद राजस्व टीम ने नाला सहित अन्य सरकारी भूमि से कब्जा हटवाया।

**मेजा में अभियान चलाकर हटाए गए अवैध कब्जे**

तहसील मेजा में थाना समाधान दिवस के बाद विशेष अभियान चलाया गया। बंजर भूमि, चकमार्ग और नाला दर्ज भूमि की पैमाइश कर अवैध कब्जे हटाए गए। ग्राम बिसरी, बघौरा खवासान, खुरमा और हटवा कला में भी कार्रवाई की गई।

**तहसील में पैमाइश कर किया निस्तारण**

तहसील सदर में नाली, चकरोड़ और परती भूमि से जुड़े मामलों में पैमाइश कर सीमांकन किया गया और अवैध कब्जे हटाकर शिकायतों का संतोषजनक निस्तारण किया गया। वहीं जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## केसरवानी वैश्य सभा के लोगों ने नामित पार्षद को किया सम्मानित



**नैनी, प्रयागराज।** केसरवानी वैश्य सभा नैनी के तत्वावधान में रविवार की दोपहर नैनी थाने के समीप स्थित न्यू स्वयंवर बैंक्वेट हॉल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नैनी के काजीपुर निवासी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी को प्रयागराज का पार्षद मनोनीत किए जाने पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से वैश्य समुदाय के लोगों ने दिलीप केसरवानी को पार्षद मनोनीत किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के प्रति आभार प्रकट किया। पार्षद दिलीप केसरवानी ने अपने संबोधन में समाज के लोगों को धन्यवाद देते हुए यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी लखन लाल केसरवानी तथा संचालन नैनी व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुभाष चंद्र केसरवानी ने की।

# दर्दनाक हादसा: रेलवे लाइन पार करते समय 12 वर्षीय किशोर की ट्रेन से कटकर मौत




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**करछना प्रयागराज।** करछना थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां रेलवे लाइन पार करते समय एक 12 वर्षीय किशोर की तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और मृतक के परिवार में चीख-पुकार मच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पचदेवरा गांव निवासी राज यादव (12), पुत्र रामतौल, रविवार दोपहर करीब 12 बजे किसी काम से बाजार जा रहा था। इसी दौरान वह गांव के सामने स्थित दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन को पार करने लगा। तभी अचानक तेज रफ्तार ट्रेन आ गई और वह उसकी चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रेन की रफ्तार इतनी तेज थी कि किशोर को संभलने का मौका तक नहीं मिला और टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही करछना थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। हर कोई इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध नजर आया। वहीं, मृतक के घर में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# यमुना पुल संख्या 30 पर ऐतिहासिक शोर स्पैन नवीनीकरण सफल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे ने रेल सुरक्षा को और सुदृढ़ करते हुए प्रयागराज और नैनी के मध्य स्थित ऐतिहासिक यमुना पुल संख्या 30 पर शोर स्पैन के नवीनीकरण का महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस तकनीकी उपलब्धि से न केवल पुल की मजबूती बढ़ी है, बल्कि ट्रेनों की आवाजाही भी अब अधिक सुरक्षित और तेज हो सकेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पुल के पुराने 2म9.15 मीटर के शोर स्पैन को हटाकर उनकी जगह नए 2म9.1 मीटर के अत्याधुनिक स्टील गर्डर लगाए गए हैं। यह कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सीमित समय के भीतर पूरा किया गया।



यमुना पुल संख्या 30 भारतीय रेलवे की ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है। पुल का मूल उद्घाटन 15 अगस्त 1865 को हुआ था वर्ष 1911 में इसका दोहरीकरण किया गया। 1929 में पहली बार री-गर्डरिंग का कार्य हुआ करीब डेढ़ सदी पुराने इस पुल पर अब आधुनिक तकनीक के साथ नया जीवन दिया गया है।

**दो दिनों में पूरा हुआ बड़ा ऑपरेशन**

**DN लाइन का कार्य-** 28 मार्च 2026 रेलवे इंजीनियरों ने सटीक योजना और समन्वय के साथ यह कार्य बेहद कम समय में सफलतापूर्वक पूरा किया। इस दौरान यातायात प्रबंधन भी कुशलता से संभाला गया, जिससे यात्रियों को न्यूनतम असुविधा हुई। इस महत्वपूर्ण परियोजना को सफल बनाने में उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह, प्रयागराज मंडल के डीआरएम रजनीश अग्रवाल और उनकी इंजीनियरिंग टीम की अहम भूमिका रही।

# संगम में विलीन हुए पूर्व राज्य मंत्री दत्ता मेघे काअस्थि कलश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** महाराष्ट्र सरकार के पूर्व राज्य मंत्री और वरिष्ठ राजनेता दत्ता मेघे के अस्थि कलश का रविवार को प्रयागराज के पवित्र संगम में विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धा और भावनाओं का माहौल बना रहा, जहां परिजनों एवं जनप्रतिनिधियों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। नागपुर निवासी दिवंगत नेता के अस्थि कलश को लेकर उनके पुत्र विधायक समीर मेघे, पूर्व विधायक सागर मेघे सहित अन्य परिजन और समर्थक प्रयागराज पहुंचे। यहां फूलपुर विधायक दीपक पटेल की उपस्थिति में संगम तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे विधि-विधान से अस्थि विसर्जन संपन्न कराया गया।



गौरतलब है कि दत्ता मेघे भारतीय राजनीति के एक प्रतिष्ठित नाम रहे हैं। वे चार बार लोकसभा सांसद और एक बार राज्यसभा सदस्य रहे, साथ ही महाराष्ट्र सरकार में राज्य मंत्री का दायित्व भी निभा चुके। विधायक दीपक पटेल के मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी ने बताया कि अस्थि विसर्जन की पूर्व सूचना मिलने पर विधायक स्वयं संगम स्थल पर मौजूद रहे और पूरे धार्मिक रीति-रिवाज के साथ कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री राजेंद्र मूलक, न्यायाधीश संजय सिंह, विधायक अभिजीत बंजारी, किरण पांडव, मुकेश सिंह राणा, पार्षद अरुण मिश्र, भूपेंद्र पांडेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जन्म किस परिवार में हुआ, यह उसके हाथ में नहीं, लेकिन अपने प्रयासों और मेहनत से अपना भविष्य संवार सकता है- सरिता सिंह

● इफको महिला चेतना क्लबनेआर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान किया।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।




**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको महिला चेतना क्लब की अध्यक्षा सरिता सिंह ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा है किजन्म किस परिवार में हो, यह हमारे हाथ में नहीं होता, लेकिन अपने प्रयासों और मेहनत से हम अपने भविष्य को अपनी पसंद के अनुसार संवार सकते हैं। श्रीमती सिंह ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रारंभिक जीवन में कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद डॉ. कलाम ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से ऊंचाइयों को प्राप्त किया।

अपने संबोधन के अंत में उन्होंने महान कवि हरिवंश राय बच्चन की प्रसिद्ध पंक्तियां 'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती' सुनाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें जीवन में निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। इफको फूलपुर महिला चेतना क्लब द्वारा समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए महिला चेतना क्लब ने 'एक पहल शिक्षा समिति' से जुड़े जरूरतमंद बच्चों के बीच स्कूल बैग एवं पाठ्य सामग्री का वितरण किया। यह कार्यक्रम ढ्ढस्नस्नष्ट्ह कम्युनिटी सेंटर, घियानगर में आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है।

उल्लेखनीय है कि इन बच्चों का संबंध समाज के अत्यंत निम्न एवं वंचित वर्ग से है, जिनके परिवारों के पास स्थायी आवास भी नहीं है और वे अनधिकृत झुग्गियों में रहकर अपना जीवनयापन कर रहे हैं। ये बच्चे पहले अपने माता-पिता के साथ कूड़ा बीनने जैसे कार्यों में भी संलग्न थे, लेकिन अब शिक्षा के माध्यम से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर क्लब द्वारा कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 के लगभग 50 विद्यार्थियों की छह माह की ट्यूशन फीस भी वहन की गई। इस सहयोग से विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई निरंतर जारी रखने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान क्लब की सदस्याओं ने बच्चों से संवाद कर उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और नियमित रूप से विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के चेहरों पर नई सामग्री पाकर खुशी साफ झलक रही थी, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह और सकारात्मकता का माहौल बन गया।

इस कार्यक्रम में महिला चेतना क्लब की अध्यक्षा सरिता सिंह, सचिव किरण बड़वर एवं सामाजिक सचिव श्रीमती गीता सिंह के साथ-साथ कोषाध्यक्ष नीरू सक्सेना की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन किरण बड़वर द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नूपुर पाराशर, रेखा जायसवाल एवं पुष्पा यादव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में 'एक पहल शिक्षा समिति' के संस्थापक सदस्य विवेक दुबे ने महिला चेतना क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से बच्चों को पढ़ाई में काफी सहायता मिलेगी। पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की सामाजिक गतिविधियाँ भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगी, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जा सके।

# एएनटीएफ ने नैनी में: 52 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, 25 लाख की खेप बरामद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने नैनी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एएनटीएफ को सटीक सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति हुंडई कार से गांजे की बड़ी खेप लेकर नैनी के रास्ते शहर में सप्लाई देने जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए टीम ने तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को बीच रास्ते में रोक लिया।

तलाशी के दौरान कार से कुल 52 किलो गांजा बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई जा रही है। मौके से तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह इस खेप को शहर के विभिन्न इलाकों में सप्लाई करने जा रहा था।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस तस्करी नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। एएनटीएफ की इस कार्रवाई से मादक पदार्थ तस्करों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि नशे के कारोबार पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके।

## कलश यात्रा के माध्यम से महिलाओं को सशक्तिकरण, मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी, कमिश्नरेट प्रयागराज की मिशन शक्ति टीम द्वारा नैनी क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान टीम ने नैनी स्टेशन रोड पर निकाली गई कलश यात्रा के माध्यम से महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, मिशन शक्ति अभियान तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं आमजन को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए आदेश- निर्देशों का पालन करते हुए सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनाना तथा उन्हें उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति सजग करना है।

# बीजेपी टीएमसी का एक-दूसरे के खिलाफ आरोप-पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 6 अप्रैल जैसे नजदीक आ रही है, चुनाव माहौल गर्माता जा रहा है। हर गुज़रते दिन और खासतौर से मुर्शिदाबाद में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई हिंसा के बाद माहौल काफी गर्म हो गया है। शनिवार दोपहर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ एक 'चार्जशीट' जारी किए जाने के कुछ घंटों बाद ही, तृणमूल कांग्रेस ने बीजेपी, अमित शाह और केंद्र सरकार के खिलाफ अपनी खुद की एक चार्जशीट जारी करके पलटवार किया है। गृह मंत्री ने दावा किया है कि 2011 से तृणमूल कांग्रेस सरकार के शासन में पश्चिम बंगाल 'भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला' और उद्योगों का कब्रिस्तान बन गया है। उन्होंने लोगों से मौजूदा सरकार को सत्ता से हटाने और 'भय' की जगह 'भरोसा' लाने की अपील की।




गृह मंत्री अमित शाह ने अपने इस दावे को दोहराया कि राज्य में एसआईआर को घुसपैठियों की पहचान करने और उन्हें राज्य से बाहर निकालने के लिए किया गया है। गृह मंत्री ने दावा किया, 'हर अवैध घुसपैठिए की पहचान की जाएगी और उसे भारतीय ज़मीन से बाहर निकाला जाएगा, और तृणमूल की जगह बीजेपी को लाना ही आबादी में हो रहे बदलावों को रोकने का एकमात्र तरीका है।' अमित शाह ने याद दिलाया कि एनडीए ने पहली बार 2015 में जम्मू-कश्मीर में, 2016 में असम में, 2017 में मणिपुर, हरियाणा और अरुणाचल प्रदेश में, 2018 में त्रिपुरा में और 2024 में ओडिशा में सरकार बनाई। उन्होंने दावा किया कि 2026 में बीजेपी पश्चिम बंगाल में सरकार बनाएगी।

अमित शाह के बयानों और दावों पर तृणमूल ने तुरंत ही पलटवार किया। पार्टी ने कहा कि 'मोटा भाई, हमें जवाब चाहिए'। एक घंटे के अंदर ही तृणमूल ने बीजेपी की कमियों की अपनी लिस्ट जारी कर दी। पार्टी ने बीजेपी के इस दावे को कि राज्य घुसपैठियों से भरा है, बंगाल और बंगालियों का अपमान और कलंक बताया। पार्टी ने ज़ोर देकर कहा, 'क्योंकि अवैध घुसपैठ से सबसे ज़्यादा फ़ायदा बीजेपी को ही होता है।

वे बंगाली और बांग्लादेशी के बीच की लकीर को धुंधला करना चाहते हैं, ताकि वे अपने नफ़रत भरे असम-स्टाइल डिटेंशन कैंप मॉडल को बंगाल में ला सकें।' साथ ही, पार्टी ने गृह मंत्रालय की घुसपैठ रोकने में नाकामी पर भी सवाल उठाए। तृणमूल कांग्रेस ने अपने आरोपपत्र में संसद में सरकार के एक जवाब का भी ज़िक्र किया है, जिसमें कहा गया था कि पश्चिम बंगाल में रजिस्टर्ड कंपनियों की संख्या 2010 में 1.21 लाख से बढ़कर जुलाई 2025 में 2.50 लाख हो गई है। पार्टी ने औद्योगिक ठहराव और गिरावट के दावों को गलत साबित करते हुए कहा, '2020 और 31 जुलाई 2025 के बीच, बंगाल में 49,040 नई कंपनियां बनीं, जबकि सिर्फ़ 1,742 कंपनियों ने अपने रजिस्टर्ड दफ़्तर राज्य से बाहर शिफ़्ट किए। '

# मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने पीएम की मिमिक्री करने वाले शिक्षक के निलंबन पर रोक लगाई, अधिकारियों को फटकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिमिक्री कर गैस सिलेंडर की कथित किल्लत पर कटाक्ष करने वाले सरकारी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक साकेत पुरोहित के निलंबन आदेश पर रोक लगाते हुए कहा कि निलंबन एक गंभीर कदम है और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे किसी के दबाव में काम करने के बजाय तथ्यों और नियमों के आधार पर निर्णय लें.

द हिंदू की ख़बर के मुताबिक, जस्टिस आशीष श्रोती की पीठ ने इस कार्रवाई को 'सस्पेंशन सिंड्रोम' करार देते हुए अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी की. कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि किसी जनप्रतिनिधि की शिकायत पर बिना जांच-पड़ताल के, केवल दबाव में आकर किसी कर्मचारी को निलंबित करना पूरी तरह अनुचित है। इसके साथ ही कोर्ट ने निलंबन आदेश को निरस्त करते हुए यह साफ किया कि प्रशासनिक निर्णय प्रक्रिया में निष्पक्षता और उचित जांच अनिवार्य है. अदालत द्वारा अधिकारियों को भविष्य में इस तरह की जल्दबाजी से बचने की नसीहत भी दी गई।



मालूम हो कि बीते 13 मार्च को प्रदेश के शिवपुरी ज़िले में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक साकेत पुरोहित को पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी की शिकायत के बाद निलंबित कर दिया गया था. उन्होंने अपने निलंबन की कार्रवाई को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, जिस पर अदालत ने रोक लगा दी है। यह कार्रवाई गैस की किल्लत से जुड़े उनके एक वीडियो पर की गई थी. इस वीडियो में पुरोहित ने एलपीजी सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों पर व्यंग्य करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के बोलने के अंदाज की नकल की थी।

# संक्षिप्त खबरें

## ऑनलाइन ठगी से खाते से 6.89 लाख रुपये पार

**साइबर अपराधियों की तलाश तेज**

**ललितपुर।** महरौनी क्षेत्र में एक युवक के बैंक खाते से साइबर ठगों द्वारा करीब 6.89 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित को इसकी जानकारी काफी देर बाद हुई, जिसके बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुंडा निवासी सुरेश कुमार साहू, जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी में स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत हैं, का भारतीय स्टेट बैंक शाखा महरौनी में खाता संचालित है। उनके खाते में वेतन जमा होता है। पीड़ित के अनुसार 23 दिसंबर 2025 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी करते हुए पहले 5 रुपये निकाले गए, जिसके बाद 4,90,000 रुपये निकाल लिए गए। अगले दिन 24 दिसंबर 2025 को फिर से 5 रुपये निकाले गए और इसके बाद 1,90,000 रुपये तथा 4,439 रुपये खाते से पार कर लिए गए। पीड़ित को इन ट्रांजैक्शन की कोई जानकारी नहीं हुई। 27 मार्च 2026 को जब वह बैंक में पैसे निकालने पहुंचे, तब खाते में कम राशि देखकर उन्हें ठगी का पता चला। बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर पूरी घटना सामने आई। मामले में पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) एवं आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा साइबर ठगों की तलाश की जा रही है तथा मामले की जांच जारी है।

## अवैध देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार, 45 क्वार्टर बरामद

**ललितपुर।** थाना कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बड़ी मात्रा में देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 मार्च 2026 को नेहरूनगर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अंकित कौशिक पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति हीरो एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल से अवैध देशी शराब लेकर फौजपुरा रोड की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम बुढवार फौजपुरा रोड पर चैकिंग शुरू कर दी। कुछ ही देर में संदिग्ध मोटर साइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वह भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अरविंद यादव पुत्र धनुषराम यादव निवासी ग्राम बुढवार थाना कोतवाली ललितपुर बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक प्लास्टिक के थैले में रखी 45 क्वार्टर (200 एमएल) अवैध देशी शराब (रसभरी ब्रांड) बरामद हुई। आरोपी से शराब रखने का कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया जा सका। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया तथा उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 60/72 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बरामद शराब व मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## श्रीहनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां पूर्ण, सौंपी गई जिम्मेदारियां

**ललितपुर।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एक बैठक समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में समिति उपाध्यक्ष राजेश दुबे के आवास पर संपन्न हुई, जिसमें हनुमान जयंती पर्व को लेकर समस्त पदाधिकारी व सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बताया गया कि एक अप्रैल को श्रीसुंदर काण्ड रात्रि 8 बजे से व रात्रि 12 बजे से जन्मोत्सव, 2 अप्रैल गुरुवार सुबह 7 बजे से भव्य श्रृंगार दर्शन हवन पूजन व प्रसाद वितरण विशाल शोभायात्रा शाम 4.30 बजे से तुवन मंदिर से आरंभ होगी, जो कि अपने निर्धारित मार्ग सदर कांटा, महावीरपुरा, रावरपुरा, चौबयाना, नदीपुरा, सावरकर चौक, घंटाघर होते हुए तुवन मंदिर पर समापन होगा। 3 अप्रैल शुक्रवार व 4 अप्रैल शनिवार को संगीतमय अखंड रामायण पाठ, 5 अप्रैल रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के नृत्य एवं गायन 6 अप्रैल सोमवार कवि सम्मेलन, 7 अप्रैल मंगलवार को भजन संध्या, परशुराम अवस्थी द्वारा शाम 7 बजे से 8 अप्रैल श्रीसत्यनारायणजी की कथा के साथ समापन होगा। इस दौरान समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, रमेश कुमार रावत, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, संयोजक जगदीश पाठक, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौड़, मंत्री राकेश तामिया, संगठन मंत्री भरत रिछारिया, अवधेश कौशिक, शिवकुमार शर्मा, मुन्नालाल त्यागी, शुभम कौशिक, के.के. साहू, आदि उपस्थित थे।

# राम भक्तों की सेवा के लिए सांसद सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन, रामनवमी जुलूस के दौरान सक्रिय रहेगा सेवा केंद्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हज़ारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग रामनवमी- 2026 का उत्साह चरम सीमा पर है। तब राम भक्तों को किसी तरह के परेशानी ना हो इसे देखते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को अपने सांसद सेवा कार्यालय में सांसद सेवा केंद्र का स्थापना किया है। जिसका उद्घाटन भी हिंदूवादी युवा भैरव सिंह के साथ मिलकर किया। मौके पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, हजारीबाग के हिंदूवादी युवा इंजिनियर अमन कुमार मौजूद रहें। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य राम भक्तों को हर संभव मदद पहुंचाना है। हजारीबाग के रामनवमी हर एक व्यक्ति की सहभागिता होती है। हर एक व्यक्ति जो सक्षम है वह कुछ ना कुछ कुछ ऐसा करना चाहता है ताकि वह भी इस पर्व में उसकी सहभागिता सुनिश्चित हो। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने राम भक्तों की सुविधा के लिए प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सांसद सेवा केंद्र का स्थापना किया है। इस केंद्र का उन्होंने देर शाम राम भक्तों के साथ उद्घाटन कराया। उन्होंने बताया कि जब तक जुलूस रहेगा, तब तक यह केंद्र सक्रिय रहेगा। जिसमें राम भक्तों को पेयजल ,सत्तू ,चना, भोजन समेत अन्य सुविधा दी जाएगी। वहीं ग्रामीण लोगों को विशेष सुविधा का इंतजाम किया जा रहा है। कोई व्यक्ति अगर बीमार होता है तो उसे भाजपा के कार्यकर्ता और हमारे सहयोगी अस्पताल ले जाएंगे। वहीं छोटे-मोटे इलाज के लिए केंद्र में व्यवस्था किया गया है। यहां से रामभक्तों पर पुष्प वर्षा भी खुद सांसद मनीष जायसवाल करेंगे। उन्होंने बताया कि हजारीबाग का रामनवमी बेहद खास है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम भक्तों की सेवा में यह कार्यालय सक्रिय है। सांसद मनीष जायसवाल ने राम भक्तों से अपील किया है कि अगर वह ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं और उनके साथ छोटे-छोटे बच्चे हैं तो उनके पॉकेट में अपना फोन नंबर और पता अवश्य लिख दें ताकि विकट परिस्थिति में मदद किया जा सके। उन्होंने राम भक्तों समेत पूरे हजारीबाग से अपील किया है उत्साह और उमंग के साथ रामनवमी पर्व मनाये। 36 घंटे तक पर्व का जुलूस सड़कों पर रहता है। राम भक्तों का जनसैलाब इस दौरान रहता है। इस कारण सावधानी भी बरतें साथ ही उत्साह पूर्वक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव मनाएं। हजारीबाग में कई सामाजिक संगठन और सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा भी इस तरह का शिविर लगाए गए हैं, जिसका एकमात्र उद्देश्य राम भक्तों को मदद पहुंचाना है।

# विश्व कल्याण की उद्घोषणा के साथ नौ दिवसीय विष्णु महायज्ञ का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** पिछले 6 वर्षों की लंबी अवधि के उपरांत प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित रामलला यज्ञ प्रांगण में 9 दिवसीय श्रीश्री 1008 विष्णु महायज्ञ का श्रीगणेश 21 मार्च को विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ। चिर प्रतीक्षित विष्णु महायज्ञ में पाकुड़िया प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ श्रद्धालु गण दूसरे नगरों से भी यज्ञ में अपनी सहभागिता दर्शायी। 9 दिवसीय विष्णु महायज्ञ परिसर में स्थापित भव्य दिव्य देव प्रतिमाओं की पूरी भक्ति भाव से पूजन-वंदन एवं यज्ञ वेदी की परिक्रमा मंत्रों के साथ भक्त वृंद करते दिखे। वहीं प्रतिरात्रि प्रसिद्ध पाला संकीर्तन मंडलियों ने भगवत लीलाओं का गायन कर भक्त गण को भक्ति रूपी सागर में डुबोए रखा। यज्ञ परिसर में राधाकृष्ण मंडप में 24 प्रहर संकीर्तन से श्रद्धालु भी भाव विभोर होते रहे। यज्ञ परिसर में प्रतिदिन खिचड़ी महाप्रसाद के रूप में पंक्तियों में बैठे सभी महिला-पुरुष व बच्चे-बच्चियों ने महाप्रसाद ग्रहण कर संतुष्टि प्रकट की। वहीं दूसरी ओर विशाल यज्ञ परिसर में मेला का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रकार की दुकानें तथा मनोरंजन हेतु जम्पिंग बच्चों की रेल सहित अन्य आकर्षण उपस्थित रहे। यज्ञ एवं विशाल मेला परिसर में पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस रहकर निगरानी करता रहा। पुलिस टीम में महिला पुलिस भी पूरी सतर्कता के साथ तैनात रही। प्रत्येक दिन थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो, एएसआई महादेव चौधरी, एएसआई सघन निगरानी करते हुए प्रशंसनीय सहयोग करते दिखे। 29 मार्च को पूर्णाहुति की मंगलमयी बेला में जगत कल्याण के निमित्त सामान्य जन भी हवन कुंड में मंत्रोच्चार के साथ पंक्तिबद्ध होकर आहुति अर्पण कर मंगल कामना की। इस प्रकार सनातन सांस्कृतिक मूल्य आधारित 'वसुधैव कुटुम्बकम' की कामना में भारत सहित संपूर्ण विश्व के कल्याण की अभिलाषा लिए 29 मार्च को श्रीश्री 1008 विष्णु महायज्ञ का सौम्य समापन हुआ।

## आटो पलटने से दो लोग हुए घायल, सीएचसी में हुआ उपचार




**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर करमदाहा मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के चंदाडीह लखनपुर के पास एक ऑटो पलटने से उसमें सवार एक महिला और एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए है। घटना रविवार के दोपहर तीन बजे के आसपास की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एक ऑटो पर सवार होकर कुछ लोग धनबाद जिले के चिरकुंडा के खटियाडीह से नारायणपुर थाना क्षेत्र के बुधुडीह लौट रहे थे, इसी क्रम में चंदाडीह लखनपुर के पास ऑटो चालक का संतुलन बिगड़ गया और ऑटो पलट गई। ऑटो में सवार ईश्वर महरा और मुनिया देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्काल घायलों को उपचार के लिए सीएससी नारायणपुर में भर्ती कराया गया जहां घायलों का उपचार हुआ। इन दोनों के अलावे ऑटो पर दो अन्य महिला तो बच्चे और एक पुरुष सवार थे उक्त लोगों को हल्की चोटें आई हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से पलटे आटो को सीधा कर गंतव्य को भेजा गया।

# फुलवरिया में चंद्रवंशी समाज की बैठक सम्पन्न, सामाजिक एकजुटता और विकास के मुद्दों पर हुई चर्चा

**● शिक्षा, रोजगार व राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण प्रखंड के फुलवरिया गांव में चंद्रवंशी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक राजेन्द्र चंद्रवंशी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में इगुनियां-बारहगांवा समिति के वार्षिक आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने गंभीरता से सुना और पारदर्शिता की सराहना की। बैठक के दौरान समाज की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और भविष्य की दिशा को लेकर व्यापक चर्चा हुई। खासकर शिक्षा, रोजगार, व्यापार के साथ-साथ राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए सभी क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभु चंद्रवंशी ने की, जबकि संचालन आशीष चंद्रवंशी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अध्यक्ष छत्रधारी चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि चंद्रवंशी समाज लंबे समय तक गरीबी और पिछड़ेपन का सामना करता रहा है। हालांकि अब समाज में जागरूकता आई है और लोग मुख्यधारा से जुड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वजों ने बिगहा क्षेत्र में मजबूत सामाजिक आधार तैयार किया, जिसका लाभ आज की पीढ़ी को मिल रहा है। वर्तमान संघर्ष आने वाले समय में समाज के लिए खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करेगा।

सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी ने राजनीतिक भागीदारी को आवश्यक बताते हुए कहा कि इससे समाज की पहचान मजबूत होगी और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि समाज की आबादी अच्छी-खासी है, ऐसे में राजनीतिक उपस्थिति भी प्रभावी होनी चाहिए। उपाध्यक्ष करुणा चंद्रवंशी ने आपसी एकता पर बल देते हुए कहा कि समाज की प्रगति के लिए सभी को मिल-जुलकर कार्य करना होगा। बैठक में मुरली चंद्रवंशी, राजेन्द्र चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, राजेश रवानी, प्रदीप चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, सुरेंद्र चंद्रवंशी, सुनील शेखर, बिनय चंद्रवंशी, राजू चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी, खेलावन चंद्रवंशी, जितेंद्र चंद्रवंशी, शंकर चंद्रवंशी, छोटू प्रीतम चंद्रवंशी, बाबूलाल चंद्रवंशी, रामबिलास चंद्रवंशी, सन्नी चंद्रवंशी, ज्ञानी चंद्रवंशी, मदन चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे।

# बरही में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ रामनवमी महापर्व, पुलिस-प्रशासन व महासमिति ने रामभक्तों का जताया आभार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही में रामनवमी महापर्व श्रद्धा, उल्लास और पूर्ण शांति के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन एवं रामनवमी महासमिति ने शांति समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और रामभक्तों का आभार जताया, जिनके सहयोग से पर्व सकुशल सम्पन्न हुआ। श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चंद्रशेखर कुणाल व पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार स्वयं दल-बल के साथ अखाड़ा जुलूस की निगरानी में जुटे रहे। एसडीओ, एसडीपीओ एवं थाना प्रभारी ने सड़क पर उतरकर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वयं वाहनों का संचालन कराया। बरही चौक पर पुलिस प्रशासन एवं महासमिति की ओर से वॉच टावर स्थापित किया गया था, जहां से पूरे आयोजन की निगरानी की गई। महासमिति अध्यक्ष भगवान केशरी, संरक्षक रमेश ठाकुर, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, भाजपा युवा नेता आकाश जायसवाल, हितेश राज, हजारीबाग रोड हनुमान सेना अखाड़ा अध्यक्ष राजेश केशरी उर्फ मेवालाल, हजारीबाग रोड अंबेडकर नगर श्रीराम अखाड़ा अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, पटना रोड अंजनी अखाड़ा अध्यक्ष सुनील साहू, धनबाद रोड महावीर मंडल अखाड़ा अध्यक्ष कपिल साव, धनबाद रोड भगवती मंदिर अध्यक्ष नवल किशोर सिंह, गया रोड बजरंग अखाड़ा मल्लाहटोली अध्यक्ष शिवा निषाद, श्रीराम सेना अखाड़ा लश्करी, हरला से विनोद यादव, करसो से यमुना यादव, रसोइया धमना से राजकुमार प्रसाद समेत समिति के सभी पदाधिकारियों ने रामभक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बरही पुलिस ने 200 से अधिक महिला एवं पुरुष पुलिस बल की तैनाती की थी। विभिन्न स्थलों पर दंडाधिकारी नियुक्त किए गए थे तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इसके अतिरिक्त ड्रोन कैमरों के माध्यम से जुलूस की लगातार निगरानी की गई। हालांकि कुछ स्थानों पर हल्की झड़प की स्थिति बनी, लेकिन पुलिस प्रशासन और महासमिति की तत्परता से उसे तुरंत नियंत्रित कर लिया गया, जिससे कोई बड़ी घटना नहीं हुई। रामनवमी की रात करीब 9 बजे से झांकियों का सिलसिला शुरू हुआ, जो पूरी रात बरही के चारों मुख्य मार्गों से गुजरता रहा। दशमी की सुबह सभी झांकियां तिलैया रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचीं, जहां उन्हें विश्राम दिया गया। इसके बाद शाम 6 बजे झांकियों का दूसरा चरण शुरू हुआ, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में रामभक्त उमड़ पड़े। झांकियां देर रात तक धनबाद रोड से होकर भ्रमण करती रहीं और रात्रि लगभग 2 बजे सभी अपने निर्धारित स्थानों पर पहुंच गईं। इस दौरान बरही चौक पर अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में मेडिकल टीम तैनात रही, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। वहीं, सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था भी की गई थी। पुलिस प्रशासन की सतर्कता और आमजन के सहयोग से बरही में रामनवमी महापर्व पूरी भव्यता और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जो क्षेत्र में आपसी सौहार्द और एकता का संदेश दे गया।

# बाबा कर्णेश्वर मंदिर में गूंजा अखण्ड बंगला संकीर्तन, भक्ति में डूबे श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**करों, देवघर, झारखंडः-** शनिवार को अनुमंडल अंतर्गत करों प्रखंड के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व वाले गाँव करोंग्राम स्थित स्थानीय बाबा कर्णेश्वर मंदिर प्रांगण में त्रिदिवसीय अखण्ड बंगला संकीर्तन का भव्य शुभारम्भ सार्वजनिक संकीर्तन समिति के सौजन्य से किया गया। इस आध्यात्मिक आयोजन में क्षेत्र के डूमरतर, सिरिया, चाँदचौरा, रानीडीह, केंदवेरीया कमलकर, रान्हा, गोविन्दपुर, सालतर, चौरवरिया, प्रतापपुर, तारापुर आदि गाँवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर संकीर्तन का रसास्वादन किया। कार्यक्रम के प्रथम रात्रि में पश्चिम बंगाल की संकीर्तन गायिका लक्खी दास ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने श्रीकृष्ण नाम की महिमा एवं उसके आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि कलियुग में 'हरे राम, हरे कृष्ण' नाम का जप एवं ध्यान ही मनुष्य के आध्यात्मिक उत्थान का प्रमुख साधन है। उनके अनुसार, नाम संकीर्तन के माध्यम से ही जीवन रूपी भवसागर से पार पाया जा सकता है। उन्होंने संगीत और नृत्य के माध्यम से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा।

इसी क्रम में बंगला पाला 'प्रभाष यज्ञः क्या और क्यों' विषय पर प्रस्तुत करते हुए वक्ताओं ने वर्तमान सामाजिक परिवेश पर गंभीर चिंतन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव में अपने पारंपरिक संस्कारों से दूर होती जा रही है। जन्मदिन जैसे अवसरों पर केक काटने, मोमबत्ती बुझाने और गुब्बारे फोड़ने की प्रथा को उन्होंने विदेशी संस्कृति का प्रभाव बताया। इसके विपरीत भारतीय परंपरा में जन्मदिन के अवसर पर खीर-प्रसाद का वितरण और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व रहा है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि आधुनिकता के नाम पर समाज में फूहड़ता का प्रसार हो रहा है, जो चिंताजनक है। उन्होंने सरल, सहज और समभाव से जीवन जीने की आवश्यकता पर बल देते हुए माता-पिता की सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। इस अवसर पर सार्वजनिक संकीर्तन समिति के पदाधिकारियों के साथ-साथ अनेक स्वयंसेवक भी व्यवस्था में सक्रिय रूप से जुटे रहे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सका।

## बसरिया में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ रामनवमी महापर्व, अखाड़ों को किया गया सम्मानित

**●हिंदुस्तान क्लब सलोन को मिला प्रथम स्थान, शिव शक्ति क्लब शिवपुर व जरहिया अखाड़ा रहे क्रमशः द्वितीय व तृतीय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड अंतर्गत बसरिया में श्री रामनवमी महासमिति पंचमाधव के तत्वावधान में आयोजित रामनवमी महापर्व का मेला श्रद्धा, उल्लास और आपसी सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। इस दौरान बसरिया पंचमाधव स्थित मंदिर परिसर महावीरी पताकाओं से भगवामय हो उठा, जहां उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ आस्था का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रही थी। समिति के सदस्यों द्वारा पूरे मंदिर परिसर में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी। वहीं प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे मेला पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ।

रामनवमी के अवसर पर बसरिया, कोलंगा, शिवपुर, धोबीयाडीह, सलोन एवं जरहिया गांवों के ग्रामीण अपने-अपने अखाड़ों के साथ यहां एकत्रित हुए और भव्य मेले का आयोजन किया। सभी अखाड़ों ने आकर्षक झांकियों और पारंपरिक खेल प्रदर्शनों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया, जिससे पूरे मेले में उत्सव का माहौल बना रहा। समिति द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अखाड़ों को सम्मानित भी किया गया। इसमें सर्वश्रेष्ठ झांकी और प्रदर्शन के लिए हिंदुस्तान क्लब सलोन को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं शिव शक्ति क्लब शिवपुर को द्वितीय तथा जरहिया अखाड़ा को तृतीय स्थान मिला। अन्य क्लबों में क्रमशः बसरिया, धोबीयाडीह एवं कोलंगा शामिल रहे। सभी अखाड़ों को समिति की ओर से अंगवस्त्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव, सचिव बसंत रजक, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, बसरिया पंचायत की मुखिया नीलम देवी, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, छोटन गोप, प्रकाश ठाकुर, पूरन राम, नागेश्वर रजक, लक्ष्मण, ठाकुर रघुनंदन गोप, राजेश यादव, मनोहर यादव, वीरेंद्र यादव, सोहन प्रसाद यादव, महेश यादव, यशवंत यादव, अरविंद राणा, चंदन राणा, अरुण यादव, नरेश यादव, घनश्याम यादव, मोहन प्रजापति, अजय प्रजापति, नारायण प्रजापति, बिरेन्द्र सिंह, उदेश्वर यादव, कैलास यादव, राजीव रंजन, संतोष यादव, सत्येंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं रामभक्त उपस्थित रहे।पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन का समन्वय देखने को मिला, जिससे क्षेत्र में आपसी भाईचारे और धार्मिक उत्साह का संदेश प्रसारित हुआ।

# हिंदुस्तान क्लब सलोन ने झांकी व अखाड़ा प्रदर्शन में मारी बाजी, प्रथम स्थान किया हासिल

**●मुखिया मनोज कुमार ने दी बधाई, कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचमाधव में आयोजित रामनवमी महापर्व के दौरान हिंदुस्तान क्लब सलोन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए झांकी एवं अखाड़ा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्लब के कलाकारों ने आकर्षक साज-सज्जा और जीवंत प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों का दिल जीत लिया। सलोन की ओर से आए कलाकारों ने भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान के स्वरूप में एक से बढ़कर एक मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। उनकी प्रस्तुति इतनी प्रभावशाली रही कि दर्शक भाव-विभोर होकर झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा। श्री रामनवमी महासमिति पंचमाधव की ओर से क्लब के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष को अंगवस्त्र, कप और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ने क्लब के सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष नारायण प्रजापति, सचिव अजय राणा, कोषाध्यक्ष मनोज प्रजापति, राजेश प्रजापति, सूरज प्रजापति, उमेश रजक, अमर रजक, दीपक रजक, विनोद राणा, गणेश पंडित, संदीप कुमार, सोनू प्रजापति, डेगन प्रजापति, महेश प्रजापति, होरिल रजक, राजकुमार, पप्पू रजक सहित सभी रामभक्तों ने बेहतर प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की। पूरे आयोजन में हिंदुस्तान क्लब सलोन की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र बनी रही और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की हर ओर सराहना की गई।

# रामनवमी जुलूस में सेवा का संगम, पाण्डेयबारा में श्रद्धालुओं को मिला शरबत-पानी

**●जीतू यादव और सुनीता देवी की पहल से रामनवमी पर सैकड़ों श्रद्धालुओं को राहत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** रामनवमी के पावन अवसर पर प्रखंड के पाण्डेयबारा चौक में समाजसेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली। नवमी एवं दशमी के दिन समाजसेवी जितेंद्र यादव (जीतू) के नेतृत्व में सड़क किनारे सेवा शिविर का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच ठंडा पेयजल और शरबत का वितरण किया गया। रामनवमी के भव्य जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह चरम पर रहा। ऐसे में यह सेवा शिविर लोगों के लिए राहत का केंद्र बन गया, जहां श्रद्धालु कतारबद्ध होकर शीतल पेय ग्रहण कर गर्मी से राहत पाते नजर आए। इस सेवा कार्य में पूर्व मुखिया प्रत्याशी सुनीता देवी सहित 20 से अधिक स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सुनीता देवी के नेतृत्व में पूरे अनुशासन और सुव्यवस्था के साथ श्रद्धालुओं के बीच शरबत वितरण किया गया। स्थानीय लोगों ने इस पुनीत पहल की जमकर सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। समाजसेवी जितेंद्र यादव (जीतू) ने बताया कि उनका उद्देश्य सिर्फ सेवा भावना के साथ श्रद्धालुओं की मदद करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के जनसेवा कार्य जारी रहेंगे। वहीं, सुनीता देवी ने भी सभी स्वयंसेवकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ही ऐसे कार्य सफल हो पाते हैं।

# महिला से छेड़छाड़, अश्लील टिप्पणी कर फोटो वायरल करने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला से छेड़छाड़, गाली-गलौज और फोटो वायरल कर बदनाम करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 मार्च 2026 की रात करीब 8 बजे वह घर पर अकेली थीं। उसी दौरान गांव का ही राधेलाल उनके घर पहुंचा और बुरी नीयत से उनका हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर वह घर के अंदर चली गई और दरवाजा बंद कर लिया। आरोप है कि राधेलाल ने दरवाजे पर लात मारते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। बाद में घटना की जानकारी मिलने पर दूसरे आरोपी राजकुमार ने फोन पर भी अश्लील बातें करते हुए धमकी दी। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों द्वारा उसकी फोटो सोशल मीडिया पर गलत और अशोभनीय टिप्पणियों के साथ वायरल कर दी गई, जिससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 352 व 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।


## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर खंती में पलटी, दो घायल



**कोंच(जालौन)-** कोंच-नदीगांव मार्ग पर ग्राम भदेवरा के समीप तेज रफ्तार स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर खंती में जा पलटी जिससे कार में सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पेटीज बिक्री का काम करने वाले मोहल्ला भगतसिंह नगर निवासी युवक सितेज़ कुमार एवं शीलू रविवार की शाम करीब 3 बजे स्विफ्ट कार में सवार होकर ग्राम भदेवरा जा रहे थे। उक्त दोनों कार में आगे की सीटों पर बैठे हुए थे। कार जैसे ही गांव के समीप पहुंची तभी अचानक बीच सड़क पर गाय का बछड़ा आ गया। बछड़े को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कार पर से चालक ने संतुलन खो दिया और अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे स्थित खंती में जा पलटी। आसपास खेतों में मौजूद लोगों एवं राहगीरों ने तत्काल ही दोनों युवकों को कार में से बाहर निकाला और उपचार हेतु सीएचसी भिजवाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों को जिला अस्पताल रेफर रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने क्षतिग्रस्त हुई कार कब्जे में लेकर आवश्यक जांच पड़ताल पूरी की।

### पिपरी पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 01 किलो 320 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




**पिपरी / सोनभद्र** -पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण में थाना पिपरी पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। दिनांक 28.03.2026 को थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण/चेकिंग के दौरान रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मेराज अंसारी उर्फ कल्लू पुत्र फिरोज अंसारी उर्फ केदार, निवासी वार्ड नं0-01 मलिन बस्ती तुर्रा, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 24 वर्ष बताया। नियमानुसार तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से एक प्लास्टिक के झोले में रखा हुआ 01 किलो 320 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इस संबंध में थाना पिपरी पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार/बरामदगी करने वाली टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 नवनीत कुमार चौरसिया थाना पिपरी जनपद सोनभद्र, हे0का0 चन्दन कुमार मिश्रा , का0 सुनील राम शामिल रहे। जनपद पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है।

### जमीन के विवाद में महिला और उसके परिजनों को पीटा

**ललितपुर।** थाना तालबेहट के अंतर्गत ग्राम खांदी मजरा हुडडा में जमीन के पुराने विवाद को लेकर एक महिला और उसके परिवार पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही चार दबंगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम खांदी निवासी बबीता कुशवाहा पत्नी स्व. पुष्पेंद्र कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार (27 मार्च) की शाम करीब 7.30 बजे वह अपने ससुर के साथ खेत से काम करके घर वापस लौट रही थीं। जैसे ही वे गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास पहुँचे, वहां पहले से घात लगाए बैठे हरीराम, जयराम पुत्रगण दुर्जन, पुष्पेन्द्र और सोनी पुत्रगण जयराम ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि विपक्षीगण पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़िता और उनके ससुर ने विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में पीड़िता और उनके ससुर को काफी चोटें आई हैं। शोर सुनकर जब ग्रामीण बचाव के लिए दौड़े, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

## ओबरा पुलिस ने किया बड़ी कार्रवाई सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते 07 अभियुक्तगण गिरफ्तार

**● नगदी व अन्य सामग्री बरामद, जुआरियों में हड़कंप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ओबरा / सोनभद्र** - जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 28.03.2026 की रात्रि में थाना ओबरा पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर छापेमारी की गई, जहां 07 अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान मौके से कुल 13,210/- नगद, 52 अदद ताश के पत्ते, 03 मोटरसाइकिल तथा 01 मारुति सुजुकी कार बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0 63/2026 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण राजेश तिवारी पुत्र अमरनाथ तिवारी, निवासी महलपुर, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 48 वर्ष, रविशंकर पुत्र रमाशंकर जायसवाल, निवासी खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र 38 वर्ष, राजबलि मिश्रा पुत्र त्रिभुवन मिश्रा, निवासी सिन्दूरिया, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र, उम्र 30 वर्ष, अशोक कुमार श्रीवास्तव पुत्र रामलखन लाल श्रीवास्तव, निवासी खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र 52 वर्ष, मुन्ना तिवारी पुत्र सीताराम, निवासी महलपुर, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र, उम्र 44 वर्ष, मुन्ना तिवारी पुत्र रमानाथ तिवारी, निवासी महलपुर, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र, उम्र 42 वर्ष, विकास चौहान पुत्र दशरथ चौहान, निवासी सेक्टर 2-I31, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र 21 वर्ष रहे। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 विष्णु प्रभा सिंह थाना ओबरा जनपद सोनभद्र, उ0नि0 रामसिंह यादव , हे0का0 संतोष पटेल , हे0का0 अनिल गुप्ता शामिल रहे। ओबरा पुलिस ने स्पष्ट किया कि आगे भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाती रहेगी।

## क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर अर्दली रूम आयोजित, विवेचनाओं के निस्तारण हेतु दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** - रविवार दिनांक 29.03.2026 को क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर अर्दली रूम का आयोजन किया गया। अर्दली रूम के दौरान थाना स्तर पर लंबित विवेचनाओं की गहन समीक्षा की गई तथा प्रत्येक प्रकरण की प्रगति का आंकलन करते हुए संबंधित विवेचकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा समस्त विवेचकों को निर्देशित किया गया कि लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि गंभीर अपराधों से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए तथा साक्ष्यों का संकलन विधि सम्मत एवं सुदृढ़ तरीके से किया जाए। अर्दली रूम के दौरान जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। साथ ही वांछित/वारंटी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समय से निस्तारण करने एवं अन्य लंबित प्रकरणों में प्रगति लाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग करने, अपराधियों पर सतत निगरानी रखने तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए थाना स्तर पर जागरूकता बढ़ाने, पीड़ितों की त्वरित सहायता सुनिश्चित करने तथा संबंधित मामलों में शीघ्र विधिक कार्रवाई करने हेतु भी निर्देशित किया गया। महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महिला संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने, मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने एवं महिला हेल्पडेस्क को सक्रिय बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। अंत में क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ करने हेतु प्रेरित किया गया तथा जनसामान्य के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर पुलिस की छवि को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया गया।

## कोन अस्पताल में चिकित्सकों की मांग को लेकर जनांदोलन तेज, सैकड़ों लोगों ने भरी हुंकार

**●संघर्ष जारी है महिला चिकित्सक और हड्डी रोग विशेषज्ञ कोन अस्पताल में दिलाकर ही दम लेंगे- आनन्द पटेल दयालु**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोन / सोनभद्र-** रविवार को राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट के तत्वाधान में ग्राम पंचायत खेतकटवा चौराहे पर एक बड़ा जागरूकता अभियान और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नव निर्माण सेना ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। अभियान के बाद खेतकटवा चौराहे से एक विशाल जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में आम जनता पैदल मार्च करते हुए अपनी मांगों को बुलंद करती नजर आई। पूरे क्षेत्र में गगनभेदी नारों की गूंज सुनाई दी, अस्पताल में महिला डॉक्टर और हड्डी के डॉक्टर नियुक्त हो यह क्षेत्र का अधिकार है, हमें मिलना चाहिए आनन्द पटेल दयालु संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं। इस दौरान आनन्द पटेल दयालु ने कहा कि क्षेत्र की लगभग दो लाख आबादी को आज भी बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 70 किलोमीटर दूर मुख्यालय जाना पड़ता है। एक मरीज के साथ दो लोगों का आना-जाना मिलाकर करीब 600 रुपये केवल किराये में खर्च हो जाते हैं, जबकि दवा और इलाज का खर्च अलग से होता है। उन्होंने कहा कि यदि कोन अस्पताल में महिला डॉक्टर और हड्डी रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति हो जाए, तो क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत मिलेगी। यह जनांदोलन तब तक चलता रहेगा जब तक जनता को न्याय नहीं मिल जाता। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष महताब आलम ने कहा कि जिस तरह तेलगुड़वा से कोन सड़क का संकल्प लेकर मात्र 5 महीने में उसे पास कराया गया, उसी तरह यह मांग भी पूरी कराई जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही अस्पताल में जरूरी डॉक्टरों की नियुक्ति होगी।इसी तरह प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कनौजिया ने कहा कि यह लड़ाई और मजबूत की जाएगी और आम जनता को न्याय दिलाया जाएगा। इस अभियान में प्रदेश सचिव विकास कुमार गौड़, सत्यनारायण पटेल, चंद्रशेखर पटेल, प्रदीप भारती, श्यामा प्रसाद पटेल, राम विश्वास, रामनाथ पटेल, डॉक्टर गजाधर, राम बदन, देवदत्त कनौजिया, गुलजारी देवी, सविता देवी, जसोधा देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आनन्द पटेल दयालु ने कहा कि यह जनांदोलन जनता के लिए है और जनता को न्याय दिलाना हमारी जिम्मेदारी है।

## द्वितीय पुण्यतिथि पर सादगी से याद किये गये वरिष्ठ पत्रकार कीर्तिशेष पं.सुरेन्द्र नारायण शर्मा

**●अन्नपूर्णा भोजनशाला में द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** प्रेस क्लब (पंजी.) के तत्वाधान में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले (सप्पू) की अध्यक्षता में स्थानीय अमर शहीद पं. श्रीगणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में प्रेस क्लब के पूर्व संरक्षक परम श्रद्धेय कीर्ति शेष वरिष्ठ पत्रकार पं. सुरेन्द्र नारायण शर्माजी की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रेस क्लब संरक्षक मण्डल के सदस्यों के साथ प्रेस क्लब के पदाधिकारियों सहित उपस्थित वरिष्ठ पत्रकारों ने परम श्रद्धेय पं.सुरेन्द्र नारायण शर्मा के चित्र को नमन कर माल्यार्पण किया, एवं श्रद्धा सुमन के साथ अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रेस क्लब संरक्षक मण्डल के सदस्यों व प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े वरिष्ठ पत्रकारों ने नम आंखों से उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणा पुरुष की संज्ञा दी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि परम श्रद्धेय पं. सुरेन्द्र नारायण शर्मा जीवन पर्यन्त पत्रकारिता के मूल उद्देश्यों के प्रति समर्पित रहे उनकी निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता से हमेशा गरीब, असहाय, वंचित लोगों को न्याय दिलाने में सहायक सिद्ध हुई, जनपद के उत्थान और विकास में उनके बहुमूल्य योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता, प्रेस क्लब संरक्षक के रूप में उन्होंने अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन किया, वह पत्रकारों की एकता और उनकी समस्याओं के प्रति सदैव संघर्षरत रहे, उनके श्रेष्ठ आदर्श और विचार युवा पीढ़ी के लिए आज भी प्रासंगिक हैं। तत्पश्चात जिला अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय में भी श्रद्धांजलि सभा के पश्चात, उनकी पुण्यतिथि पर गरीब एवं असहाय व्यक्तियों के लिए भोजन व्यवस्था सुनिश्चित रूप से कराई गई। आयोजित श्रद्धांजलि सभा का सफल संचालन प्रेस क्लब महामंत्री अमित सोनी ने किया। इस दौरान अध्यक्ष राजीव बबेले (सप्पू), वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन (कल्लू), कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह (पाली), कार्यालय प्रभारी अजीत जैन (भारती), पूर्व महामंत्री अजय बरया, पूर्व महामंत्री सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, मंजीत सिंह सलूजा, सुनील शर्मा, डा.राजेश शर्मा, बृजमोहन संज्ञा, सिद्धार्थ शर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष संदीप शर्मा एड., पूर्व कोषाध्यक्ष रमेश रायकवार, दिनेश संज्ञा, अभय श्रीमाली, बुविसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू, संजय ताम्रकार, डा.रविन्द्र मोहन संज्ञा, राहुल जैन नवभारत, अशोक स्वर्णकार, भगवत नारायण श्रोती, आलोक चतुर्वेदी, प्रदीप रिछारिया, कृष्णकांत सोनी, राजेश श्रीवास्तव, जयेश बादल, बृजेश पंथ, भरत रावत, हरीशंकर अहिरवार, राजेश कुमार राठौर, नीतेश जैन बंटी, अमित लखेरा, अजितेश जैन भारती, शिब्बू राठौर, अमित संज्ञा, मनीष कुमार शर्मा, रामकिशोर विश्वकर्मा, अर्पित वासु शर्मा, आर्या शर्मा, यशपाल सिंह परमार, विनोद मिश्रा, सूरज सिंह राजपूत, सुरेन्द्र सपेरा, राजकुमार कुशवाहा, सुरेन्द्र कुमार सेन, फूलचंद्र रजक, रामप्रसाद सिंह, अर्जुन झां, भगवान सिंह के अलावा अनेकों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## शिवद्वार में श्री शंकर रामलीला समिति द्वारा किया गया रामलीला का मंचन, दर्शक हुए भाव विभोर

**●मुख्य उद्देश्य विश्व कल्याण,लोकशांति,सामाजिक संगठन,सनातन उत्थान, धर्म प्रचार प्रसार आदि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** घोरावल क्षेत्र के अति लोकप्रिय मंदिर उमा महेश्वर विराजमान विग्रह शिवद्वार मन्दिर प्रांगण में श्री शंकर रामलीला समिति द्वारा विगत वर्षों कि भांति इस वर्ष 77 वे रामलीला मंचन का आयोजन दिनांक 27/3/2026 से रामजन्म की लीला के साथ प्रारम्भ किया गया व दूसरे दिन कि लीला में तड़का वध कि लीला दिखाई गई। रामलीला का शुरुआत प्रार्थना के साथ हुई जिसमें अहम किरदार हार्दिक राम, कान्हा लक्ष्मण,सुबास गिरी मारीच, राजेश्वर राम शुक्ल विश्वामित्र, जगदीश मिश्र ख़ामश्यामा, नीतीश शुक्ल सुबाहु, तड़का सूर्यकांत दुबे ने निभाई । रामलीला समिति के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार रामलीला के दो दिन का लीला फुलवारी,धनुष भंग कि लीला होनी हैं, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है । रामलीला के माध्यम से विश्व कल्याण, लोक शांति,सामाजिक संगठन, सनातन उत्थान, धर्म प्रचार प्रसार आदि मुख्य उद्देश्य है। रामलीला समिति के अध्यक्ष श्रीकांत दुबे ने बताया कि श्री शंकर रामलीला समिति सन 1950 में प्रथम मंचन प्रारंभ हुई जिसके संस्थापक स्व . रामलखन तिवारी थे। सन् 1962 में रामलीला विस्तृत रूप से अक्षयवर वर्मा राम मिश्र के अध्यक्षता में की गई जिसका लंबे समय तक नेतृत्व स्व श्यामधर मिश्र की अध्यक्षता में चला । जो वर्तमान में सच्चितानंद मिश्र द्वारा नेतृत्व किया जा रहा है। बतातें चलें कि रामलीला समिति द्वारा 77 वें वर्ष में भगवान के लीला का मंचन प्राचीन समय चली आ रही । रामलीला मंचन में ब्रह्मानंद, शरद, सच्चितानंद, रवि, धीरेन्द्र, अमित, नंदकुमार, नंदू,जगदीश, शिवद्वार मन्दिर प्रधान पुजारी सुबास गिरी, मंदिर समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्र समेत अन्य क्षेत्रवासी भक्तगण मौजूद रहे।

## रास्ता रोककर युवक और उसकी पत्नी के साथ मारपीट

**ललितपुर।** ग्राम ककरुवा में रास्ते के विवाद को लेकर एक युवक और उसकी पत्नी के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम विरधा निवासी रिजवान पुत्र इसराइल खान ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह बीते 25 मार्च 2026 को दोपहर करीब 03.30 बजे अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से ससुराल ग्राम ककरुवा जा रहे थे। आरोप है कि जब वे गांव के रास्ते में थे, तभी ग्राम ककरुवा निवासी देवी सिंह पुत्र मज्जू राजा ने अपनी ट्रैक्टर सड़क के बीच में खड़ी कर उनका रास्ता रोक लिया। रिजवान का कहना है कि जब उन्होंने ट्रैक्टर को किनारे करने का अनुरोध किया, तो आरोपी देवी सिंह ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने लाठी से रिजवान पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें शरीर में कई चोटें आई। इस दौरान मोटरसाइकिल पर बैठी उनकी पत्नी के साथ भी गाली-गलौज और मारपीट की गई। जाते-जाते आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के संबंध में पीड़ित ने 28 मार्च को थाना नाराहट में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी देवी सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मामला पंजीकृत कर लिया है।

## गौशालाओं में अब गौवंशों हेतु खाने को मिलेगा हरा चारा

**● शासन की नई योजना का गौसेवा आयोग अध्यक्ष ने कोंच गौशाला में किया शुभारंभ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** सूबे में संचालित गौशालाओं में एकत्रित गौवंशों के बेहतर पोषण और स्वास्थ्य को लेकर प्रदेश शासन ने एक नई पहल शुरू की है। इस नई पहल/योजना के तहत सभी गौशालाओं में गौवंशों को प्रतिदिन हरा चारा उपलब्ध कराया जाएगा। दिलचस्प यह है कि इस नई योजना की शुरुआत कोंच में संचालित कान्हा गौशाला से हुई है, और अब सूबे भर की गौशालाओं में चरणबद्ध तरीके से यह योजना लागू की जाएगी। रविवार को कोंच पहुंचे प्रदेश गौसेवा आयोग के अध्यक्ष (दर्जा प्राप्त मंत्री) श्याम बिहारी गुप्ता ने नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित कान्हा गौशाला में इस योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने यहां पर एकत्रित गौवंशों को अपने हाथों से गुड़, चना, केला खिलाए और गौवंशों को दुलारा। इस मौके पर गौसेवा आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार गौ संरक्षण-संवर्धन के लिए लगातार सक्रिय रहकर कार्य कर रही है, हरे चारे की व्यवस्था इसी दिशा में एक जरूरी और महत्वपूर्ण कदम है। हरे चारे से गौवंशों को पौष्टिक आहार मिलेगा जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार के साथ ही दुग्ध उत्पादन भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना में किसानों को भी जोड़ा जाएगा। किसानों को मौरिंगा आधारित हरा चारा उगाने और बायोगैस प्लांट स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञ इंजीनियरों की टीम किसानों को तकनीकी जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करेगी। इससे किसानों को अतिरिक्त आय का स्रोत मिलेगा और गौशालाओं के लिए हरे चारे की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि मौरिंगा आधारित चारा गायों के लिए अत्यंत लाभकारी होता है, जिसमें पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। बायोगैस प्लांट के माध्यम से गोबर का उपयोग ऊर्जा उत्पादन और जैविक खाद बनाने में किया जा सकेगा जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने गौशाला संचालन से जुड़े लोगों को निर्देश दिए कि गौशाला की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए और गायों के आहार व देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, ईओ मोनिका उमराव, भाजपा नेता अमित उपाध्याय सहित पालिका कर्मी मौजूद रहे।

## सोनभद्र ओबरा के सुभाष चौराहे पर नर सेवा ही नारायण सेवा का अनूठा संकल्प, श्री राम सेवा समिति का खिचड़ी भंडारा जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा/सोनभद्र-** जनपद की ऊर्जा राजधानी ओबरा के सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर (सुभाष चौराहा) पर भक्ति और सेवा का एक अद्भुत उदाहरण देखने को मिल रहा है। श्री राम सेवा समिति द्वारा संचालित साप्ताहिक खिचड़ी भंडारा अब महज एक वितरण कार्यक्रम नहीं, बल्कि क्षेत्र के लिए नर सेवा नारायण सेवा का एक महा-अभियान बन चुका है। इस पुनीत सेवा यात्रा की नींव 23 अगस्त 2025 को शनि अमावस्या के पावन अवसर पर रखी गई थी। संस्थापक पत्रकार अजीत सिंह के कुशल नेतृत्व में यह प्रकल्प बिना किसी अवरोध के प्रत्येक शनिवार शाम 5:00 बजे से निरंतर संचालित हो रहा है। श्री सिंह के समर्पण को देख आज समाज का हर वर्ग इस अभियान से जुड़ रहा है। भंडारे की सबसे बड़ी विशेषता इसकी स्वच्छता और सेवादारों की तन्मयता है। ओमप्रकाश सिंह और रीता कुमारी स्वयं खिचड़ी बनाने से लेकर सब्जियाँ काटने तक की कमान संभालते हैं। कर्म ही पूजा है के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए यहाँ प्रसाद अत्यंत सात्विक तरीके से तैयार किया जाता है। इस पुण्य कार्य को सफल बनाने में अनुभवी संरक्षकों और ऊर्जावान युवाओं की टोली दिन-रात सक्रिय है। प्रमुख सहयोगियों में गार्जियन बाबूराम सिंह,संरक्षक ओम प्रकाश सिंह, संकट मोचन झा, राहुल प्रताप सिंह।सर्वेश दुबे, आदित्य वर्मा (लक्ष्मी ज्वेलर्स), शिव कुमार (पहाड़ी बाबा), अविनाश श्रीवास्तव, विजय यादव, चंदन सोनी।सरिता सिंह, रीता कुमारी, पुष्पा दुबे, रणजीत तिवारी, राम आश्रय बिंद, अनिल गुप्ता, करण जगले और मनोज कुमार जैसे नाम शामिल हैं जो बिना किसी पद की लालसा के निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।भंडारे के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से संकल्प दोहराया कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पौष्टिक आहार पहुँचाना और आपसी समरसता को बढ़ावा देना ही समिति का मुख्य लक्ष्य है। प्रत्येक शनिवार की शाम अब ओबरा वासियों के लिए केवल प्रसाद वितरण का समय नहीं, बल्कि श्रद्धा और सेवा का एक बड़ा केंद्र बन चुकी है।

## कैलिया पुलिस ने अंधे कत्ल का 72 घंटों में किया खुलासा, चारों अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कोंच(जालौन)-** थाना कैलिया पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। अंधे कत्ल के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 72 घंटे के अंदर हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में जो बात निकल कर सामने आई उससे साबित होता है कि अमित नरवरिया की हत्या सोची-समझी साजिश के तहत की गई और साक्ष्य मिटाने के प्रयास किए गए। गौरतलब है कि 24 मार्च को थाना कैलिया क्षेत्रांतर्गत ब्यौना रोड पर सड़क किनारे खंदक में एक जलता हुआ शव बरामद हुआ था। मृतक की पहचान अमित नरवरिया निवासी ग्राम ऊमरी का पुरा थाना रेंढर हाल निवासी लहार मध्यप्रदेश के रूप में सामने आई थी। मामले में मृतक के पिता गिरजाशंकर पुत्र स्व. भागीरथ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पुत्र अमित उम्र 24 वर्ष की हत्या कर उसकी पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव को जला दिया है। थाना पुलिस ने धारा 103 (1)/238/351(2)/61(2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ दुर्गेश कुमार द्वारा तीन टीमों का गठन किया गया था। टीमों ने अपना काम बखूबी करते हुए महज 72 घंटे के भीतर अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर ली। पुलिस अधीक्षक ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि थाना कैलिया पुलिस टीम की विवेचना के क्रम में इलेक्ट्रानिक/भौतिक साक्ष्य संकलन से प्रकाश में आए चारों अभियुक्तों कुलदीप दोहरे पुत्र स्व. जमुनाप्रसाद उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम कैलिया, अमित दोहरे पुत्र तिलक सिंह उर्फ अर्जुनलाल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम भगवंतपुरा थाना रेंढर, शीतला पत्नी कुलदीप दोहरे उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम कैलिया तथा मिथलेशी पत्नी स्व. जमुनाप्रसाद उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम कैलिया को मुखबिर की सूचना पर जगनपुरा रोड से सलैया खुर्द जाने वाली सड़क के पास से गिरफ्तार किया गया है। उनकी निशादेही पर एक अदद हथौड़ा आलाकत्ल, एक अदद डंडा आलाकत्ल, दो अदद बाइक, दो अदद हेलमेट बरामद कर विधिक कार्रवाई की गई। पूछताछ में अभियुक्त कुलदीप ने बताया कि कि मृतक अमित नरवरिया और मेरी पत्नी शीतल के बीच प्रेम-प्रंसग चल रहा था जिसकी जानकारी मुझे हो गयी थी। 23 मार्च को शीतल ने फोन कर मृतक अमित को धमकी दी कि तुम नहीं आओगे तो वह उसके घर आ जाएगी। तब अमित नरवरिया 24 मार्च की शाम अकेला उसके घर आ गया। वह सभी लोग घर में ही घात लाकर बैठे थे, जैसे ही अमित नरवरिया घर में आया और उसकी पत्नी के बेडरूम में पहुंचा तो मां घर के बाहर खड़े होकर निगरानी करने लगी और उसने पत्नी शीतल व अमित दोहरे ने मिलकर उसे दबोच लिया। अमित दोहरे ने उसके मुंह में शीतल का दुपट्टा ठूस दिया ताकि वह चिल्ला न पाए और फिर डंडे व हथौड़े से अमित नरवरिया के सिर पर कई बार कर हत्या कर दी। उसकी लाश व सबूत मिटाने के उद्देश्य से लाश को बेडशीट से बांधकर व कंबल में लपेटकर उसके ऊपर पीली बोरी का तिरपाल लपेटकर बाइक पर रखकर कैलिया से ब्यौनाराजा जाने वाली रोड पर ले जाकर शव में आग लगा दी ताकि उसकी पहचान न हो सके। इसके बाद वह लोग वहां से फरार हो गए थे।

# संक्षिप्त खबरें

## पुरवा के पास नहर में तैरता मिला शव

**कानपुर** । आज दिनांक 29.03.2026 को प्रातः सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कुरसौली, नगर पंचायत पुरवा के पास नहर में एक व्यक्ति दिखाई दे रहा है। सूचना पर स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां उक्त व्यक्ति नहर में मृत अवस्था में पाया गया। मौके पर उपस्थित व्यक्तियों द्वारा मृतक की पहचान रामबाबू सिंह पुत्र बाबू सिंह, निवासी ग्राम कुरसौली, थाना बिठूर , जनपद कानपुर नगर के रूप में की गई।घटना की जानकारी पर फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही की जा रही है।

## जानलेवा जाम से जूझता कानपुर, एंबुलेंस फंसने से मरीज पहुंचा मौत के करीब, भर्ती




**कानपुर।** जगह-जगह पर भीषण जाम की समस्या ने आज रविवार को एक मरीज की जिंदगी खतरे में डाल दी। मुरारी लाल चेस्ट हॉस्पिटल में भर्ती होने के पहले तक भीषण जाम के रूप में यह मौत मरीज के सामने नाचती हुई नजर आई। जाम में फांसी एंबुलेंस को बड़ी मुश्किल से बाहर निकालने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया जा सका। यह जानलेवा हालत तब पैदा हुए जब जीटी रोड पर मुरारी लाल चेस्ट हास्पिटल के सामने अतिक्रमण अभियान के चलते रविवार दोपहर लगभग 2 किलोमीटर तक भीषण जाम लग गया। मुरारी लाल चेस्ट हॉस्पिटल से लेकर गुरुदेव चौराहे तक लंबे जाम में वाहन रेंगते रहे। इसमें कई एंबुलेंस फंसी रही। जानकारी के मुताबिक एंबुलेंस में गंभीर रूप से बीमार बुजुर्ग रामकृष्ण को बिल्हौर से कानपुर रेफर किया गया था, डेढ़ घंटे तक जाम में मरीज तड़पता रहा और इस दौरान परिजन परेशान हो गए। आक्सीजन के सहारे महज 2 से 3 किमी. का सफर तय करने में डेढ़ घंटे से ज्यादा का समय लग गया और मरीज की जान सांसत में फंस गई। करीब डेढ़ घंटे बाद परिवार के लोग मरीज को मुरारी लाल चेस्ट हास्पिटल में आकर भर्ती कराया। अवगत कराते चलें कि इसके पहले भी जाम की समस्या और भी कई मरीजों की असमय मौत का कारण बन चुकी है।

## हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित 25,000 के इनामिया 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** बीते साल 08 जुलाई 2025 को रात्रि वादी बारघाट से अपने घर लौटते समय ग्राम छीटपुर स्थित सतीमाई की बाग में पूर्व से घात लगाए बैठे नामजद व अन्य अज्ञात अभियुक्तों द्वारा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से लाठी डंडा से हमला कर घायल कर दिया गया। शोर सुनकर ग्रामीणों के आने पर अभियुक्तगण वादी की जेब में रखे रुपये एवं गले में पहनी सोने की चैन छीनकर धमकी देते हुए फरार हो गए। इस संबंध में थाना दिलीपपुर में 05 नामजद व 4-5 अज्ञात लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना प्रभारी दिलीपपुर बलराम सिंह मय हमराह व प्रभारी स्वाट सर्विलांस टीम उ0नि0 अमित कुमार चौरसिया मय हमराह द्वारा थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 25000 के ईनामिया दो वांछित अभियुक्तों राजा उर्फ शनि गौतम पुत्र लालजी गौतम उम्र करीब 20 वर्ष, प्रियांशु उर्फ अर्जुन पुत्र लालजी गौतम उम्र करीब 18 वर्ष समस्त निवासी ग्राम छीटपुर थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ को थाना दिलीपपुर क्षेत्रान्तर्गत प्रकट नाथ मन्दिर के पास के पास से गिरफ्तार किया गया।

## चोरी की बाइक के साथ तमंचे संग धराया आरोपी, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत चोरी की बाइक समेत आरोपी के पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद करने में सफलता ली है। दरोगा दीपक यादव रविवार को फोर्स के साथ चेकिंग पर निकले थे। लोनी नदी पुल के समीप बाइक सवार एक आरोपी को पुलिस ने संदिग्ध दशा में धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी सांगीपुर थाना के कुंभापुर निवासी आदित्य सरोज पुत्र रामचंद्र सरोज के पास से एक तमंचा व एक कारतूस भी बरामद हुआ। छानबीन में आरोपी के कब्जे मे मिली बाइक बीती दस मार्च को बाइक चोरी की घटना से जुडी मिली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा भी दर्ज किया है। आरोपी को दोपहर बाद जेल भेज दिया गया।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के मेधावी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

### ●बर्डपुर में सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर** – चौधरी रामराज जन कल्याण सेवा संस्थान की ओर से जिला स्तरीय पांचों विधान सभाओं में आयोजित सामान्य ज्ञान एवं सामान्य गणित प्रतियोगिता में बेहतर अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को चौधरी रामराज पब्लिक स्कूल बर्डपुर के प्रांगण में रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष सोभनाथ चौधरी और पूर्व प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र चौधरी ने मेधावियों को घड़ी और साइकिल उपहार देकर सम्मानित किया। चौधरी रामराज जन कल्याण सेवा संस्थान की ओर से रविवार को चौधरी रामराज पब्लिक स्कूल के परिसर में, 22 मार्च को आयोजित जनपद स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष सोभनाथ चौधरी के हाथों घड़ी और साइकिल पुरस्कार पाकर मेधावियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

इस अवसर पर रालोद के जिलाध्यक्ष सोभनाथ चौधरी ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों को अपने प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलता है, आज के मेधावियों में यहीं लगन और मेहनत कायम रहा तो एक दिन अच्छे पदों पर जाने का मौका आवश्य मिलेगा । उन्होंने कहा कि जब मां-बाप अपने बच्चों के लिए तपस्या करते हैं, तब जाकर बच्चे मेधावी होते हैं। पूर्व प्रधानाचार्य प्रकाश चौधरी ने कहा कि लक्ष्य को निर्धारित कर पढ़ाई करें। लक्ष्य को प्राप्त करें और क्षेत्र, जिला, प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा ने मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अब वे आगे के लक्ष्य को निर्धारित करते हुए उसको प्राप्त कर फिर से अपनी मेधा का प्रदर्शन करें। इस दौरान विवेक गोस्वामी, आशीष मिश्रा, हरीश पटेल,बलवंत चौधरी, राम अवतार चौधरी आदि भारी संख्या में मौजूद रहे, अंत में कार्यक्रम के आयोजक अनिल कुमार चौधरी ने आए हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अमेठी पुलिस एवं क्षेत्रीय आपूर्ति निरीक्षक द्वारा बरामद किया गया अवैध संग्रहित कुल1400 लीटर डीजल

**अमेठी** । पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना अमेठी पुलिस एवं क्षेत्रीय आपूर्ति निरीक्षक श्री शुभम द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन के दौरान ग्राम गनेश का पुरवा ग्राम पंचायत भरेथा विकास खण्ड भेटुआ थाना व जनपद अमेठी में दयाराम पुत्र जगन्नाथ के घर के पीछे एक ट्रॉली पर 04 छोटे डिब्बों, 01 पानी की टंकी व 04 ड्रमों में कुल 1400 लीटर डीजल बरामद हुआ । पूछताछ में दयाराम ने बताया कि यह डीजल उन्होंने खरीद कर ट्रैक्टर व कम्बाइन मशीन चलाने के लिये संग्रह किया है । इतनी अधिक मात्रा में भण्डारण अवैधानिक है, बरामदगी के आधार पर थाना अमेठी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

# साढ़ थाना क्षेत्र में पिलर खुदाई विवाद में दो पक्षों में मारपीट, पांच घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर (कानपुर)**- कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना साढ़ क्षेत्र के बरईगढ गांव का मजरा गणेशीपुर गांव में मकान की नींव पिलर की खुदाई को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए,, देखते ही देखते कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया,, और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई,इस घटना में दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है, प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी अवधेश पुत्र मनसुख ने साढ़ थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके घर के पीछे स्थित प्लांट से सटे स्थान पर सुरेंद्र नींव की खुदाई कर रहा था,मना करने पर सुरेंद्र गाली गलौज करने लगा,, विरोध करने पर सुरेंद्र के भाई मौजीलाल और रामसुमेर भी आ गए, और मारपीट शुरू कर दी,इस दौरान अवधेश उनकी पत्नी श्रीमती पुत्र



आलोक समेत तीन लोग घायल हो गए, वहीं दूसरे पक्ष से मौजीलाल ने भी थाने में लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया है कि इस पक्ष से मौजीलाल और रामसुमेर घायल बताए जा रहे हैं, साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है, घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है, पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पश्चिम एशिया संकट को लेकर देश में उपजा माहौल पीएम के गैरजिम्मेदाराना बयान की देन- प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने ईंधन आपूर्ति को लेकर देश में बने भ्रमपूर्ण माहौल के लिए प्रधानमंत्री के वक्तव्य को जिम्मेदार करार दिया है। उन्होने कहा कि ईरान तथा इजराइल व अमेरिका युद्ध को लेकर पीएम मोदी ने युद्ध को लम्बा खिंचने का वक्तव्य देकर लोगों के बीच संशय का माहौल बना दिया। उन्होने कहा कि पीएम मोदी ने युद्ध को लेकर कोविड जैसे संकट का सामना करने के लिए देशवासियों को तैयार रहने की बात कहकर भी गैरजिम्मेदाराना वक्तव्य दिया।



उन्होंने कहा कि देश में डीजल व पेट्रोल तथा रसोई गैस के लिए लगने वाली लाईन के लिए प्रधानमंत्री के गैरजिम्मेदाराना वक्तव्य का परिणाम है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हॉर्मुज का भारत के लिए खुलना तत्कालीन प्रधानमंत्री पं0 नेहरू और इन्दिरा गांधी तथा अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में बनाए गए दूरदर्शी रिश्ते का उपलब्धपूर्ण नतीजा है। उन्होने पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के घुसपैठिया से जुड़े बयान को चुनावी राग करार दिया है। उन्होने दावा जताया कि यूपीए के कार्यकाल में एक वर्ष के भीतर जितने घुसपैठिये निकाले गये उतना तो दूर भाजपा के बारह वर्ष के कार्यकाल में कोई घुसपैठिया देश से बाहर नही निकाला जा सका। सांसद प्रमोद तिवारी का बयान रविवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

# ब्राह्मण महामंडल महरौनी ने आयोजित की शोक सभा

### ●दिवंगत आत्मा की शांति के लिए रखा गया दो मिनट का मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** ब्राह्मण समाजोत्थान सेवा संस्थान (रजि.) के तत्वाधान में महरौनी ब्राह्मण महामंडल द्वारा एक शोक सभा का आयोजन संगठन अध्यक्ष पं. राम विलास कटारे की अध्यक्षता में किया गया। शोक सभा में सिंदवाहा निवासी पं. जितेंद्र प्रताप, सत्येंद्र प्रताप भोंडेले के पूज्यनीय पिताजी पं. उमानंद भोंडेले के आकस्मिक निधन पर एवं दिगवार निवासी पं शिव कुमार, कृष्ण कुमार, ऋषि कुमार तिवारी के पूज्यनीय पिताजी पं बद्री प्रसाद तिवारी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।

सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। संगठन के वक्ताओं ने कहा कि उनके निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। वक्ताओं ने उनके समाज सेवा की भावना की सराहना की।

शोक सभा में लालाराम बाजपेई, श्री प्रकाश दीक्षित, बाबूलाल नायक, जगदीश बिरथरे, जगदीश पंडा, कमलेश पंडा, संतोष रावत, रामकुमार नायक दादा, संजय पांडेय, महेश तिवारी, जगदीश पुरोहित, दिनेश विदुआ, पुष्पेंद्र पटेरिया, बृजेश रिछारिया, रामजी दुबे, शैलेन्द्र नायक, सूर्यकांत त्रिपाठी, देवेंद्र तिवारी, संजय भोंडेले, अजय पाण्डेय, अवधेश नायक, आनंद पंडा, शशिकांत कांकर, जितेंद्र पालीवाल, दीपक तिवारी मोना, पियूष शुक्ला, प्रभाकर मिश्रा, निशु दुबे, ऋषि तिवारी सहित अनेक विप्रजन उपस्थित रहे।

## दो अलग-अलग हादसों में चार घायल, विद्युत तार गिरने से किशोरी झुलसी

**तालबेहट** । क्षेत्र में रविवार को अलग-अलग हादसों में कई लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जखौरा मार्ग पर बोलारी के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में राजकुमारी (32) पत्नी देवेंद्र निवासी खंदरी, देवेंद्र (35) निवासी खंदरी, भगवती (35) पत्नी भागचंद्र निवासी देवरी तथा लालाराम (40) पुत्र बालचंद्र निवासी तरगुंवा घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं दूसरी घटना में दुकान पर अचानक विद्युत तार गिरने से नीतू (14) पुत्री करण निवासी सड़करी झुलस गई। परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। बताया गया है कि सभी घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# अधिवक्ताओं को दिया गया एक दिवसीय ई कोर्ट संबंधी कम्प्यूटर प्रशिक्षण




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** निदेशक रेखा अग्निहोत्री (जेटीआरआई) न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान लखनऊ के पत्र संख्या 414 दिनांक 20 मार्च 2026 के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय के आदेशानुसार शनिवार को जनपद के एलएडीसीएस, पैनल एडवोकेट,एमीकस क्यूरी के अधिवक्ताओं को सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार ECT Computer Skill Inhancement Programme के अंतर्गत एक दिवसीय ई कोर्ट संबंधी कम्प्यूटर प्रशिक्षण जनपद न्यायालय सभागार में अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन नोडल अधिकारी के नेतृत्व में दिया गया। इस अवसर पर एलएडीसीएस चीफ महावीर यादव, अभय सिंह, ज्योति शुक्ला, रजनी गुप्ता, एमीकस क्यूरी /पैनल एडवोकेट विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी, मकरन्द शुक्ल, भास्कर पाण्डेय, नुरुल हसन, रामकुमार पाण्डेय, सीएम पाण्डेय आदि अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। सिस्टम ऑफिसर, सिस्टम असिस्टेंट, डीएसए, एसए टीएमपी जीतेन्द्र मिश्रा, नीलेश कुमार मिश्रा ने इस अवसर पर सहयोग किया।

## अधेड़ की मौत को लेकर पोल्ट्री फार्म संचालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** करंट की चपेट में आने से अधेड की मौत को लेकर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के पूरे पाण्डेय राजापुर निवासिनी ज्ञानवती पत्नी स्व0 अर्जुन कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस मार्च की रात उसका पति मृतक अर्जुन कुमार रात में खेत की रखवाली के लिए जा रहा था। वह गांव के वंशीलाल मौर्या के खेत के किनारे मजार के पास पहुंचे थे कि थाना क्षेत्र के टिकुरिया राजापुर निवासी पोल्ट्री फार्म संचालक दिनेश उर्फ पुत्तन पुत्र तेज बहादुर द्वारा लगाए गए झटका तार की चपेट में उसका पति आ गया। करंट की चपेट में आने से उसके पति की मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी दिनेश के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

# कलक्टरगंज क्षेत्र में झूठी पाई गई कथित लूट की सूचना, पुलिस जांच में हुआ खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कलक्टर गंज थाना क्षेत्र में कथित लूट की सूचना थाने में दी गई थी जब पुलिस ने जांच की तो लूट की सूचना झूठी पाई गई। दिनांक 28.03.2026 को थाना कलेक्टरगंज क्षेत्रान्तर्गत एक कथित लूट की सूचना प्राप्त हुई, जिसमें मोहम्मद रेहान (उम्र करीब 16-17 वर्ष) पुत्र मोहम्मद इकबाल, निवासी 71/98/8 सुतरखाना, थाना हरबंशमोहाल, कानपुर नगर, द्वारा बताया गया कि वह जरीब चौकी चौराहा स्थित 'दिल्ली जूस एंड शेक सेंटर' से करीब 45,000 लेकर घर जा रहा था, तभी कोपरगंज चौराहा के पास सिल्वर रंग की ओमनी कार सवार कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके रुपये छीन लिए गए । सूचना पर थाना कलेक्टरगंज पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का अवलोकन एवं स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई । जांच के दौरान किसी प्रकार की लूट की घटना घटित होना प्रमाणित नहीं पाया गया । इसके उपरांत पीड़ित से पुनः विस्तृत पूछताछ की गई, जिसमें उसके द्वारा बताया गया कि घर पर डर के कारण उसने झूठी सूचना दी थी । वास्तव में उसके द्वारा लाए जा रहे रुपये रास्ते में बाइक गिरने के दौरान कहीं गिर गए थे, जिसके कारण परिजनों को गुमराह करते हुए लूट की झूठी सूचना दी गई। उक्त प्रकरण में पीड़ित के पिता द्वारा भी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि उनके पुत्र द्वारा डरवश एवं नादानी में गलत सूचना दी गई थी तथा भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने का आश्वासन दिया गया है। जांच में उक्त लूट की सूचना असत्य एवं निराधार पाई गई है।

# शिव ही कल्याण के मंगलप्रदाता- स्वामी संपूर्णानंद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के घुइसरनाथ रोड पर स्थित राधामोहन मंदिर परिसर में हो रही श्री शिवमहापुराण कथा में रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास प्रयागराज से पधारे स्वामी सम्पूर्णानंद जी महराज ने कहा कि कलिकाल में मात्र शिव का उच्चारण ही कल्याण और मंगलप्रदाता है। उन्होने कहा कि भगवान शिव स्मरण मात्र से प्रसन्न होने वाले महादेव है। स्वामी जी ने बताया कि भगवान शंकर ने समाज को समरसता तथा सद्भावना के मार्ग पर आगे बढ़ने की कृपानुभूति करायी है। उन्होने कहा कि समाज में कटुता तथा भेदभाव व कुरीति का




जीवन में विषपान ही शिव की सच्ची आराधना है। उन्होने बताया कि श्रीशिवमहापुराण में निहित कथाएं जीवन को सदैव नैतिक मार्ग पर प्रशस्त होने की प्रेरणा है। स्वामी सम्पूर्णानंद जी ने कहा कि शिव ही कल्याण है, शिव ही मंगल हैं और शिव ही धर्म की रक्षा के सिरमौर है। कथा के दौरान भगवान शंकर और मां पार्वती की वंदना तथा भगवान श्रीगणेश की स्तुति को सुनकर शिवभक्त आनन्द से ओतप्रोत दिखे। संयोजक समाजसेवी रामलखन जायसवाल व मीरा देवी जायसवाल ने भगवान शंकर की भव्य आरती उतारी। वहीं सह संयोजक विजयनाथ जायसवाल, राजू जायसवाल, दीपक जायसवाल, शिव कुमार जायसवाल ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। धर्मानुरागी धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने संचालन किया। इस मौके पर अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, गीता सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, आदर्श मिश्र, ध्रुव नारायण मिश्र, ओमप्रकाश जायसवाल, डा0 रमाशंकर शुक्ल, छोटेलाल सरोज, रामजी जायसवाल, रामप्रकाश जायसवाल, धीरेन्द्रमणि शुक्ल, राजकुमार मिश्र आदि रहे।

# जिलाधिकारी ने आरोग्य मेले का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर**- जिले में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरानी नौगढ़ तथा नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंदवा बाजार धुसरी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं की स्थिति तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरानी नौगढ़ में जिलाधिकारी ने ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, टीकाकरण कक्ष तथा प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से मरीजों के उपचार, दवाओं की उपलब्धता तथा दैनिक मरीज संख्या के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की



लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने रजिस्टरों का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए। नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरानी नौगढ़ व नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंदवा बाजार में यह पाया गया कि ओपीडी की संख्या बहुत ही काम है इससे यह प्रतीत होता है कि अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का प्रचार प्रसार नहीं किया जा रहा है मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि आशा बहूओं, आंगनबाड़ीको निर्देशित करें कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का प्रचार प्रसार सही से कराया जाए एवं ओपीडी की संख्या कम होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि संबंधित डॉक्टरों का स्पष्टीकरण प्राप्त करें

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंदवा बाजार धुसरी का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के अंतर्गत लगाए गए विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों का अवलोकन किया। मेले में आयुष्मान भारत योजना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, परिवार नियोजन तथा जांच सेवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित लाभार्थियों से बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक भी प्राप्त किया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। निरीक्षण के दौरान डॉ अनूप जायसवाल नौगढ़, डॉ विजय कुमार, अनन्त प्रकाश, रवि प्रकाश सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने विभिन्न समस्याओं के निदान को सौंपे ज्ञापन

### ●बसों एंव लोडर वाहनों के पुनः संचालन की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** नगर में बस संचालन,आवश्यक वस्तुओं के लोडर वाहनों के पुनः संचालन और भारी बड़े वाहनों, डंफरो, खनन वाहनों पर रोक लगाने को लेकर व्यापारिक संगठनों ने एसडीएम को ज्ञापन सौपा। नगर उधोग व्यापार मंडल, सराफा समिति के व्यापारियों व संगठनों ने बड़े बाजार से एकत्रित हो कर सीओ ऑफिस पहुंचे। जहां सीओ के न मिलने पर एसडीएम अभिजीत सिंह से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने प्रशासन को ज्ञापन देते हुए बताया कि लगभग 15 दिन पूर्व प्रशासन के साथ बैठक में अतिक्रमण हटाने, बड़े डम्फर वाहनों, खनन वाहनों, ट्रक के नो एंट्री पर सहमति बनाई गई थी। मगर पुलिस द्वारा यात्री बसों और पिकप लोडर वाहनों को रोका गया और चालान किये गए। जिससे नगर क्षेत्र के आम नागरिकों व्यापारियों को परेशानियां बढ़ गई। व्यापार मंडल ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में यात्री बसों का संचालन पहले की तरह पुनः शुरू कराया जाए तथा आवश्यक खाद्य सामग्री, किराना और अन्य जरूरी वस्तुओं के वाहनों को नगर के अंदर आने की अनुमति दी जाए। साथ ही झाँसी-ललितपुर में कथित बस यूनियन के कर्मियों द्वारा यात्रियों के साथ अभद्रता करने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई, मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने और डंपर व भारी वाहनों पर सख्ती से नो एंट्री लागू करने की भी मांग की गई है। ज्ञापन के दौरान नगर उद्योग व्यापार मंडल, नगर व्यापार मंडल, सराफा समिति, सराफा मंडल एवं नगर के आधा सैकड़ा व्यापारी मौजूद रहे।

**नगर पंचायत में हुई संयुक्त बैठक**

तालबेट नगर पंचायत सभागार में नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार, पार्षदों एवं व्यापारियों की एक संयुक्त बैठक आयोजित हुई। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों ने नगर क्षेत्र सीमा में बसों एवं लीडर वाहनों की पुनः संचालन का प्रस्ताव पास किया। इसके बाद जिलाधिकारी,, पुलिस कप्तान समेत तहसील प्रशासन के अफसरों को पत्र भेजकर तत्काल यात्री बसों के पुनः संचालन की मांग की।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल, पैर में फ्रैक्चर

**ललितपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कटरा बाजार निवासी सुरेश सराफ ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके भाई वीरेन्द्र जैन 18 मार्च 2026 की रात करीब 10.20 बजे घंटाघर स्थित अपनी दुकान पर थे। इसी दौरान एक अज्ञात चार पहिया वाहन चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वीरेन्द्र जैन गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 और 125(बी) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही है।

# सिमरधा में खूनी संघर्ष, खेत पर मजदूरी और थ्रेसिंग को लेकर दो गुट भिड़े, महिला-बच्चों समेत कई घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना पाली के ग्राम सिमरधा में शनिवार को खेत पर काम करने और थ्रेसिंग की बात को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी चले। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस-एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रथम पक्ष की सीमा देवी पत्नी दुष्यंत सिंह का आरोप है कि शनिवार सुबह उनके खेत पर काम करने वाले मजदूर राजेश को गांव के ही अभिमन्यु, बृजेश और निहाल ने काम पर आने से मना कर दिया। जब सीमा देवी ने इसका विरोध किया, तो तीनों आरोपी उनके घर में घुस आए और उनकी 16 वर्षीय बेटी मीनाक्षी, पति दुष्यंत और अन्य बच्चों (मोहिनी व वीर प्रताप) के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोप है कि जब बेटी मोहिनी घटना का वीडियो बनाने लगी, तो निहाल ने उसका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। वहीं, दूसरे पक्ष के बृजेश कुमार पुत्र श्री नारायन सिंह का कहना है कि वह सुबह करीब 10 बजे थ्रेसिंग के काम के सिलसिले में एक ग्रामीण से बात कर रहे थे, तभी दुष्यंत उर्फ मुकेश ने आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। बृजेश का आरोप है कि दुष्यंत की पत्नी सीमा देवी, पुत्र वीर प्रताप और बेटियाँ मोहिनी व मीनाक्षी लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लेकर आ गए और हमला बोल दिया। इस हमले में निहाल के पैर में कुल्हाड़ी लगने से और अभिमन्यु के सिर में लाठी लगने से गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित का यह भी आरोप है कि दुष्यंत ने अपने नाबालिग बेटे से उन्हें गोली मरवाने की धमकी दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### अलीगढ़ में पथरी के ऑपरेशन से पहले ही मरीज की अस्पताल में मौत, हत्या का आरोप लगाकर परिजनों ने किया हंगामा



**अलीगढ़।** हंसते-मुस्कराते हुए पथरी का ऑपरेशन कराने के लिए ऑपरेशन थिएटर में गई शिक्षिका शाइस्ता जिंदा नहीं लौट सकीं। ऑपरेशन करने वाली टीम में भगदड़ मचने पर तीमारदारों ने उनका हाल जाना तो बताया गया कि मरीज को हार्ट अटैक आ गया है। इसके कुछ देर बाद ही डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। मरीज की मृत्यु से गुस्साए स्वजन ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। स्वजन का आरोप है कि अधिक एनेस्थीसिया देने से मरीज की हालत बिगड़ी। स्वजन की तहरीर पर क्वार्सी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जिसमें मौत का कारण बीपी कम होने और आर्ट अटैक से कारण बताया गया है। बिसरा भी प्रिजर्व किया है। ऊपर कोट निवासी शाइस्ता इश्ताक अलीगढ़ पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी की शिक्षिका थीं। काफी दिनों से वह पित्ताशय में पथरी की समस्या से ग्रसित थीं। स्वजन के अनुसार जेएन मेडिकल कॉलेज के पूर्व सीएमओ डॉ. अमजद अली रिजवी के धौर्रा स्थित एसआइजी हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने ऑपरेशन की सलाह दी। रविवार को सुबह साढ़े नौ बजे मरीज को ऑपरेशन के लिए बुलाया गया। 11 बजे ऑपरेशन थिएटर में मरीज को ले जाया गया। जेएन मेडिकल कॉलेज के ही डॉ. सरफराज को एनेस्थीसिया देने के लिए बुलाया गया। एनेस्थीसिया देने के बाद ही मरीज की तबीयत बिगड़ गई। कुछ देर बाद उनकी मृत्यु हो गई। इससे गुस्साए लोगों ने हॉस्पिटल में हंगामा किया। पुलिस को भी फोन करके बुला लिया गया। स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। सीओ सिविल लाइन सर्वम सिंह के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मृत्यु होना बताया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

### किसान के बेटे ने किया कमाल, अंतरिक्ष की ऊंचाइयों को छूकर रचा इतिहास



**किसान पुत्र सचिन शर्मा ने रॉकेट प्रक्षेपण में निभाई मुख्य भूमिका।**

**गुजरात का पहला साउंडिंग रॉकेट स्वदेशी तकनीक से निर्मित।**

**अब रीयूजेबल सैटेलाइट लॉन्चर 'इनफिनिटी वन' पर कार्य जारी।**

**अलीगढ़।** गभाना के एक छोटे से गांव की मेधा ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अपनी चमक बिखेरते हुए जनपद का नाम रोशन किया है। नगला राजू निवासी एक किसान के बेटे ने अपनी तकनीकी कुशलता का लोहा मनवाते हुए गुजरात के पहले 'साउंडिंग रॉकेट' के सफल प्रक्षेपण में निर्णायक भूमिका निभाई है। 15 मार्च को जब यह रॉकेट धोलेरा के आसमान को चीरते हुए खंभात की खाड़ी के ऊपर पहुंचा, तो भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया।

**तीन साल की तपस्या और स्वदेशी तकनीक**

नगला राजू निवासी किसान भोलाशंकर शर्मा के ज्येष्ठ पुत्र सचिन शर्मा अपने सहयोगी योगेश शर्मा के साथ अहमदाबाद के सानंद में कृष्णा इंजीनियरिंग नाम से संस्थान संचालित करते हैं। सचिन ने ओमस्पेस के सीईओ डॉ. रविंद्र राज के विजन को धरातल पर उतारने के लिए सिंगल-स्टेज सब-आर्बिटल साउंडिंग रॉकेट के निर्माण का बीड़ा उठाया। टीम के साथ मिलकर रॉकेट के इंजीनियरिंग फैब्रिकेशन, मॉडल मेकिंग और टेक्निकल असेंबली की जिम्मेदारी संभाली। करीब तीन साल के कड़े परिश्रम और अत्याधुनिक कार्बन फाइबर एयरफ्रेम के उपयोग से इस स्वदेशी रॉकेट को तैयार किया गया।

**धोलेरा के तट पर गूंजा भारत का शंखनाद**

सुरक्षा एवं लाजिस्टिक के लिए भारतीय तटरक्षक बल और विमानपत्तन प्राधिकरण से अनुमति के बाद 15 मार्च को धोलेरा के बावलियारी गांव से इसे लान्च किया गया। गुजरात के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अर्जुन मोढवाडिया की उपस्थिति में रॉकेट ने सफलतापूर्वक तीन किलोमीटर की लक्षित ऊंचाई प्राप्त की। सचिन के मुताबिक यह रॉकेट हल्का होने के साथ अत्यंत सुदृढ़ है, जो आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को पुष्ट करता है।

# रामकृष्णनगर में बदलाव की दस्तक! उपेक्षा के खिलाफ युवा उत्तम दास की राजनीतिक शुरुआत- एक ऐतिहासिक चुनौती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः** लंबे समय से चली आ रही उपेक्षा, वंचना और खामोशी के खिलाफ अब सीधे संघर्ष का आह्वान किया गया है। श्रीभूमि जिले के सोनबिल के पास स्थित नागेंद्रनगर के एक संघर्षशील युवा उत्तम दास ने अपनी राजनीतिक यात्रा की घोषणा की है, जिसने रामकृष्णनगर समेत पूरे क्षेत्र में जोरदार हलचल पैदा कर दी है। साधारण परिवार में जन्मे, लेकिन असाधारण दृढ़ संकल्प के साथ उन्होंने बचपन से ही कड़ी मेहनत और संघर्ष के जरिए खुद को गढ़ा है। जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय, हरिनगर से अपनी शिक्षा की शुरुआत कर उन्होंने सिलचर पॉलिटेक्निक से इंजीनियरिंग डिप्लोमा हासिल किया। शिक्षा और जीवन के अनुभव ने उन्हें सिखाया है अगर बदलाव चाहिए, तो मैदान में उतरना ही होगा। 2026 के विधानसभा चुनाव में बिना किसी बड़े राजनीतिक सहारे या आर्थिक ताकत के उतरने का ऐलान उन्होंने किया है। उनका सबसे बड़ा बल है आत्मविश्वास, साहस और समाज के प्रति गहरी जिम्मेदारी। इस घोषणा के बाद एक बड़ा सवाल सामने आया है क्या एक सामान्य युवा वर्षों पुरानी राजनीतिक परंपराओं को चुनौती दे पाएगा? योग्यता होने के बावजूद एक खास समाज को बार-बार नजरअंदाज किए जाने का मुद्दा अब तेज हो गया है। बड़े राजनीतिक दलों पर पक्षपात के आरोप लग रहे हैं। एक ही चेहरे की बार-बार पुनरावृत्ति के बीच कौइबर्त समाज का प्रतिनिधित्व लगभग न के बराबर है। उत्तम दास इस असमानता को आत्मसम्मान की लड़ाई मानते हैं।

उनका स्पष्ट कहना है 'यह सिर्फ एक चुनाव नहीं है, यह हमारे अस्तित्व का सवाल है।' उन्होंने समाज में फैली एक और बड़ी समस्या डर की संस्कृति की ओर भी ध्यान दिलाया है। आज लोग सच बोलने से डरते हैं, अन्याय के खिलाफ खड़े होने से डरते हैं, यहां तक कि अपने अधिकारों की मांग करने से भी पीछे हट जाते हैं।उनका आह्वान है 'डर को जीतने मत दीजिए। एकजुट होकर खड़े हों बदलाव जरूर आएगा।' वह खोखले वादों की राजनीति नहीं, बल्कि जमीनी संघर्ष में विश्वास रखते



हैं। उन्हें पता है कि सभी समस्याओं का समाधान एक दिन में संभव नहीं है, लेकिन उन्होंने लोगों की आवाज बनकर अन्याय के खिलाफ लगातार लड़ने का संकल्प लिया है। आज यह संघर्ष सिर्फ एक चुनावी लड़ाई नहीं है यह एक उपेक्षित समाज की आत्मपहचान वापस पाने का आंदोलन है, जो धीरे-धीरे एक बड़े और निर्णायक बदलाव की दिशा में बढ़ रहा है। जनता के साथ, जनकल्याण के मार्ग पर इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं उत्तम दास। अब देखना यह है कि जनता किस पर अपना भरोसा जताती है।

## अलीगढ़ के टीकाराम कॉलेज में चपरासी की हत्या, एक लाख के लेनदेन में वारदात



**अलीगढ़।** टीकाराम डिग्री कॉलेज परिसर में रविवार को चपरासी की ईट से हमला कर हत्या कर दी। शिनाख्त छिपाने के लिए शव को जलाने का भी प्रयास किया। हत्या के पीछे एक लाख रुपये का लेनदेन बताया जा रहा है। पुलिस ने साइकिल स्टैंड संचालक को हिरासत में ले लिया है। किशनपुर निवासी 42 वर्षीय धर्मेंद्र टीकराम डिग्री कॉलेज में चपरासी थे। रात से वह लापता थे। स्वजन उन्हें तलाशने लगे थे। सुबह वह छह बजे ड्यूटी पर कॉलेज पहुंचे। इसके बाद वह कॉलेज में नजर नहीं आए। कॉलेज के अन्य स्टाफ ने उन्हें तलाश लेकिन कहीं नहीं नजर आए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की। रविवार दोपहर में उनका शव कॉलेज परिसर में मिला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, धर्मेंद्र सुबह सवा छह बजे अपनी ड्यूटी पर पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे से आए हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और उन पर हमला किया। शव को जलाने का भी प्रयास किया। सीओ सिविल लाइन सर्वम सिंह के अनुसार, धर्मेंद्र के साइकिल स्टैंड संचालक पर एक लाख रुपये उधार थे। रुपये मांगने पर उनकी हत्या कर दी। स्टैंड संचालक को हिरासत में ले लिया है।

# दल्ली में नकली ब्रांड का खेल, उत्तम नगर में छापेमारी; हार्पिक ब्रांड की फर्जी बोतलें बरामद

● उत्तम नगर में नकली हार्पिक ट्वायलेट क्लीनर का भंडाफोड़।

● पुलिस ने दुकान से 29 फर्जी हार्पिक बोतलें जब्त कीं।

● दुकान संचालक अशोक कुमार पर कॉपीराइट उल्लंघन का केस।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पश्चिमी दिल्ली।** द्वारका जिला पुलिस की डीआईयू टीम ने कॉपीराइट उल्लंघन के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तम नगर इलाके में नकली उत्पादों के धंधे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने बिंदापुर रोड स्थित अनूप नगर की एक दुकान पर छापेमारी कर नामी कंपनी के ब्रांड की नकली हार्पिक ट्वायलेट क्लीनर लेबल लगे 29 बोतलें बरामद की हैं। इस मामले में दुकान संचालक अशोक कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, रेकिट बेंकिसर (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि निश्चय जैन ने शिकायत दी थी कि बाजार में कंपनी के उत्पादों की नकली




पैकेजिंग कर उन्हें बेचा जा रहा है, जिससे कॉपीराइट का उल्लंघन हो रहा है। शिकायत के आधार पर एसीपी डीआईयू के निर्देशन में एसआई विकास कुमार की टीम ने 25 मार्च की शाम छापेमारी की।

**पुलिस ने बरामद माल को जब्त कर सील कर लिया**

मौके पर दुकान संचालक अशोक कुमार मौजूद मिला, जिसे जांच के दौरान आरोपों से अवगत कराया गया। तलाशी के दौरान दुकान से 600 एमएल की 29 संदिग्ध बोतलें बरामद हुईं, जिन्हें प्रथम दृष्टया नकली पाया गया। पुलिस ने बरामद माल को जब्त कर सील कर लिया है।

आरोपी के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट की धारा 63 के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी नकली सामान कहां से मंगाता था और इस पूरे नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल हैं।

## अरुणाचल हाईवे मुआवजा घोटालाः ED की बड़ी कार्रवाई, 2.37 करोड़ की संपत्ति अटैच

● प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ट्रांस-अरुणाचल हाईवे जमीन मुआवजा घोटाले में 2.37 करोड़ की संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं. यह कार्रवाई PMLA कानून के तहत हुई है. ED के अनुसार ये संपत्तियां सरकारी मुआवजे के पैसों की हेराफेरी से बनाई गई थीं जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ईटानगर यूनिट ने ट्रांस-अरुणाचल हाईवे (टीए एच) जमीन मुआवजा घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है. ईडी नेकरीब 2.37 करोड़ रुपये की संपत्तियां अस्थायी रूप से अटैच (जब्त) कर ली हैं. यह कार्रवाई 23 मार्च 2026 को PMLA कानून के तहत की गई. ईडी का कहना है कि ये संपत्तियां सरकारी मुआवजे के पैसों की हेराफेरी से बनाई गई हैं।

ईडी के मुताबिक, अटैच की गई संपत्तियों में कुरुंग कुमेय जिले के डोलो गांव में करीब 47,350 वर्ग मीटर जमीन (तादर बाबिन के नाम) और कीई पन्योर जिले के याचुली इलाके में स्थित एक पारंपरिक मकान (लिखा माज के नाम) शामिल है. जांच एजेंसी का कहना है कि ये संपत्तियां सरकारी मुआवजे के पैसों की हेराफेरी से बनाई गई.

**सरकारी खजाने को भारी नुकसान**

यह घोटाला ट्रांस-अरुणाचल हाईवे के पोटिन-बोपी स्ट्रेच के लिए जमीन अधिग्रहण के दौरान हुआ. ईडी की जांच में सामने आया कि असली मुआवजे से कहीं ज्यादा रकम बांट दी गई. फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार, करीब 44.98 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया गया, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ।

**कई बड़े अधिकारियों और निजी लोगों की भूमिका**

इसके साथ ही जांच में कई बड़े अधिकारियों और निजी लोगों की भूमिका सामने आई है. इसमें उस समय के डिप्टी कमिश्नर केमो लोल्लेन, जिला भूमि राजस्व अधिकारी भारत लिंगु, जूनियर इंजीनियर टोको ताजे और कबाक भट्ट जैसे नाम शामिल हैं. आरोप है कि इन्होंने मिलकर फर्जी कागजात बनाए, मुआवजे की रकम बढ़ाकर दिखाई और गलत लोगों के नाम पर पैसे जारी किए. वहीं, लिखा माज और तादर बाबिन को भी फर्जी तरीके से मुआवजा पाने वाला बताया गया है. ईडी का कहना है कि इन लोगों ने पैसे निकालकर उसे अलग-अलग जगहों पर घुमाया, ताकि काले धन को साफ दिखाया जा सके।

**6 फरवरी को कई जगहों पर छापेमारी**

ईडी इससे पहले 6 फरवरी 2026 को कई जगहों पर छापेमारी कर चुकी है. इस दौरान लिखा माज के पास से 2.40 करोड़ रुपए नकद और तादर बाबिन के पास से 22 लाख रुपए बरामद हुए थे. इसके अलावा करीब 1.19 करोड़ रुपये बैंक खातों में फ्रीज किए गए थे.अब तक इस मामले में ईडी कुल मिलाकर करीब 10.13 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति को अटैच, जब्त या फ्रीज कर चुकी है. ईडी ने पहले 2024 में इस मामले में एक आरोपपत्र भी दाखिल किया था, जिस पर कोर्ट संज्ञान ले चुका है. अब नई जांच में और लोगों की भूमिका सामने आ रही है. एजेंसी का कहना है कि आगे भी इस मामले में और खुलासे हो सकते हैं।

# आजमगढ़ हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आजमगढ़ हरबंशपुर** स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का आयोजन किया गया। आजमगढ़ कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के सम्मुख विद्यालय के प्रबंधक महोदय द्वारा दीप प्रज्वलन से प्रारम्भ हुआ। इसी क्रम में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर विद्यालय की निदेशिका महोदया के द्वारा माल्यार्पण किया गया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा पुष्प अर्पित किया गया। साथ ही साथ विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुति की गई। इसके बाद विद्यालय की प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती कंचन यादव जी ने छात्र एवं छात्राओं को जिन्होंने अपनी कक्षाओं के वर्ग में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किये, उन्हें मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। पुरस्कृत किये गये छात्र/छात्राओं के अभिभवाकों को भी मंच पर बुला कर सम्मानित किया गया।



**कक्षा वर्गवार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र निम्नलिखित है-**

कक्षा नर्सरी अनन्या यादव, दित्या रावत, अर्थव कक्षा-एल0के0जी- नविष्का, देवांशी सिंह यादव, अदिति यादव कक्षा-यू0के0जी आद्वित पांडेय, आरवी, जेयाना खान, नित्या प्रजापति, आर्यन पनिका, रिषभजायसवाल, प्रांजल कक्षा-एक तान्या यादव, आदिश्री यादव, गरिमा यादव, आराध्या, हर्ष बौद्ध, आर्यावीर, कक्षा-दो आराध्या सिंह, आर्यन यादव, समरीद्धी चौबे, शास्वत गौरव मौर्या, खान बरिरा, रिषि यादव, वेदिका अग्रवाल, आरिज, कृष्ण कुमार यादव, रिषभ यादव, योगिता अग्रवाल, कक्षा तीन रिया प्रकाश, आर्या यादव आर्यन यादव, श्रेया श्रीवास्ताव, अभिनिता, आर्यन मौर्या, रूद्राक्षी द्विवेदी, शिप्रा, संयम यादव, आद्विका सिंह, कक्षा-चार आस्था पांडेय, सृष्टि यादव, प्रगति यादव, आस्थे दूबे, वैदता शालिनी, सृष्टि यादव, आरूष यादव, रूद्रांश चौहान, शिवांश यादव, कक्षा पाँच परिधि, दिव्यांश राय, पीहू पांडेय, आयूषी मौर्या, शिवांगी यादव, हर्ष प्रकाश यादव, प्रतिक्षा यादव, वर्तिका चौहान, अर्पना मौर्या, नन्दीनी चौहान, अर्नी पटेल, खूशी सिंह यादव, सूर्याश कक्षा-छः आद्या बरनवाल, आराध्या मौर्या, साक्षी मौर्या, अनन्या यादव, आराध्या यादव, टिया प्रकाश, आदर्शनी यादव, दिपांकर तिवारी, संघप्रिय गौतम, प्रभात यादव, प्रत्युष यादव, नवीश यादव, अभिनव यादव कक्षा-सात विधि गौतम, दिक्षा चौरसिया, शालू यादव, दिव्या यादव आकांक्षा यादव, आराध्या सिंह, देव दिव्यांश यादव, नैतिक राव, अंश यादव, देवांश गिरी, प्रखर यादव, अजिंक्य यदुवंशी कक्षा आठ सलोनी यादव, अन्नु यादव, साक्षी यादव, दिसी चौहान, श्रृष्टि पांडेय, आयुषी यादव, आराध्या यादव, आदित्य यादव, अकृष्ट सिंह यादव, अक्क्षज बरनवाल, प्रज्जवल चौहान, प्रशांत यादव, कुशाग्र राय, पुष्कर कुमार चौबे, अभिनय यादव, अंतरिक्ष मौर्या, प्रतिक सिंह, कक्षा नौ अनुष्का यादव, आयुषी यादव, वर्तिका यादव, कृतिका यादव, श्रेष्टा तिवारी, अंशिका यादव, साक्षी यादव, आयुषी यादव, पलक यादव, हरिओम यादव, कार्तिकेय यादव, कार्तिकेय सिंह, आदित्य कुमार यादव, आदित्य यादव, अंश यादव, मंयक यादव, हर्षित यादव, अर्पित यादव, विजय शंकर यादव, आयूष सिंह, श्रेयांश शर्मा, आलोक यादव।

कक्षा ग्यारह वंशिका राव, आयुषी मौर्या, श्रेया सिंह, तेजस वर्मा, राज सिंह दूर्गेश राय, वैभवी यादव, अंशिका राय, वैष्णवी सिंह, विमलेश यादव, आदित्य मौया, पुष्कर गुप्ता, मानवी मोदनवाल, अर्पित यादव, हर्षित यादव, महताब अहमद, उज्जवल शुक्ला, सत्यम यादव, नेहा यादव, आकांशु यादव, साक्षी यादव इसी क्रम में सर्वोदय पब्लिक इण्टर कालेज में कक्षा वर्ग वार छात्र निम्नलिखित हैं- कक्षा-छः अर्पित मौर्या, श्रेया यादव, अनमोल यादव, कक्षा-सात अनुज यादव, उज्जवल यादव, दिव्यांश पांडेय, कक्षा-आठ अरूषि यादव, श्रेया यादव, अंशू यादव, कक्षा नौ दिव्या यादव, प्रिया यादव, साक्षी यादव कक्षा ग्यारह हेमंत गौतम, प्रज्ञांश मिश्रा, हेमंत यादव, ऐंजिला बेन, दिपांशी यादव, अंशिका यादव।

विद्यालय के प्रबन्धक श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव जी ने कहा कि ये बच्चे देश के भविष्य हैं। बच्चों का पढ़ाई की तरफ रूझान व परिश्रम जो उन्होंने पूरे वर्ष भर किया उसका परिणाम आज उन्हें मिला है। प्रबंधक जी ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक जी ने वार्षिक परिणाम के अवसर पर कहा की कक्षा 9 से 12 में पढ़ रहे बच्चों के लिए नीट और जेई की फाउन्डेशन कक्षाएँ भी इस वर्ष से शुरू की जा रही है जिससे बच्चे अपने जनपद में रहकर ही कम्पटीशन की पढाई भी पूरी कर सकते हैं। विद्यालय के उपप्रधानाचार्य श्री संजय कुमार विश्वकर्मा ने भी बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हे बधाई देते हुये उचित मार्ग दर्शन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही अनुशाशित जीवन का संदेश भी दिया। इस अवसर पर समस्त अध्यापकगण एवं अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

# नोएडा एयरपोर्ट पर विश्वस्तरीय सुरक्षा का इंतजाम, भारत निर्मित मिनी रोबोट और 360 डिग्री AI कैमरे से होगी निगरानी

● भारत निर्मित एमआरओवी रोबोटिक सिस्टम बम निष्क्रिय करेगा।

● रनवे पर हाई-रेजोल्यूशन और 360 डिग्री एआई कैमरे।

● सी आई एस एफ ने संभाली सुरक्षा, क्यूआरटी को बख्तरबंद वाहन।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जेवर। नोएडा** इंटरनेशनल एयरपोर्ट लोकार्पण के बाद यापल संचालन की तैयारियों में जुटा है। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एयपोर्ट पर विश्वस्तरीय सुरक्षा देने के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। रनवे पर निगरानी के लिए हाई रेजोल्यूशन कैमरे लगाए गए हैं। भारत में निर्मित अत्याधुनिक मिनी रिमोटली आपरेटेड व्हीकल (एमआरओवी) रोबोटिक सिस्टम बेहद जोखिम वाले बम का पता लगाने और निष्क्रिय करने के लिए सीआईएसएफ की क्विक रिएक्शन टीम को सौंपा जा चुका है।

**वायरलेस सिस्टम से करेंगे ऑपरेट**

एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. ने सिक्योरिटी डिफेंस सिस्टम द्वारा विकसित मिनी रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल को तैनात दी है। भारत में निर्मित अत्याधुनिक एमआरओवी रोबोटिक सिस्टम बेहद जोखिम वाले बम का पता लगाने और निष्क्रिय करने के लिए तैयार किया गया है। इस दूर बैठकर वायरलेस सिस्टम से ऑपरेट किया जाता है। एमआरओवी में लगे सेंसर संदिग्ध वस्तु या बम का पता लगाकर बहुत कम समय में सुरक्षित स्थान पर ले जाकर बम आदि को निष्क्रिय करने की क्षमता है।

**अलग से एआई कैमरे लगाए गए**

इस सिस्टम से एयरपोर्ट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को सुरक्षित रखते हुए तेजी से सटीक और जीवन रक्षक आपरेशन को आपातकाल में पूरा किया जा सकता है। 4200 मीटर लंबे रनवे की निगरानी के लिए प्रत्येक 50 मीटर पर हाई रेजोल्यूशन एआई कैमरे लगाए गए है। साथ ही, प्रत्येक 100 मीटर पर 360 डिग्री नजर रखने के लिए भी अलग से एआई कैमरे लगाए गए हैं।

**सीआईएसएफ ने संभाली एयरपोर्ट की सुरक्षा**

एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से 1030 सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) जवानों की तैनाती के लिए स्वीकृत दी गई थी। जिसके बाद सीआईएसएफ ने एयरपोर्ट की सुरक्षा को संभाल लिया है। उत्तर प्रदेश पुलिस की तरफ से एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए घरेलू और अंतराष्ट्रीय यात्रियों के लिए दो पुलिस थानों में विशेष प्रशिक्षण पुलिसकर्मीयों की तैनाती की जा रही है। साथ ही यापल के निजी सुरक्षा कर्मी भी एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात रहेंगे।

**क्यूआरटी बख्तरबंद गाड़ी से होगी लैस**

सीआईएसएफ जवानों की तैनाती के साथ ही क्विक रिएक्शन टीम को आतंकी हमले जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए बख्तरबंद एसयूवी दो वाहन को सौंपे गए हैं। ये बख्तरबंद वाहन बी-6 स्तर की बैलिस्टिक सुरक्षा के लिए 270 डिग्री रेंज के साथ गन बुर्ज पर मशीनगन और मल्टी लेयर्ड बुलेटप्रूफ ग्लास से लैस जो सुरक्षा कर्मियों को भी ग्रेनेड और माइंस के हमले से बचाने वाली बख्तरबंद गाड़ी की तैनाती की गई है।

# दिल्ली में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर खूनी झड़प, चचेरे भाई ने महिला शिक्षिका पर लोहे की सरिये से किया हमला

● शिक्षिका पर चचेरे भाई ने सरिये से हमला किया।

● नजफगढ़ में संपत्ति विवाद के कारण हुई घटना।

● पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पश्चिमी दिल्ली।** नजफगढ़ इलाके में प्रापर्टी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां एक महिला शिक्षिका पर उसके ही चचेरे भाई ने लोहे की सरिये से हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

बाबा हरिदास नगर थाना पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर 26 मार्च को आरोपित भाई के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, 37 वर्षीय ज्योति साई बाबा एन्क्लेव, नजफगढ़ में परिवार के साथ रहती हैं और



दिचाऊ कलां के एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका हैं।

**संदिग्ध गतिविधि और ताला तोड़ने की आवाज सुनाई दी**

उन्होंने पुलिस को बताया कि 18 मार्च की रात करीब 9:40 बजे उन्हें अपने दिचाऊ कलां स्थित प्लाट में लगे सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध गतिविधि और ताला तोड़ने की आवाज सुनाई दी। इस पर वह तुरंत मौके पर पहुंचीं। वहां पहुंचने पर उन्होंने अपने चचेरे भाई जसवंत और उसकी पत्नी को प्लॉट के अंदर पाया। आरोप है कि प्रॉपर्टी को लेकर पहले से चल रहे विवाद के बीच जब ज्योति ने इसका विरोध किया तो जसवंत ने लोहे की सरिये से उन पर हमला कर दिया। बचाव के दौरान आरोपितों ने उन्हें पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और बेरहमी से मारपीट की, जिससे उनके कंधे और छाती पर गंभीर चोटें आईं।

**पति और बच्चों को जान से मारने की धमकी भी दी**

पीड़िता के अनुसार, आरोपितों ने उन्हें, उनके पति और बच्चों को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के दौरान उन्होंने 112 नंबर पर काल कर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने घटनास्थल से लोहे की सरिये बरामद कर ली है। साथ ही, पीड़िता द्वारा बताए गए सीसीटीवी फुटेज को भी जांच में शामिल किया जाएगा।अस्पताल से लौटने के बाद 26 मार्च को पीड़िता ने अपना बयान दर्ज कराया, जिसके आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## ससुराल गए CRPF जवान के बंद मकान में लाखों की चोरी, डीवीआर भी ले गए शातिर चोर

**अलीगढ़।** इगलास के समीप मथुरा मार्ग पर रोशन पुष्पधाम कालोनी में चोरों ने दिल्ली के डीजी कार्यालय में तैनात सीआरपीएफ जवान के बंद मकान को निशाना बनाया। शनिवार की रात चोरों ने ताला तोड़कर घर में रखी नकदी और करीब 10 से 15 लाख रुपये के जेवरात पार कर दिए। शातिर चोर साक्ष्य मिटाने के लिए सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी अपने साथ ले गए।

**यह है पूरा मामला** मूल रूप से गांव महदौरा निवासी पंकज भदौरिया पुत्र अशोक कुमार सीआरपीएफ के डीजी कार्यालय दिल्ली में कार्यरत हैं। उन्होंने हाल ही में एक नई गाड़ी खरीदी थी। शनिवार को वह अपने परिवार के साथ गाड़ी का पूजन कराने के लिए ससुराल हाथरस के थाना मुरसान के गांव लुहेटा गए थे और रात में वहीं रुक गए। घर पूरी तरह बंद था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने धावा बोल दिया। रविवार की सुबह दूधिया दूध देने पहुंचा और मकान का ताला टूटा देखा, तो उसने तत्काल पंकज को सूचना दी। सूचना मिलते ही जब वह घर पहुंचे तो वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए। कमरों की अलमारियां टूटी पड़ी थीं और सारा सामान अस्त-व्यस्त फैला हुआ था। पीड़ित के अनुसार चोर करीब 90 हजार रुपये और 10-15 लाख रुपये की ज्वेलरी ले गए हैं। चौंकाने वाली बात यह रही कि चोरों ने पहचान छिपाने के लिए घर में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी चोरी कर लिया। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।